gradeup
Prep Smart. Score Better.

मासिक करंट अफेयर्स पीसीएस परीक्षाओं के लिए (वन लाइनर आधारित)

जुलाई 2019

www.gradeup.co

मंथली करंट अफेयर्स
जुलाई-2019

प्रिय पाठकों,
यह मंथली डाइजेस्ट अपडेट "**जुलाई - 2019**" में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। इस फ़ाइल State PCS और आगामी सरकारी **परीक्षा** के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

1. कर्नाटक बैंक लिमिटेड के MD और CEO **एम.एस. महाबलेश्वर** ने बैंक की NPA उगाही प्रक्रिया को डिजिटल बनाने के लिए वेब टूल '**Vasool So-Ft**' लॉन्च किया।
   नोट: यह टूल उगाही के क्षेत्र में आसान एवं तेज प्रसंस्करण, समयोचित जानकारी और तत्काल निर्णय लेने में सक्षम बनाएगा। बैंक ने उगाही प्रबंधन के लिए टूल विकसित करने हेतु एक स्थानीय आईटी स्टार्ट-अप के साथ हाथ मिलाया है।
2. **पंजाब एंड सिंध बैंक ने** नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में ऋण सुविधाओं के लिए **केंद्रीकृत MSME और खुदरा समूह (CEN-MARG)** की स्थापना की।
   नोट: यह शाखाओं को **खुदरा और MSME ऋण** उपलब्ध कराने और ग्राहक सेवा बढ़ाने पर बेहतर रूप से ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा। CEN-MARG को चरणबद्ध तरीके से अखिल-भारतीय शाखाओं के साथ जोड़ा जाएगा। अब, सभी **MSME और खुदरा ऋण की मंजूरी इस केंद्रीकृत व्यवस्था** में की जाएंगी। बैंक इस पहल के माध्यम से **ग्राहक संतुष्टि** को बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।
3. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) **ने RTGS और NEFT** प्रणालियों के माध्यम से **निधि हस्तांतरण** पर कोई शुल्क नहीं लगाने का फैसला किया।
   नोट: RBI ने बैंकों से आज ही के दिन से मिलने वाले लाभों को ग्राहकों तक पहुंचाने को कहा है। लेनदेन के शुल्क में दो घटक -RBI का शुल्क और बैंक का सेवा शुल्क होते हैं जो उनके द्वारा वहन की जाने वाली मूलभूत लागत पर आधारित होते हैं। रियल-टाइम ग्रॉस सेटलमेंट सिस्टम बड़ी धनराशि के तात्कालिक हस्तांतरण के लिए है, जबकि नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर सिस्टम का उपयोग 2 लाख रुपये तक के निधि हस्तांतरण के लिए किया जाता है।
4. सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, **माल एवं सेवा कर** (GST) संग्रह जून, 2019 में **1 लाख करोड़ रुपये** के आंकड़े को पार करने से रह गया।
   नोट: जून, 2019 में संग्रहित कुल सकल **GST राजस्व 99,939** करोड़ रुपये है। CGST (अंतरा-राज्य बिक्री पर केंद्र सरकार द्वारा संग्रहित) **18,366 करोड़ रुपये** है। SGST (अंतरा-राज्य बिक्री पर राज्य सरकार द्वारा संग्रहित) **25,343 करोड़ रुपये** है। IGST (अंतर्राज्यीय बिक्री के लिए केंद्र सरकार द्वारा संग्रहित) **47,772 करोड़ रुपये** है। उपकर (उपकर को आमतौर पर कर के ऊपर कर के रूप में जाना जाता है) **8,457 करोड़ रुपये** है। मई के महीने में 30 जून तक दाखिल किए गए GSTR 3B रिटर्न की कुल संख्या **38 लाख रुपये** है।
5. **भारतीय रिजर्व बैंक** ने कोर निवेश कंपनियों के लिए नियामक एवं पर्यवेक्षी ढांचे की समीक्षा हेतु **तपन रे** की अध्यक्षता में छह सदस्यों के एक **कार्य समूह** का गठन किया।
   नोट: श्री तपन रे **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया** के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष और भारत सरकार के **कॉर्पोरेट मामलों** के मंत्रालय के पूर्व सचिव हैं। समिति CIC के लिए **कॉर्पोरेट शासन** और **प्रकाशन** आवश्यकताओं को मजबूत करने के उपाय सुझाएगी, **CIC द्वारा प्रस्तुत पर्यवेक्षी रिटर्न की पर्याप्तता** का आकलन करेगी और CIC की

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

बेहतरी के लिए इसमें और अन्य कई चीजों में बदलावों का सुझाव देगी।

6. केंद्रीय वित्त मंत्री **सुश्री निर्मला सीतारमण** ने लोकसभा में वर्ष 2019-20 का पहला केंद्रीय बजट पेश किया।
नोट: नरेंद्र मोदी सरकार का दूसरे कार्यकाल में यह पहला बजट है। केंद्रीय बजट केंद्र सरकार के बीते वर्ष के राजस्व और व्यय तथा आगामी वित्तीय वर्ष के लिए अनुमानित व्यय का वार्षिक वित्तीय विवरण होता है।

7. भारतीय रिजर्व बैंक ने जम्मू कश्मीर बैंक (J & K Bank) के बोर्ड में अतिरिक्त निदेशक के पद पर **ए.के. मिश्रा को** नियुक्त किया।
नोट: वह RBI के पूर्व कार्यकारी निदेशक हैं। ए.के. मिश्रा दो वर्ष की अवधि के लिए 2 जुलाई, 2021 तक या अगले आदेश तक पदभार संभालेंगे।

8. **बी. हरिदीश कुमार को** तीन वर्ष की अवधि के लिए **बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (IBPS)** के निदेशक **बनाया गया।**
नोट: इससे पहले, वह केनरा बैंक के कार्यकारी निदेशक थे। वह लॉ में स्नातक के साथ परास्नातक हैं और उन्होंने अपने बैंकिंग करियर की शुरुआत वर्ष 1978 में पूर्व के विजया बैंक से की थी। **बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान** (IBPS) एक भर्ती संस्था है, जिसे भारत में भारतीय स्टेट बैंक को छोड़कर सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों में युवा स्नातकों की भर्ती और नियुक्ति के प्रोत्साहन हेतु शुरू किया गया था।

9. एयरटेल पेमेंट बैंक **भारतीय एक्सा लाइफ** का सावधिक बीमा बेचेगा।
नोट: एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने देश भर में बैंकिंग केंद्रों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से भारती एक्सा लाइफ पीओएस सरल जीवन बीमा योजना प्रदान करने के लिए भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस के साथ साझेदारी की। सरल जीवन बीमा योजना एक नई जीवन सावधिक बीमा योजना है जो भारत में बीमित और गैर-बीमित क्षेत्रों पर केंद्रित है।

10. केंद्र सरकार ने कृषि में **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के** उपयोग पर प्रायोगिक अध्ययन के लिए IBM इंडिया के साथ समझौता किया।
नोट: मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र में क्रमशः तीन जिलों - भोपाल, राजकोट और नांदेड़ में 2019 की खरीफ फसल के लिए प्रायोगिक अध्ययन किया जाएगा। बेहतर उत्पादन और उत्पादकता के लिए जल और फसल प्रबंधन के बारे में निर्णय लेने हेतु लोक-कल्याणतार्थ किसानों की सहायता के लिए मौसम के पूर्वानुमान और मिट्टी की नमी की जानकारी प्रदान करने हेतु IBM का वाटसन डिसीजन प्लेटफॉर्म AI और मौसम तकनीक के माध्यम से गांव एवं कृषि स्तर पर कृषि के क्षेत्र में समाधान देगा।

11. **भारतीय रिजर्व बैंक** (RBI) बोर्ड ने तीन वर्षीय दिशानिर्देश **'उत्कर्ष 2022'** को अंतिम रूप दिया।
नोट: उन मुद्दों की पहचान करने के लिए जिन्हें अगले तीन वर्षों में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, एक आंतरिक समिति का गठन किया गया था। इसकी अध्यक्षता निवर्तमान डिप्टी गवर्नर विरल आचार्य ने की थी। यह दुनिया भर में केंद्रीय बैंकों के कार्यों के अनुरूप है, जो दीर्घकालिक और अल्पकालिक योजना बनाते हैं।

12. **सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड योजना 2019-20** की दूसरी श्रृंखला 08 जुलाई से **12 जुलाई, 2019** तक के लिए शुरु की गई है।
नोट: भारत सरकार ने **ऑनलाइन आवेदन** करने वाले और आवेदन पर डिजिटल माध्यम से भुगतान करने वाले निवेशकों को अंकित मूल्य पर 50 रुपये प्रति ग्राम की छूट देने का फैसला किया है। ऐसे निवेशकों के लिए, गोल्ड बॉन्ड का मूल्य **3,393 रुपये प्रति ग्राम** होगा। बॉन्ड में व्यक्तियों के लिए 4 किग्रा, हिंदू अविभाजित परिवार (HUF) के लिए 4 किग्रा और ट्रस्टों के लिए 20 किग्रा प्रति वित्तीय वर्ष की अधिकतम सीमा के साथ न्यूनतम निवेश एक ग्राम होगा। इन बॉन्ड की अवधि 8 वर्ष (5वें वर्ष के बाद निकास का विकल्प) होगी।

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

13. स्विस ब्रोकरेज फर्म UBS के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020 (2019-20) के लिए भारत की GDP विकास दर **6.7%** रहने का अनुमान है।
नोट: यह 6.9% के अपनी पहले की पूर्वानुमान से 20 आधार अंक कम है। UBS के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2019 में भारत की GDP विकास दर 6.8% थी। ब्रोकरेज विशेषज्ञ को लगता है कि रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2020 में अपने पिछले पूर्वानुमान 25 आधार अंकों की तुलना में एक और 75 आधार अंकों की नीति दर को कम करने में मदद मिली है। बजट में राजकोषीय बाधाएँ नहीं होने से बाजार अपेक्षाओं की तुलना में उच्च मौद्रिक सुलभता के मार्ग खुले हैं।

14. आधार कार्ड से लिंक नहीं किया गया पैन **1 सितंबर, 2019** से अवैध हो जाएगा।
नोट: मौजूदा पैन कार्ड कोवैध बनाए रखने और उसके निरंतर उपयोग के लिए, नागरिकों को पैन कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ना अनिवार्य होगा। एक व्यक्ति को आयकर अधिनियम के तहत निर्दिष्ट रिटर्न दाखिल करते समय और अन्य उच्च मूल्य के लेनदेन करते समय आधार का उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी। वर्तमान में मौजूदा 400 मिलियन पैन कार्डों में से 180 मिलियन पैन कार्ड आधार से जुड़े नहीं हैं।

15. RBI के कार्य समूह ने **बाजार समय बढ़ाकर सुबह 9 बजे से शाम 9 बजे तक** तक करने की सिफारिश की।
नोट: बाजार समय की व्यापक समीक्षा पर भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के एक आंतरिक कार्य समूह ने ओवर द काउंटर (OTC) और विनिमय व्यापार दोनों के लिए मुद्रा बाजार (विदेशी मुद्रा बाजार) समय में अंशांकित विस्तार करने का सुझाव दिया है। वर्तमान में बाजार शाम 5 बजे बंद हो जाते हैं।

16. अनिवासी केरलाइटिस इनवेस्टमेंट कंपनी स्थापित करने वाली राज्य सरकार **केरल है।**
नोट: केरल सरकार ने राज्य में प्रमुख अवसंरचना विकास के लिए विदेशी केरलवासियों से निवेश प्राप्त करने हेतु प्रवासियों की 74% हिस्सेदारी के साथ एक अनिवासी केरलाइटिस इनवेस्टमेंट कंपनी खोलने का निर्णय लिया।

17. ब्रिक्स देशों और भारत के पूर्वी भाग के बीच व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के साथ समझौता ज्ञापन पर **भारत चैंबर्स ऑफ कॉमर्स (BCC) ने** हस्ताक्षर किए हैं।
नोट: इस पर BCC के अध्यक्ष सीताराम शर्मा और ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के महानिदेशक बी.बी.एल. मधुकर ने हस्ताक्षर किए।

18. **सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय** के आंकड़ों के अनुसार, खुदरा मुद्रास्फीति पिछले महीने की तुलना में **इस वर्ष जून** में मामूली रूप से बढ़कर **3.18%** हो गई।
नोट: उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) पर आधारित **खुदरा मुद्रास्फीति** इस वर्ष मई में 3.05 प्रतिशत और जून, 2018 में 4.92 प्रतिशत थी। **केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय** (CSO) द्वारा जारी CPI आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष **जून में खाद्य मुद्रास्फीति 2.17%** थी, जो पिछले महीने 1.83 प्रतिशत थी। **अंडा, मांस** और मछली जैसे प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति पिछले महीने की तुलना में जून में अधिक थी। **भारतीय रिजर्व बैंक द्वि-मासिक मौद्रिक नीति** पर निर्णय लेते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर ध्यान देता है।

19. भारतीय स्टेट बैंक (SBI) और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर कुछ नियामक दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के लिए
भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने जुर्माना लगाया।
नोट: SBI पर **RBI द्वारा** आय **मान्यता परिसंपत्ति वर्गीकरण** (IRAC) मानदंडों पर जारी किए गए निर्देशों, चालू खाते खोलने और संचालन के लिए आचार संहिता की अवज्ञा और सेंट्रल रिपॉजिटरी ऑफ इनफॉर्मेशन ऑन लार्ज क्रेडिट (CRILC) पर डेटा रिपोर्टिंग, और धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन तथा धोखाधड़ी के वर्गीकरण और रिपोर्टिंग पर 7 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया। केंद्रीय बैंक ने बैंकों में **साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क** के निर्देशों

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

का पालन न करने के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर भी 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

20. **केंद्र सरकार** ने जनरल प्रॉविडेंट फंड (GPF) पर **ब्याज दर** को **10 आधार अंक कम** करके **7.9% कर दिया।**
नोट: यह **पब्लिक प्रॉविडेंट फंड** (PPF) के साथ सबसे छोटी बचत योजना है, जिसकी परिपक्वता अवधि सबसे अधिक है। 31 दिसंबर 2003 को या उससे पहले सेवा में शामिल होने वाले सभी सरकारी कर्मचारी GPF में योगदान करते हैं। **GPF (जनरल प्रॉविडेंट फंड)** सरकारी कर्मचारियों के लिए उपलब्ध एक बचत योजना है। GPF का प्रबंधन कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के तहत पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा किया जाता है।

21. **आंध्र बैंक** के MD और CEO **जे. पैकरिसामी** ने **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ABHi** संवादात्मक **सहायक चैटबोट** शुरु किया।
नोट: ग्राहक मोबाइल/डेस्कटॉप ब्राउजर, फेसबुक मैसेंजर और वॉयस द्वारा गूगल असिस्टेंट का उपयोग करके वेबसाइट www.andhrabank.in के माध्यम से जुड़कर 'ABHi' से विवरण जान सकते हैं। 'ABHi' के साथ, ग्राहक तुरंत 24x7 जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। बैंक का AI आधारित चैटबोट **'ABHi' ग्राहक** के सवालों को समझने और मिलीसेकेंड में संभावित ज्ञानाधार से संबंधित जानकारी प्रदा करने के लिए नवीनतम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग (NLP) एल्गोरिथ्म का उपयोग करता है।

22. RBI के **नवीनतम साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार**, भारत की विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां, जो **कुल भंडार** की एक प्रमुख घटक हैं, **1.11 बिलियन अमेरिकी डॉलर** कम होकर **399.697 बिलियन अमेरिकी डॉलर** हो गई।
नोट: केंद्रीय बैंक ने कहा कि **सोने की कीमतों में भारी उछाल** जारी रहने के बावजूद, देश का स्वर्ण भंडार 24.304 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर अपरिवर्तित रहा। बैंक ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ विशेष आहरण अधिकार 1.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर कम होकर **1.450 बिलियन अमेरिकी डॉलर** हो गया। मुद्रा कोष के पास देश की आरक्षित निधि भी 1.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 3.345 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई।

23. चालू **वित्त वर्ष 2019-20 में** अपरिवर्तनीय ऋण पत्रों के माध्यम से **60,000 करोड़ रुपये** की दीर्घकालिक निधि **नाबार्ड** जुटाएगा।
नोट: नाबार्ड के लिए निधि की **निज आवश्यकता** का मूल्यांकन 30,000 करोड़ रुपये है। शेष **30,000 करोड़ रुपये** केंद्र सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2020 में ग्रामीण विकास और स्वच्छता में विभिन्न योजनाओं में कमी को पूरा करने के लिए होंगे। नाबार्ड 30 जून, 2019 को समाप्त हुई पहली तिमाही में 11,000 करोड़ रुपये पहले ही जुटा चुका है। नाबार्ड के अध्यक्ष- हर्ष भानवाला हैं।

24. अमेरिका स्थित सॉफ्टवेयर कंपनी **ईबिक्स** को **337.8 मिलियन अमेरिकी** डॉलर में यात्रा पोर्टल **'यात्रा ऑनलाइन'** के अधिग्रहण की घोषणा की।
नोट: अब, यात्रा ईबिक्स के यात्रा पोर्टफोलियो 'ईबिक्स कैश' का भाग बन जाएगा और यात्रा ब्रांड के तहत ग्राहकों की सेवा उपलब्ध कराएगा।

25. **HDFC बैंक** और जन सुविधा केंद्रों ने **छोटे व्यापारियों** और **ग्रामीण स्तर के उद्यमियों (VLE)** के लिए सह-ब्रांड **'स्मॉल बिजनेस मनी बैक क्रेडिट कार्ड'** लॉन्च किया।
नोट: क्रेडिट कार्ड को विशेष रूप से **CSC के VLE** और **VLE मूल** के ग्राहकों के लिए बनाया गया है। यह उपयोगकर्ताओं को अपने दिन-प्रतिदिन के व्यावसायिक खर्चों के लिए आसान ऋण पहुंच प्रदान करेगा। वर्तमान में, जन सुविधा केंद्रों (CSC) के नेटवर्क के माध्यम से लगभग 70,000 करोड़ रुपये का व्यापार होता है।

26. **लार्सन एंड टुब्रो इन्फोटेक लिमिटेड** ने **AI फर्म 'Lymbyc'** का **38 करोड़ रुपये में** अधिग्रहण किया।
नोट: **'Lymbyc' की डेटा अन्वेषण** में विशेषज्ञता, कुशल विश्लेषण और बड़े डेटा समूहों को संसाधित करने की क्षमता L&T इन्फोटेक के मोजेक प्लेटफॉर्म में सुधार करेगी ताकि विभिन्न विश्लेषण समाधान प्रदान किए जा

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

सकें। Lymbyc **कंपनी का मुख्यालय बेंगलुरु** में स्थित है, यह कंपनी एनालिटिक्स और **डेटा साइंस स्पेस** में अपनी योग्यता के लिए जानी जाती है।

27. **एशियाई विकास बैंक** (ADB) के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में भारत की **अनुमानित GDP विकास दर 7.2%** के बजाय अब **7%** रहेगी।

नोट: एशियाई विकास बैंक (ADB) **19 दिसंबर 1966** को स्थापित एक क्षेत्रीय विकास बैंक है, जिसका मुख्यालय फिलीपींस के **मेट्रो मनीला स्थित मंडलुयोंग शहर** में है। ADB एक सामाजिक विकास संगठन है जो **एशिया और प्रशांत क्षेत्र** में समावेशी आर्थिक विकास, पर्यावरणीय दृष्टि से दीर्घकालिक विकास और क्षेत्रीय एकीकरण के माध्यम से गरीबी को कम करने के लिए समर्पित है। ADB के **68 सदस्य देश हैं** (23 मार्च 2019 तक): जिनमें से **49 सदस्य एशियाई** तथा प्रशांत क्षेत्र से और 19 सदस्य अन्य क्षेत्रों से हैं।

28. वर्ष 2018-19 के दौरान **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश** (FDI) निवेश बढ़कर **64.38 बिलियन अमेरिकी डॉलर** हो गया।

नोट: वाणिज्य मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, **सरकार का प्रयास उदार** एवं निवेशक **अनुकूल FDI नीति बनाने** का रहा है। इसका प्रयोजन FDI नीति को अधिक निवेशक-अनुकूल बनाना और देश में निवेश में बाधा उत्पन्न करने वाली नीतिगत समस्याओं को दूर करना है।

29. **GST परिषद** ने इलेक्ट्रिक वाहनों पर GST दर को 12% से घटाकर **5% करने** का फैसला किया है।

नोट: GST परिषद ने इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर्स पर दर को 18% से घटाकर 5% करने का भी निर्णय लिया। नई दरें अगले महीने की पहली तारीख से लागू होंगी। परिषद ने स्थानीय अधिकारियों द्वारा इलेक्ट्रिक बसों को किराए पर लेने में GST से छूट भी मंजूरी की।

30. **भारतीय रिजर्व बैंक** ने विनियामक दिशानिर्देशों की अवज्ञा के लिए दो ऑनलाइन भुगतान प्रदाताओं **मोबिक्विक सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड और हिप बार प्राइवेट लिमिटेड** पर लगभग 26 लाख रुपये का का जुर्माना लगाया है।

नोट: भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, मोबिक्विक सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड पर 15 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है जबकि हिप बार प्राइवेट लिमिटेड पर 10.85 लाख रुपये का जुर्माना लगा है। इन दो प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट (PPI) जारीकर्ताओं को विनियामक दिशानिर्देशों का पालन न करने के लिए एक मौद्रिक जुर्माना लगाया गया था।

31. कॉर्पोरेट और अल्प नकदी वाले गैर-बैंकिंग ऋणदाताओं के लिए बाह्य व्यावसायिक कर्ज के अंतिम उपयोग की शर्तों में **भारतीय रिजर्व बैंक ने** ढील दी।

नोट: यह ढील कार्यशील पूंजी, सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के ऋणों या रुपये के ऋणों के पुनर्भुगतान के बाह्य व्यावसायिक कर्ज पर लागू होगी। कॉरपोरेट उधारकर्ता पूंजीगत व्यय के रुपये ऋण को चुकाने में ECB का लाभ उठा सकते हैं, यदि वे उधारदाताओं के साथ किसी भी एकबारगी व्यवस्था के तहत विनिर्माण या अवसंरचना निर्माण में हों और स्पेशल मेंशन अकाउंट, SMA-2 या अनुपयोज्य परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत हों।

32. केंद्रीय मंत्री **नितिन गडकरी** और बीमा कंपनी **LIC (जीवन बीमा निगम)** को वित्तपोषित करने के लिए वर्ष 2024 तक 1.25 ट्रिलियन रुपये की ऋण सहायता प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की।

नोट: यह **निधि भारत की विशाल अवसंरचना** की इच्छाओं को पूरा करने के लिए **वित्तपोषण** के नए तरीकों का हिस्सा होगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय पेंशन एवं बीमा निधि सहित वित्तपोषण के विभिन्न स्रोतों का उपयोग करना चाहता है। यह धनराशि 8.41 ट्रिलियन की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के समयबद्ध निष्पादन के लिए प्रदान की जाएगी, जिसका उद्देश्य अखिल भारतीय स्तर पर राजमार्ग ग्रिड का निर्माण करना है।

33. **भारती एयरटेल** और **वोडाफोन आइडिया** पर 3,050 करोड़ रुपये का जुर्माना **डिजिटल संचार आयोग (DCC) ने** लगाया है।

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

नोट: रिलायंस जियो को बाजार में प्रवेश करने पर संपर्क केंद्र नहीं देने के कारण भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI) द्वारा यह जुर्माना लगाया गया था।

34. काम को दिवालियापन कानूनों के तहत करने के लिए प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र के दौरान रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल्स (RP) को नियंत्रित करने वाले मानदंड **इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया (IBBI) ने** सख्त किए।

नोट: रिज़ॉल्यूशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद RP के रिश्तेदारों के लिए रोजगार स्वीकार करने में भी प्रतिबंध लागू होंगे।

35. मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली कंपनी **रिलायंस इंडस्ट्रीज** जो 42 पायदानों की छलांग लगाकर **फॉर्च्यून ग्लोबल 500 की सूची** में **सर्वोच्च रैंकिंग वाली भारतीय कंपनी** बन गई।

नोट: अमेरिकी कंपनी **वॉलमार्ट फॉर्च्यून 500 की सूची में शीर्ष** पर बनी हुई है, जिसके बाद चीन के स्वामित्व वाली तेल एवं गैस कंपनी सिनोपेक ग्रुप है, जो एक पायदान ऊपर चली गई। चीन की नेशनल पेट्रोलियम एंड स्टेट ग्रिड के बाद डच कंपनी रॉयल डच शेल तीसरे स्थान पर रही। इस वर्ष, 106वें स्थान पर रही रिलायंस इंडस्ट्रीज (RIL) ने ग्लोबल 500 की सूची में शीर्ष स्थान पर रहने वाली भारतीय कंपनी IOC (117वें) को प्रतिस्थापित किया है।

36. अमेरिकी विनियामकों ने **फेसबुक** पर रिकॉर्ड 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया।

नोट: अमेरिकी नियामकों ने **कैंब्रिज एनालिटिका डेटा घोटाले** में उपयोगकर्ताओं की निजता का उल्लंघन पाया जिसमें 87 मिलियन उपयोगकर्ता शामिल थे। संघीय व्यापार आयोग (FTC) के अनुसार, यह उपभोक्ताओं की निजता के उल्लंघन के लिए किसी भी कंपनी पर लगाया गया सर्वाधिक जुर्माना और किसी भी उल्लंघन के लिए अमेरिकी सरकार द्वारा लगाया गया अब तक का सबसे बड़ा जुर्माना था। FTC ने पूर्व ब्रिटिश कंसल्टिंग फर्म कैम्ब्रिज एनालिटिका से जुड़े एक घोटाले के बाद जांच शुरू की थी, जिसमें गैर-कानूनी तरीके से 87 मिलियन से अधिक फेसबुक उपयोगकर्ताओं के डेटा को उनकी पूर्व जानकारी के बिना उपयोग करने का आरोप लगाया गया था।

श्रद्धांजलियां

1. तेलुगु कहानीकार **अब्बूरी छाया देवी** का हैदराबाद के कोंडपुर में निधन हो गया।

नोट: उनकी कुछ लोकप्रिय कहानियां **बोनसाई बाथुकु**, प्रयनम सुखांतम, **अखारिकी आइडू नक्षत्रालु** और वुड रोज़ हैं। उन्होंने वर्ष 2005 में अपनी पुस्तक 'थाना मार्गम' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार जीता। उन्होंने अपनी पुस्तक मृत्युंजय के लिए वैसिरेड्डी रंगनायकम्मा पुरस्कार (वर्ष 1993 में) और तेलुगु विश्वविद्यालय की सर्वश्रेष्ठ महिला लेखक का पुरस्कार (वर्ष 1996 में) भी जीता। छायादेवी ने JNU, नई दिल्ली में डिप्टी लाइब्रेरियन के रूप में काम किया और वर्ष 1982 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली।

2. मलयालम निर्देशक **बाबू नारायणन** का केरल के थ्रिस्सूर में निधन हो गया।

नोट: उन्होंने कई मलयालम फिल्मों जैसे 'कुडुम्बा विशेषम' और 'वेलकम टू कोडाइकनाल' का निर्देशन किया। बाबू नारायणन अनिल-बाबू की जोड़ी का भी हिस्सा थे, जिसने बॉक्स ऑफिस पर कई हिट फिल्में जैसे स्त्रीधनम, पट्टाभिषेकम बनाईं। बाबू नारायणन का जन्म नारायण पिशारोडी और देवकी पिशारासिअर के पुत्र के रूप में कालीकट में हुआ था।

3. प्रोफेशनल मोटरसाइकिल रेसर **कार्लिन ड्यून का** पाइक पीक हिल क्लाइंब रेस में डुकाटी स्ट्रीटफाइटर V4 प्रोटोटाइप के दौरान निधन हो गया।

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

नोट: उन्होंने एक मॉडीफाइड डुकाटी चलाते हुए वर्ष 2012 में सब-10 मिनट टाइम की उपलब्धि हासिल करने के लिए मोटरसाइकिल रेस के इतिहास में पहले मोटरसाइकिल राइडर बनने के बाद "किंग ऑफ द माउंटेन" का खिताब हासिल किया था।

4. प्रसिद्ध अमेरिकी ऑटोमोबाइल कार्यकारी **ली इयाकोका का** निधन हो गया।

नोट: श्री इयाकोका को फोर्ड मस्टैंग और पिंटो कारों के विकास और क्रिसलर कॉर्पोरेशन को दिवालिया होने से बचाने के लिए जाना जाता है। इयाकोका ने वर्ष 1946 में फोर्ड मोटर कंपनी में पहले एक इंजीनियर और फिर बिक्री विभाग में अपना कैरियर शुरू किया।

5. अनुभवी उद्योगपति **बसंत कुमार बिड़ला** का मुंबई में निधन हो गया।

नोट: वह बी.के. बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कृष्णार्पण चैरिटी ट्रस्ट और लगभग 25 अन्य शैक्षणिक ट्रस्टों और संस्थानों के अध्यक्ष थे। बी.के. ने देश भर के स्कूल और कॉलेजों से लेकर इंजीनियरिंग और प्रबंधन संस्थानों तक के शैक्षणिक संस्थानों का निर्माण किया।

6. ब्राजील के गायक, गिटार वादक और गीतकार **जोआओ गिल्बर्टो** का निधन हो गया।

नोट: उन्हें बोसा नोवा संगीत शैली का जनक माना जाता था, इस शैली ने वर्ष 1960 के दशक में वैश्विक लोकप्रियता हासिल की और दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र की एक प्रतिष्ठित ध्वनि बन गई। बोसा नोवा सांबा और जैज़ का मिश्रण है जो वर्ष 1950 के दशक के अंत में उभर कर सामने आया और वर्ष 1960 के दशक में दुनिया भर में प्रसिद्ध हो गया। अपने करियर के दौरान उन्होंने दो ग्रैमी पुरस्कार जीते और छह के लिए नामित हुए, और वर्ष 2009 में अमेरिकी जैज़ पत्रिका 'डाउट बीट' ने उन्हें इतिहास के 75 महान गिटारवादकों में से एक और शीर्ष पांच जैज गायकों में से एक नामित किया।

7. गोवा के पूर्व मंत्री **विल्फ्रेड मेसक्विता** का बीमारी के बाद मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया।

नोट: श्री मेसक्विता वर्ष 1974 में तत्कालीन सत्तारूढ़ **महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी** (युवा शाखा) के संस्थापक उपाध्यक्ष थे। उन्होंने वर्ष 1990 के दशक के अंत में तत्कालीन कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार में **कैबिनेट मंत्री** के रूप में कार्य किया। श्री मेसक्विता ने राजस्व, पर्यावरण, खेल एवं युवा मामले, ऊर्जा, कानून एवं न्यायपालिका और विधायी मामलों जैसे विभिन्न पोर्टफोलियो में काम किया। वह वर्ष 2007 से गोवा भाजपा के नेता थे और पार्टी के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता के रूप में कार्य किया।

8. भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व गोलकीपर **ए.यू. सेलेस्टिन** का बीमारी के बाद निधन हो गया।

नोट: सेलेस्टिन तमिलनाडु पुरुष टीम के लिए सीनियर नेशनल में (वर्ष 1965 में) और राष्ट्रीय चैंपियनशिप में (1969 में) गोलकीपर के रूप में खेले। उन्होंने वर्ष 1969 में मलेशिया में खेले गए मर्डेका कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

9. बंगाल के पूर्व लेग-स्पिनर **सौमेंद्रनाथ कुंडू** का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: बंगाल और रेलवे के पूर्व लेग-स्पिनर **सौमेंद्रनाथ कुंडू** (77 वर्षीय) का कोलकाता में निधन हो गया। कुंडू को वर्ष 2013-14 में बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। कुंडू ने वर्ष 1958-59 और वर्ष 1968-69 के बीच 30 प्रथम श्रेणी मैचों में 127 विकेट लिए। उन्होंने एक मैच में तीन बार 10 विकेट भी लिए।

10. **ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता** पूर्व मुक्केबाज और चार श्रेणियों में **विश्व चैंपियन** जिनका वर्जीनिया में एक वाहन से टकराने के बाद निधन हो गया -- **पर्नेल व्हिटकर।**

नोट: पर्नेल व्हिटकर ने लाइटवेट, लाइट वेल्टरवेट, वेल्टरवेट और लाइट मिडलवेट में विश्व खिताब जीते।

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

11. बांग्लादेश के पूर्व सैन्य तानाशाह **हुसैन मुहम्मद इरशाद** का ढाका में वृद्धावस्था से संबंधित समस्याओं के कारण निधन हो गया।

नोट: इरशाद (पूर्व सेना प्रमुख) ने वर्ष 1982 में एक रक्तहीन क्रांति में राष्ट्र की सत्ता संभाली और वर्ष 1990 के लोकतंत्र समर्थक जन आंदोलन में सत्ता छोड़ने के लिए मजबूर किए जाने पर आठ वर्षों तक देश को चलाया। वर्ष 1990 के दशक में इरशाद सबसे शक्तिशाली राजनीतिक नेताओं में से एक के रूप में उभरे, जब उनकी जातीय पार्टी देश का तीसरा सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन गई।

12. **लोक जनशक्ति पार्टी के सांसद रामचंद्र पासवान** का नई दिल्ली के **राम मनोहर लोहिया अस्पताल** में निधन हो गया।

नोट: वह केंद्रीय मंत्री और लोजपा प्रमुख रामविलास पासवान के छोटे भाई थे। मई 2019 में, वह लोजपा के टिकट पर चौथी बार बिहार के समस्तीपुर से लोकसभा सांसद चुने गए थे।

13. दिल्ली के पूर्व भाजपा **अध्यक्ष, विधायक** और **वरिष्ठ संघ सहयोगी मांगे राम गर्ग** का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: उन्होंने दिल्ली में भाजपा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गर्ग ने वर्ष 2003 और 2008 के बीच राष्ट्रीय राजधानी में वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

14. दिल्ली की **पूर्व मुख्यमंत्री** और अनुभवी कांग्रेसी नेता **शीला दीक्षित** का **दिल्ली के एस्कॉर्ट्स फोर्टिस अस्पताल** में निधन हो गया।

नोट: वे लंबे समय से **हृदय रोग** से पीड़ित थीं। श्रीमती दीक्षित ने **1998 से 2013** तक 15 वर्षों के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री पद पर कार्य किया। वर्तमान में, वह **दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष** का पद संभाल रही थीं।

15. **कट्टरपंथी संगठन दलित पैंथर** के संस्थापकों में से एक जिनका **मुंबई में उनके आवास** पर निधन हो गया -- **राजा ढाले।**

नोट: श्री ढाले ने वर्ष 1972 में अन्य लोगों के साथ मिलकर दलित पैंथर की स्थापना की थी, जिसका उद्देश्य राज्य में दलितों की आवाज को अधिक आक्रामकता से उठाना था। दलित पैंथर अमेरिका में अफ्रीकी अमेरिकियों के ब्लैक पैंथर संगठन से प्रेरित युवाओं का संगठन है।

16. पूर्व जापानी राजनयिक और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के प्रमुख **युकिया अमानो का** निधन हो गया।

नोट: अमानो, जिन्हें निशस्त्रीकरण, अप्रसार कूटनीति और परमाणु ऊर्जा में व्यापक अनुभव था, **वर्ष 2009** के बाद से दुनिया भर में परमाणु मुद्दों को नियंत्रित करने वाली मुख्य संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के प्रमुख थे। वह वर्षों से चली आ रही उस वार्ता में शामिल थे, जिसके कारण विश्व शक्तियों के साथ ऐतिहासिक ईरान परमाणु समझौता हुआ और देश की परमाणु यूरेनियम संवर्धन को प्रतिबंधित किया गया। IAEA के प्रमुख के रूप में, अमनो ने जापान में विनाशकारी 2011 फुकुशिमा परमाणु दुर्घटना के परिणामों पर भी कार्यवाही की।

17. ऑस्ट्रेलिया के टेनिस चैंपियन **पीटर मैकनामारा** का कैंसर से जर्मनी में निधन हो गया।

नोट: पीटर मैकनामारा ने **तीन युगल ग्रैंड स्लैम खिताब** जीते और खेल से सन्यास लेने के बाद एक **प्रमुख कोच** बन गए। मैकनामारा ने **पांच एकल खिताब** और **19 युगल खिताब** जीते और हमवतन **पॉल मैकनेमे** के साथ मिलकर वर्ष 1979 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का युगल और वर्ष 1980 एवं 1982 में दो बार विंबलडन का खिताब जीता।

18. डच फिल्म अभिनेता **रुटगर हॉएर** का नीदरलैंड में उनके आवास पर निधन हो गया।

नोट: उन्होंने **डच और अंग्रेजी** दोनों भाषाओं की टीवी श्रृंखला और फिल्मों में अभिनय किया। हॉएर की भूमिकाओं में सिल्वेस्टर स्टेलोन के साथ 'नाइटहॉक्स' में आतंकवादी, 'सिन सिटी' में कार्डिनल रोर्क और 'बैटमैन बिगेंस' में एक बुरे कॉर्पोरेट कार्यकारी की भूमिका शामिल

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

हैं। हॉएर ने एक एड्स जागरुकता संगठन **'रुटगर हॉएर स्टारफिश एसोसिएशन'** की स्थापना की।

19. रूसी मुक्केबाज **मैक्सिम दादाशेव** का IBF लाइट-वेल्टरवेट मुकाबले में लगी चोटों के बाद निधन हो गया।

नोट: 11वें राउंड के अंत में प्रशिक्षक बडी मैकगिर्ट द्वारा मुक्केबाजी मुकाबले को रोकने के बाद दादाशेव कथित तौर पर ड्रेसिंग रूम तक चलकर जाने में असमर्थ थे। उन्हें मस्तिष्क में रक्तस्राव के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया और आपातकालीन सर्जरी की गई लेकिन वे ठीक नहीं हो पाए। दादाशेव ने अपने पिछले सभी 13 मुकाबलों में जीत हासिल की थी, लेकिन मैरीलैंड में मुकाबले के दौरान प्यूर्टो रिको के मैतियास के पंचों को रोकना पड़ा।

20. ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति **बेजी काइड एस्सेबसी** एक सैन्य अस्पताल में निधन हो गया।

नोट: वह अरब स्प्रिंग के बाद देश के लोकतांत्रिक परिवर्तन में प्रमुख व्यक्ति थे। एस्सेबसी क्वीन के बाद सबसे वरिष्ठ राष्ट्र प्रमुख थे, वह दीर्घकालिक तानाशाह जीन अल-अबिदीन बेन अली को उखाड़ फेंकने वाले विद्रोह के बाद से ट्यूनीशियाई राजनीति में एक प्रमुख व्यक्ति थे। ट्यूनीशिया को आर्थिक समस्याओं के बावजूद लोकतंत्र की दिशा में इसकी धीमी लेकिन स्थिर प्रगति के कारण प्राय: वर्ष 2011 की क्रांतियों की एकमात्र सफल कहानी के रूप में वर्णित किया गया है।

21. किंग सलमान के बड़े सौतेले भाई **प्रिंस बंदर का** निधन हो गया।

नोट: वह दिवंगत किंग अब्दुल अज़ीज़ अल सऊद के सबसे बड़े जीवित पुत्र थे। प्रिंस बंदर बिन अब्दुल अज़ीज़ अल सऊद सत्तारूढ़ अल सऊद परिवार में सक्रिय रूप से राजनीतिक राजवंशी नहीं थे और सिंहासन के उत्तराधिकार के समय से गुजर चुके थे।

22. मेघालय विधानसभा के अध्यक्ष **डोनकुपर रॉय** का बीमारी के बाद निधन हो गया।

नोट: श्री डोनकुपर रॉय को मार्च 2018 में विधानसभा अध्यक्ष चुना गया था। डोनकुपर रॉय ने मेघालय के मुख्यमंत्री के रूप में भी कार्य किया (19 मार्च, 2008 से 18 मार्च, 2009 तक)। वह यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख थे, जो मेघालय में एक राजनीतिक पार्टी है।

23. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री **एस. जयपाल रेड्डी** का हैदराबाद के एक अस्पताल में निधन हो गया -- **एस. जयपाल रेड्डी।**

नोट: वह चार बार के विधायक, पांच कार्यकाल के लोकसभा सदस्य और दो कार्यकाल के लिए राज्यसभा के सदस्य थे।

24. प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर **सुबीर विट्ठल गोकर्ण का** निधन हो गया।

नोट: गोकर्ण ने वर्ष 2009 और 2013 के बीच गवर्नर डी. सुब्बाराव के कार्यकाल के दौरान RBI के डिप्टी गवर्नर के रूप में कार्य किया। गोकर्ण स्टैंडर्ड एंड पुअर्स एशिया-पैसिफिक के मुख्य अर्थशास्त्री और क्रिसिल (CRISIL) के मुख्य अर्थशास्त्री भी थे।वर्ष 2015 में, उन्हें IMF (अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष) बोर्ड में कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।

महत्वपूर्ण दिवस

1. भारत में हर वर्ष राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस **1 जुलाई को** मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस प्रसिद्ध चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री **डॉ. बिधान चंद्र रॉय** के सम्मान में मनाया जाता है। यह डॉक्टरों के लिए एक **महत्वपूर्ण दिवस** है क्योंकि यह उन्हें अपने करियर को प्रतिबिंबित करने और नैतिक तरीके से कला एवं विज्ञान और शल्य चिकित्सा के अभ्यास की याद दिलाता हैं। **डॉ. रॉय** को

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया था।

2. विश्व पशुजन्य रोग (Zoonoses) दिवस हर वर्ष **6 जुलाई को** मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस पशुजन्य रोगों के बारे में जागरूकता फैलाने, जैसे उन्हें कैसे रोका जाए और फैलने पर क्या कार्यवाही की जाए, के लिए मनाया जाता है। यह दिवस लुई पाश्चर द्वारा अपनी पहली रेबीज वैक्सीन खोजने के उपलक्ष्य में वर्ष 1885 से मनाया जाता है। हर वर्ष दुनिया भर में लाखों लोग स्वाइन फ्लू, बर्ड फ़्लू, कैट स्क्रैच बुखार, रेबीज, लेप्टोस्पायरोसिस, लाइम रोग, काउपॉक्स, इबोला, SARS, हेवेंटीवायरस, एंथ्रेक्स, मंकीपॉक्स, आदि बीमारियों के शिकार होते हैं, जिन्हें पशुजन्य रोग कहा जाता है।

3. अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस हर वर्ष **जुलाई के पहले शनिवार को** मनाया जाता है।

नोट: इस दिवस का उद्देश्य सहकारिता के बारे में जागरूकता फैलाना है। वर्ष 2019 का विषय: COOPS 4 DECENT WORK |एक हालिया अनुमान के अनुसार, दुनिया भर की सहकारी समितियां 279 मिलियन से अधिक लोगों (कुल कार्यशील आबादी का लगभग 10%) के लिए आय का मुख्य स्रोत हैं।

4. विश्व जनसंख्या दिवस दुनिया भर में हर वर्ष **11 जुलाई को** मनाया जाता है।

नोट: इस वर्ष का विश्व जनसंख्या दिवस वर्ष 1994 के अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या एवं विकास सम्मेलन के अधूरे कार्यों पर पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित करने का आह्वान करता है। विश्व जनसंख्या दिवस मनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या संबंधी मुद्दों के परिणामों पर ध्यान केंद्रित करना और यह किस प्रकार विकास योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रभावित करते हैं, यह जानना है। वर्ष 1989 में, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की संचालन परिषद ने जनसंख्या के मुद्दों की आवश्यकताओं और महत्व पर ध्यान आकर्षित करने के लिए 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के रूप में मनाने की सिफारिश की थी।

5. जम्मू एवं कश्मीर के बालटाल और पहलगाम दोनों मार्गों से वार्षिक अमरनाथ यात्रा (46 दिवसीय तीर्थयात्रा) को हरी झंडी दिखाई गई।

नोट: राज्यपाल **सत्य पाल मलिक** (श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष) पवित्र गुफा मंदिर में पारंपरिक "प्रणाम पूजा" में शामिल होंगे। 13 वर्ष से कम या 75 वर्ष से अधिक आयु के किसी भी व्यक्ति, गर्भवती महिलाओं और चिकित्सकीय रूप से अस्वस्थ लोगों को दक्षिण कश्मीर में तीर्थ यात्रा करने से रोक दिया जाता है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने पंजीकृत यत्रियों के लिए 3 लाख रुपये के कवर के साथ समूह दुर्घटना बीमा पॉलिसी (तीन लाख) खरीदी है।

6. फ्रांस की सरकार ने राष्ट्रीय दिवस **14 जुलाई को** मनाया गया।

नोट: इस दिवस को बैस्टिल दिवस के रूप में भी जाना जाता है। यह 14 जुलाई 1789 को पेरिस में हुई स्टॉर्मिंग ऑफ द बैस्टिल प्रिजन की 230वीं वर्षगांठ है। फ्रांस और मित्र देशों के सशस्त्र बल ने मध्य में स्थित चैम्प्स एलिसी पर मार्च, ड्राइव, राइड और फ्लाईपास्ट किया।

7. **विश्व युवा कौशल दिवस** हर वर्ष **15 जुलाई को** मनाया जाता है।

नोट: इस दिवस का **उद्देश्य युवा कौशल विकास** में निवेश के महत्व के बारे में **जागरूकता फैलाना** है। नवंबर 2014 में, **संयुक्त राष्ट्र** ने अपनी महासभा में **15 जुलाई** को **विश्व युवा कौशल दिवस** घोषित किया था। विश्व कौशल और कौशल संवर्धन को वैश्विक मान्यता देने का भाग होने पर गर्व है।

8. **विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस** (या अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्याय दिवस) विश्व स्तर पर हर वर्ष **17 जुलाई को** मनाया जाता है।

नोट: यह दिन (17- जुलाई) **इसलिए चुना गया** था क्योंकि यह **रोम अधिनियम** को अपनाने की वर्षगांठ है,

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

यह वह संधि है जिससे **अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय** का निर्माण किया था। **1 जून 2010 को कंपाला** (युगांडा) में आयोजित रोम अधिनियम का समीक्षा सम्मेलन में असेंबली ऑफ स्टेट पार्टीज़ ने 17 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्याय दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

9. **अंतर्राष्ट्रीय नेल्सन मंडेला दिवस** नेल्सन मंडेला के सम्मान में एक **वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय दिवस** है, यह हर वर्ष **18 जुलाई को** मनाया जाता है।
नोट: संयुक्त राष्ट्र द्वारा नवंबर 2009 को आधिकारिक रूप से मंडेला दिवस घोषित किया गया था। **मंडेला दिवस** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व **राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला** की विरासत का सम्मान करता है। मंडेला दिवस उन कार्यों के लिए एक **वैश्विक आह्वान** है जो इस विचार की प्रशंसा करता है कि प्रत्येक व्यक्ति में दुनिया को बदलने की, एक प्रभाव बनाने की क्षमता है।

10. भारत हर वर्ष 23 जुलाई को **राष्ट्रीय प्रसारण दिवस** मनाता है।
नोट वर्ष 1927 में आज ही के दिन, देश में पहली बार भारतीय प्रसारण कंपनी के तहत बॉम्बे स्टेशन से रेडियो प्रसारण हुआ था। 8 जून 1936 को, भारतीय राज्य प्रसारण सेवा, आकाशवाणी (ऑल इंडिया रेडियो) बन गई।

11. विश्व हेपेटाइटिस दिवस हर वर्ष **28 जुलाई को** मनाया जाता है।
नोट: यह दिवस हेपेटाइटिस के बारे में वैश्विक जागरूकता फैलाता है और रोकथाम, निदान एवं उपचार को प्रोत्साहित करता है। विश्व हेपेटाइटिस दिवस 2019 का विषय "हेपेटाइटिस का अंत करने में निवेश" (Invest in eliminating Hepatitis) है।यह विषय अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्य क्षेत्र के संदर्भ में वर्ष 2030 तक हेपेटाइटिस का जड़ से अंत करने के लक्ष्यों पर केंद्रित है।

12. भारत ने पाकिस्तानी सैनिकों की घुसपैठ के खिलाफ चलाए गए **'ऑपरेशन विजय'** में भारतीय सशस्त्र बलों की जीत की 20वीं वर्षगांठ **20 जुलाई को** मनाई गई।
नोट: इस दिवस का नाम 'ऑपरेशन विजय' (वर्ष 1999 में) के नाम पर रखा गया था, जब भारत ने ऊंचाई पर स्थित उन चौकियों पर पुन: नियंत्रण हासिल किया था, जिन पर पाकिस्तान ने चोरी छुपे कब्जा कर लिया था। इस वर्ष के समारोहों का मुख्य विषय **'Remember, Rejoice and Renew'** है। **कारगिल युद्ध** भारत और पाकिस्तान के बीच एक सशस्त्र संघर्ष था जो मई और जुलाई, 1999 के बीच कश्मीर के कारगिल जिले और नियंत्रण रेखा (LOC) के पास दूसरे स्थानों पर हुआ था।

13. 'अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस' दुनिया भर **29 जुलाई को** मनाया जाता है।
नोट: अखिल भारतीय बाघ गणना 2018 के अनुसार, भारत 2967 बाघों के साथ दुनिया के सबसे सुरक्षित आवासों में से एक है। मध्य प्रदेश में बाघों की संख्या सर्वाधिक 526 पाई गई, इसके बाद कर्नाटक में 524 और उत्तराखंड 442 बाघों के साथ तीसरे नंबर पर रहा। बाघ गणना अभियान को क्षेत्र विस्तार, प्रतिदर्शन तीव्रता और कैमरा ट्रैपिंग के परिमाण के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा वन्यजीव सर्वेक्षण अभियान माना जाता है।

14. विश्व हेपेटाइटिस दिवस **28 जुलाई को** मनाया जाता है
नोट: यह दिवस हेपेटाइटिस के बारे में वैश्विक जागरूकता फैलाता है और रोकथाम, निदान एवं उपचार को प्रोत्साहित करता है। विश्व हेपेटाइटिस दिवस 2019 का विषय "हेपेटाइटिस का अंत करने में निवेश" (Invest in eliminating Hepatitis) है। यह विषय अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्य क्षेत्र के संदर्भ में वर्ष 2030 तक हेपेटाइटिस का जड़ से अंत करने के लक्ष्यों पर केंद्रित है। हेपेटाइटिस संक्रामक रोगों का एक समूह है जिसे हेपेटाइटिस A, B, C, D, और E के रूप में जाना जाता है।

15. दुनिया भर में विश्व **मानव तस्करी निषेध दिवस 30 जुलाई को** मनाया जाता है।

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

नोट: यह **दिवस मानव तस्करी** के पीड़ितों के हालातों और उनके अधिकारों की रक्षा के बारे में जागरूकता फैलाता है। विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस 2019 का विषय - 'मानव तस्करी: अपनी सरकार से कार्यवाही का आह्वान करें' (Human Trafficking: Call Your Government To Action) है। वर्ष 2013 में, **संयुक्त राष्ट्र महासभा** (UNGA) ने 30 जुलाई को विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस के रूप में निर्दिष्ट किया था।

नई नियुक्तियां

1. तीन महीने की अवधि के लिए **सरकार के स्वामित्व वाली BSNL** (भारत संचार निगम लिमिटेड) का **अंतरिम अध्यक्ष** और प्रबंध निदेशक (CMD) **प्रवीण कुमार पुरवार को** नियुक्त किया गया।
   नोट: उन्होंने **अनुपम श्रीवास्तव** की जगह ली, जो **30 जून, 2019** को सेवानिवृत्त हुए थे। BSNL भारत की सबसे बड़ी स्थायी **टेलीफोन** और ब्रॉडबैंड सेवा कंपनी है, और पांचवां सबसे बड़ा मोबाइल टेलीफोन सेवा प्रदाता है। भारत संचार निगम लिमिटेड (15 सितंबर, 2000 को निगमित) भारत देश के स्वामित्व वाली दूरसंचार कंपनी है, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। BSNL भारत में चौथी सबसे बड़ी मोबाइल टेलीफोन सेवा प्रदाता कंपनी है।
2. भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL) का अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (CMD) **डॉ. नलिन सिंघल को** नियुक्त किया गया।
   नोट: श्री सिंघल वर्तमान में सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। BHEL भारत की सबसे बड़ी बिजली उत्पादन उपकरण निर्माता कंपनी है और इसका स्वामित्व भारत सरकार के पास है।
3. इंडियन ओवरसीज बैंक के **नए प्रबंध निदेशक** (MD) और **मुख्य कार्यकारी अधिकारी** (CEO) -- **कर्णम सेकर।**
   नोट: उन्होंने आर. सुब्रमण्य कुमार की जगह ली। श्री सेकर ने भारतीय स्टेट बैंक (SBI) में एक परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने देना बैंक के प्रबंध निदेशक और CEO के रूप में भी सेवा की थी।
4. भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर के पद **एन.एस. विश्वनाथन को** पुन: नियुक्त किया गया।
   नोट: मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने RBI के डिप्टी गवर्नर के रूप में विश्वनाथन के कार्यकाल को एक वर्ष (4 जुलाई, 2019 से) का विस्तार प्रदान करने की मंजूरी दी। विश्वनाथन बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और सहकारी बैंकों के विनियमन के प्रभारी हैं। विश्वनाथन के अलावा, RBI के अन्य डिप्टी गवर्नर **बी.पी. कानूनगो** और **एम.के. जैन** हैं।
5. अमेरिकी अर्थशास्त्री **डेविड लिप्टन** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के अंतरिम प्रमुख के रूप में कार्य करेंगे।
   नोट: वह **क्रिस्टीन लेगार्ड** की जगह लेंगे जिन्हें **यूरोपीय सेंट्रल बैंक** का प्रमुख नियुक्त किया गया था।
   अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रमुख क्रिस्टीन लेगार्ड यूरोपीय सेंट्रल बैंक की प्रमुख के रूप में नियुक्त होने वालीं पहली महिला हैं।
6. **माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क** (MFIN) का अध्यक्ष **मनोज कुमार नांबियार को** चुना गया।
   नोट: वह क्रेडिट एक्सेस जर्मन के **प्रमुख MD** तथा CEO **उदय कुमार हेब्बार** की जगह लेंगे। **विनीत छत्री** (स्वतंत्र माइक्रोफिन) उपाध्यक्ष होंगे। माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क भारत में माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र के लिए एक संघ है। इसके सदस्य संगठन भारत में प्रमुख माइक्रोफाइनेंस संस्थानों का गठन करते हैं।
7. **राहुल गांधी** ने आधिकारिक तौर **कांग्रेस अध्यक्ष के** पद से इस्तीफा दिया।
   नोट: श्री गांधी के अनुसार, पार्टी की कार्य समिति को उनके उत्तराधिकारी पर निर्णय लेने के लिए शीघ्र बैठक

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

करनी चाहिए। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (कांग्रेस पार्टी और संक्षिप्त नाम INC के रूप में प्रसिद्ध) भारत का एक प्रमुख राजनीतिक दल है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना वर्ष 1885 में ए.ओ. ह्यूम ने की थी।

8. IMF की प्रबंध निदेशक **क्रिस्टीन लेगार्ड को यूरोपीय सेंट्रल बैंक का अध्यक्ष** नियुक्त किया गया।
नोट: इस नियुक्ति का अर्थ है कि लेगार्ड IMF के पद पर अपने दूसरे पांच वर्षीय कार्यकाल के अंत से दो वर्ष पूर्व पद छोड़ देंगी। क्रिस्टीन लेगार्ड मारियो द्राघी की जगह लेंगी, जिनका कार्यकाल 31 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है।

9. ग्रीस के प्रधान मंत्री पद की शपथ **किरियाकोस मित्सोताकिस ने ली।**
नोट: मित्सोताकिस की न्यू डेमोक्रेसी पार्टी ने 300 सीटों वाली संसद में 158 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत हासिल किया। वह इससे पहले नेता प्रतिपक्ष (वर्ष 2016 से 2019 तक) थे और उन्होंने प्रशासनिक सुधार मंत्री (वर्ष 2013 से 2015 तक) के रूप में भी कार्य किया है। मित्सोताकिस देश में लंबे समय तक कार्य करने वाले सांसदों में से एक, पूर्व प्रधानमंत्री कॉन्सटेंटाइन मित्सोताकिस के पुत्र हैं।

10. **लिंक्डइन** के भारत के **कंट्री मैनेजर** के रूप में **आशुतोष गुप्ता को** नियुक्त किया।
नोट: वह महेश नारायणन की जगह लेंगे, जो जनवरी, 2019 से जून, 2019 तक भारत (लिंक्डइन) के लिए कंट्री मैनेजर थे। श्री गुप्ता 2 सितंबर, 2019 से अपनी नई भूमिका में पदभार संभालेंगे। लिंक्डइन के 630 मिलियन से अधिक वैश्विक उपयोगकर्ता और भारत में 57 मिलियन से अधिक सदस्य हैं। लिंक्डइन एक अमेरिकी व्यापार एवं रोजगार-उन्मुख संगठन है जो वेबसाइटों और मोबाइल ऐप के माध्यम से उपयोग की जाती है।

11. वरिष्ठ IAS अधिकारी **श्री अरुण कुमार को नागर विमानन महानिदेशालय** (DGCA) का **पूर्णकालिक प्रमुख** नियुक्त किया गया।
नोट: मंत्रिमंडल नियुक्ति समिति ने अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार अरुण कुमार की नियुक्ति को मंजूरी दी। श्री अरुण कुमार बी.एस. भुल्लर के सेवानिवृत्त होने के बाद 1 जून से महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे।

12. केंद्र सरकार ने विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (AERA) के अध्यक्ष पद पर पांच वर्ष के लिए **बी.एस. भुल्लर**
को नियुक्त किया है।
नोट: नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA) केंद्रीय **नागर विमानन मंत्रालय** के अंतर्गत नागरिक उड्डयन के लिए भारतीय नियामक संस्था है। एक नियामक संस्था के रूप में, इसका उद्देश्य भारत में विनियमन और सक्रिय सुरक्षा निगरानी प्रणाली के माध्यम से सुरक्षित एवं कुशल वायु परिवहन को बढ़ावा देना है। यह अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार भारत में नागरिक वायु विनियम, वायु सुरक्षा और उड़ान योग्य मानकों को लागू करता है।

13. अग्निशमन सेवा, लोक रक्षा और होम गार्ड का महानिदेशक **एम. नागेश्वर राव को** नियुक्त किया गया।
नोट: इससे पहले, वह केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) के अतिरिक्त निदेशक के पद पर थे। लेफ्टिनेंट जनरल **शैलेश सदाशिव तिनेकर** (34 वर्षीय) ने जुबा में **संयुक्त राष्ट्र के दक्षिण सूडान मिशन** (UNMISS) के **फोर्स कमांडर** का पदभार संभाला।

14. फिटनेस ब्रांड **रिबॉक** ने बॉलीवुड अभिनेत्री **कैटरीना कैफ** को भारत में अपना नया **ब्रांड एंबेसडर** घोषित किया।
नोट: यह संगति रीबॉक की भारत में सर्वश्रेष्ठ फिटनेस ब्रांड के रूप में प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाएगी। कैटरीना, जो हर दिन स्वस्थ और बेहतर शरीर के लिए कड़ी मेहनत करती है, ब्रांड की प्रकृति को साकार रूप देती हैं और वह आज की पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं। रिबॉक एक इंग्लैंड की फुटवियर और परिधान कंपनी है, जो जर्मन स्पोर्ट्स कंपनी एडिडास की सहायक कंपनी (वर्ष 2005 से) है। रिबॉक कपड़ों और जूते सहित

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

फिटनेस, रनिंग और क्रॉसफिट स्पोर्ट्सवियर का उत्पादन और वितरण करती है।

15. विदेश मंत्रालय में सचिव (परामर्श, पासपोर्ट, वीज़ा और अप्रवासी भारतीय मामले) **विकास स्वरूप को** बनाया गया।

नोट: इनकी नियुक्ति 1 अगस्त 2019 से प्रभावी होगी। वर्तमान में श्री स्वरूप कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त हैं। अप्रवासी भारतीय मामले मंत्रालय भारत सरकार का एक मंत्रालय था, यह दुनिया भर में फैले भारतीय अप्रवासियों से जुड़े मामलों के लिए समर्पित था।

16. भारतीय निर्वाचन आयोग ने **वेल्लोर (तमिलनाडु) लोक सभा** चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की।

नोट: आम चुनाव, 2019 में वेल्लोर पूरे देश में एकमात्र ऐसा संसदीय क्षेत्र था जहाँ चुनाव आयोजित नहीं हुआ था। हालिया आम चुनावों के दौरान, आयकर विभाग द्वारा मतदाताओं के बीच पैसा बांटने के उद्देश्य से ले जा रहे भारी मात्रा में नोटों के पकड़े जाने के बाद इस क्षेत्र में चुनाव रद्द कर दिए गए थे।

17. **पंजाब मंत्रिमंडल से इस्तीफा** देने वाले कांग्रेस नेता -- **नवजोत सिंह सिद्धू।**

नोट: श्री सिद्धू पंजाब मंत्रिमंडल में जून में हुई फेरबदल में महत्वपूर्ण विभाग छीन लिए जाने के बाद नाराज थे। 6 जून 2019 को, **मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह** ने सिद्धू को **स्थानीय सरकार और पर्यटन** एवं सांस्कृतिक मामलों के विभागों से हटा दिया था और उन्हें ऊर्जा और नई एवं **नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो** आवंटित किया था।

18. राष्ट्रपति **राम नाथ कोविंद** ने वरिष्ठ भाजपा नेता **कलराज मिश्र** को **हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल** नियुक्त किया।

नोट: उन्होंने **आचार्य देवव्रत** (60 वर्षीय) की जगह ली जिन्हें स्थानांतरित करके **गुजरात का राज्यपाल** नियुक्त किया गया है। श्री **आचार्य देवव्रत** गुजरात के राज्यपाल **ओ.पी. कोहली** की जगह लेंगे, जिन्होंने **15 जुलाई 2019** को अपना पांच वर्षीय कार्यकाल पूरा किया। भारत के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्यपालों (राज्यों में) तथा उप-राज्यपालों/प्रशासकों (केंद्र शासित प्रदेश और दिल्ली एन.सी.टी में) की राज्य स्तर पर वही शक्तियां एवं कार्य हैं जो केंद्र में भारत के राष्ट्रपति की होती हैं। राज्यपाल अभिहित प्रमुख के रूप में कार्य करता है, जबकि वास्तविक शक्ति राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उसकी मंत्रि परिषद में निहित होती है।

19. विश्व बैंक की प्रबंध निदेशक (MD) और **मुख्य वित्तीय अधिकारी** (CFO) **अंशुला कांत को** नियुक्त किया गया।

नोट: प्रबंध निदेशक और मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में, अंशुला कांत विश्व बैंक समूह के वित्तीय एवं जोखिम प्रबंधन का उत्तरदायित्व संभालेंगी। अंशुला के पास भारतीय स्टेट बैंक (SBI - प्रोबेशनरी ऑफीसर - 1983) के CFO के रूप में कार्य करने के माध्यम से वित्त, बैंकिंग और अभिनव प्रौद्योगिकी उपयोग में 35 वर्षों से अधिक की विशेषज्ञता है। विश्व बैंक एक अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान है जो निर्धन देशों की सरकारों को पूंजीगत परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से ब्याज मुक्त ऋण और अनुदान प्रदान करता है।

20. राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने भाजपा के **वरिष्ठ नेता बिस्वा भूषण हरिचंद्रन को आंध्र प्रदेश का राज्यपाल** नियुक्त किया।

नोट: उन्होंने **ई.एस.एल. नरसिम्हन** की जगह ली, जो **आंध्र प्रदेश** और **तेलंगाना** के राज्यपाल के रूप में कार्यरत थे।इससे पहले, **श्री हरिचंद्रन** ओडिशा विधानसभा के लिए पांच बार भुवनेश्वर और चिलिका से चुने गए थे।

21. राष्ट्रपति **राम नाथ कोविंद** ने भाजपा के **वरिष्ठ आदिवासी नेता अनुसुइया उइके** को **छत्तीसगढ़ का राज्यपाल** नियुक्त किया।

नोट: अनुसुइया उइके ने आनंदीबेन पटेल की जगह ली, जो मध्य प्रदेश के राज्यपाल के साथा-साथ छत्तीसगढ़ का प्रभार भी संभाल रही थीं। पद भार ग्रहण करने के दिवस से **नियुक्तियां** प्रभावी होंगी।

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

22. जर्मनी की रक्षा मंत्री **उर्सुला वॉन डेर लीन** को **यूरोपीय आयोग की प्रथम महिला अध्यक्ष** चुना गया।
नोट: फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में यूरोपीय संसद में लीन की नियुक्ति को 383 मत (आवश्यक 374) द्वारा मंजूरी प्रदान की गई। उनके विपक्ष में **327 मत पड़े** और **22 लोगों** ने मतदान नहीं किया था। कई MEP की समस्याओं को देखते हुए गुट के 28 सदस्य राष्ट्रों के प्रमुखों द्वारा पिछले महीने वॉन डेर लीन को ब्रुसेल्स के शीर्ष पद पर प्रथम महिला के रूप में नियुक्ति हेतु नामित किया गया था।

23. **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष** (IMF) की **प्रबंध निदेशक क्रिस्टीन लेगार्ड** ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
नोट: IMF के कार्यकारी बोर्ड ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया, जो 12 सितंबर से प्रभावी होगा। यदि यूरोपीय परिषद लेगार्ड के ECB के नामांकन को मंजूरी देती है, तो वह यूरोपीय सेंट्रल बैंक की पहली महिला प्रमुख बन जाएंगी, जो यूरो और यूरोजोन की मौद्रिक नीति के लिए उत्तरदायी है। फ्रांस की पूर्व कैबिनेट मंत्री लेगार्ड वर्ष 2011 से IMF का नेतृत्व कर रही हैं।

24. वरिष्ठ राजनयिक **संजीव कुमार सिंगला को इजराइल में भारत का राजदूत** नियुक्त किया गया।
नोट: वे पवन कपूर की जगह लेंगे, जिन्होंने वर्ष **2016 में इजराइल** में भारत के राजदूत के रूप में पदभार संभाला था। इससे पहले वह भारत के प्रधान मंत्री के निजी सचिव (PS) के रूप में कार्यरत थे।

25. **उपेंद्र सिंह रावत** (IFS अधिकारी) को **पनामा में भारत के अगले राजदूत** के रूप में नियुक्त किया गया।
नोट: वह रवि थापर की जगह लेंगे।

26. राज्यसभा सांसद **डी. राजा को CPI (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी)** का महासचिव नियुक्त किया गया।
नोट: राजा को इस सप्ताह के प्रारंभ में पार्टी के निर्णय लेने वाली शीर्ष संस्था **CPI नेशनल काउंसिल** की तीन दिवसीय बैठक में सर्वसम्मति से एस. सुधाकर रेड्डी के उत्तराधिकारी के रूप में चुना गया था। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (CPI) (गठन - 26 दिसंबर, 1925) भारत की सबसे पुरानी कम्युनिस्ट पार्टी है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), जो वर्ष 1964 में चीन और सोवियत संघ के बीच एक वैचारिक मनमुटाव के बाद CPI से अलग हो गई, का दावा है कि पार्टी का गठन वर्ष 1925 में हुआ था।

27. **राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस महासंघ** (CTTF) का **अध्यक्ष (चेयरमैन) विवेक कोहली को** चुना गया।
नोट: विवेक कोहली ने **एलेन रैनसम** (इंग्लैंड) को उनसे **16 अधिक मत** हासिल करके हराया। **CTTF के प्रेसीडेंट** का पद पहले से ही TTFI प्रमुख **दुष्यंत चौटाला** के पास है।

28. भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी **विवेक कुमार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निजी सचिव** के रूप में नियुक्त किया गया।
नोट: वर्तमान में, श्री कुमार **प्रधानमंत्री कार्यालय** में निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। श्री कुमार की नियुक्ति पदभार ग्रहण करने के दिन से प्रभावी होगी।

29. सीमा सुरक्षा बल (BSF) के नए महानिदेशक के पद पर **वी.के. जौहरी को** नियुक्त किया गया।
नोट: वह रजनी कांत मिश्रा की जगह लेंगे, जो 31 जुलाई, 2019 को सेवानिवृत्त होंगे। वर्तमान में, श्री जौहरी कैबिनेट सचिवालय के तहत रॉ में विशेष सचिव के रूप में कार्यरत हैं। BSF देश का सबसे बड़ा सीमा सुरक्षा बल (वर्तमान संख्या लगभग 2.5 लाख सैनिक) है और इसे पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ भारत की दो सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील सीमाओं की रक्षा करने का कार्य सौंपा गया है।

30. कंजर्वेटिव पार्टी के नेता **बोरिस जॉनसन को** यूनाइटेड किंगडम का नया प्रधान मंत्री चुना गया।
नोट: यूनाइटेड किंगडम का प्रधान मंत्री यूनाइटेड किंगडम की सरकार का प्रमुख होता है और मंत्रिमंडल की बैठकों की अध्यक्षता करता है। प्रधानमंत्री कार्यपालिका और व्यवस्थापिका दोनों को निदेशित करता हैं, और अपने मंत्रिमंडल के साथ राष्ट्र, संसद, अपनी राजनीतिक पार्टी और अंत में मतदाताओं के लिए

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

नीतियों और कार्यों के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होता है।

31. अमेरिकी सीनेट ने पूर्व सैनिक **मार्क एस्पर** को **रक्षा सचिव** नियुक्त किया।

नोट: एस्पर ने पैट्रिक शानेहन की जगह ली, जिन्होंने कार्यवाहक पद पर सेना का नेतृत्व किया, लेकिन इस सप्ताह घरेलू हिंसा के आरोपों के बाद एक स्थायी भूमिका पर विचार करने से अपना नाम वापस ले लिया। इससे पहले मार्क एस्पर ने कार्यवाहक रक्षा सचिव के रूप में कार्य किया था और वर्ष 2017 से 2019 तक 23वें संयुक्त राज्य अमेरिका के सेना सचिव थे।

32. भाजपा के अनुभवी और ओडिशा के पूर्व मंत्री **श्री बिस्वभूषण हरिचंदन ने आंध्र प्रदेश के नए राज्यपाल** (23वें) के रूप में शपथ ग्रहण की।

नोट: हरिचंदन ने ई.एस.एल नरसिम्हन की जगह ली, जो तेलंगाना के राज्यपाल हैं। राज्यपाल और उप-राज्यपाल को राष्ट्रपति द्वारा पांच वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाता है।

33. गृह मंत्रालय में ऑफीसर ऑन स्पेशल ड्यूटी (OSD) **अजय कुमार भल्ला** को नियुक्त किया।

नोट: वर्तमान में, श्री भल्ला ऊर्जा सचिव के रूप में कार्यरत हैं। अंशु प्रकाश को अरुणा सुंदरराजन के स्थान पर नया दूरसंचार सचिव नियुक्त किया गया है, जो 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रही हैं। गृह सचिव गृह मंत्रालय का प्रशासनिक प्रमुख होता है और गृह मंत्रालय के अंदर नीति और प्रशासन के सभी मामलों में गृह मंत्री का मुख्य सलाहकार होता है।

34. यू.के. के गृह सचिव के रूप में **प्रीति पटेल को** नियुक्त किया गया।

नोट: प्रधानमंत्री ने पूर्व गृह सचिव साजिद जाविद (पूर्व बैंकर) को फिलिप हैमंड के स्थान पर वित्त सचिव या चांसलर के रूप में पदभार संभालने के लिए चुना। जॉनसन ने ब्रेक्सिट कट्टरपंथी डॉमिनिक राब को देश का विदेश सचिव नियुक्त किया। प्रीति पटेल (विटहैम से सांसद) को पहली बार वर्ष 2010 में कंजर्वेटिव पार्टी से सांसद के रूप में चुना गया था और उन्होंने तत्कालीन डेविड कैमरन के नेतृत्व वाली टोरी सरकार में भारतीय प्रवासी चैंपियन के रूप में शोहरत हासिल की।

35. बी.एस. येदियुरप्पा ने **कर्नाटक** के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की।

नोट: कर्नाटक के **राज्यपाल वैजूभाई वाला** ने भाजपा नेता **बी.एस. येदियुरप्पा** (76 वर्षीय) को बेंगलुरु में विधान सौध के बाहर आयोजित एक समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। बी.एस. येदियुरप्पा को उनकी पहले-किसान नीति जैसे कर्नाटक सरकार में अलग कृषि बजट पहल के लिए "रायथारा बंधु" के नाम से जाना जाता है।

36. लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता जिन्हें लोक लेखा समिति (PAC) का अध्यक्ष **अधीर रंजन चौधरी को** नियुक्त किया गया।

नोट: PAC में लोकसभा के 15 और राज्यसभा के 7 सदस्य होते हैं। समिति के सदस्यों का कार्यकाल एक बार में एक वर्ष से अधिक नहीं बढ़ाया जाता है। इससे पहले, मल्लिकार्जुन खड़गे (16वीं लोकसभा में कांग्रेस नेता) PAC के अध्यक्ष थे।

37. अमेरिकी सीनेट ने चेयरमैन ऑफ ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ (CJCS) के रूप में **जनरल मार्क मिले को** चुना है।

नोट: वह जनरल जोसेफ डनफोर्ड की जगह लेंगे। चेयरमैन को नियुक्ति के लिए राष्ट्रपति द्वारा नामित किया जाता है और सीनेट द्वारा बहुमत के माध्यम से उसके नाम की पुष्टि की जाती है। **चेयरमैन ऑफ ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ** (CJCS), संयुक्त राज्य अमेरिका के सशस्त्र बलों में सर्वोच्च रैंक वाला वरिष्ठतम सैन्य अधिकारी हैं।

38. **महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड** (MTNL) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार **सुनील कुमार को** सौंपा गया।

नोट: वर्तमान में, श्री कुमार MTNL में मानव संसाधन और उद्यम व्यवसाय निदेशक हैं। उन्होंने पी.के. पुरवार की जगह ली जो हाल ही में BSNL के अध्यक्ष और

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

प्रबंध निदेशक के पद पर नियुक्त किए गए थे। MTNL दिल्ली और मुंबई क्षेत्र में दूरसंचार सेवाओं का संचालन करती है, यह लगातार घाटे में चल रही है और सरकार की ओर से एक व्यापक पुनरुद्धार योजना का इंतजार कर रही है।

39. सीमा सुरक्षा बल (BSF) के नए महानिदेशक के पद पर **वी.के. जौहरी** को नियुक्त किया गया।

नोट: वह रजनी कांत मिश्रा की जगह लेंगे, जो 31 जुलाई, 2019 को सेवानिवृत्त होंगे। वर्तमान में, श्री जौहरी कैबिनेट सचिवालय के तहत रॉ में विशेष सचिव के रूप में कार्यरत हैं। BSF देश का सबसे बड़ा सीमा सुरक्षा बल (वर्तमान संख्या लगभग 2.5 लाख सैनिक) है और इसे पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ भारत की दो सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील सीमाओं की रक्षा करने का कार्य सौंपा गया है।

40. वरिष्ठ IAS अधिकारी **राजीव कुमार को** नया **वित्त सचिव** नियुक्त किया गया।

नोट: उन्होंने सुभाष चंद्र गर्ग (1983 बैच के IAS - अधिकारी) की जगह ली, जो वर्तमान में ऊर्जा सचिव हैं। वर्तमान में, श्री राजीव कुमार वित्तीय सेवा विभाग में सचिव के रूप में कार्यरत हैं। वित्त सचिव वित्त मंत्रालय का प्रशासनिक प्रमुख और यह वित्त मंत्रालय में नीति और प्रशासन के सभी मामलों पर वित्त मंत्री का प्रमुख सलाहकार होता है।

41. उत्तर प्रदेश की राज्यपाल **आनंदीबेन पटेल है।**

नोट: उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश गोविंद माथुर ने उन्हें लखनऊ के राजभवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पहले, वह मध्य प्रदेश की राज्यपाल के रूप में कार्यरत थीं। सरोजिनी नायडू के बाद सुश्री पटेल राज्य की दूसरी महिला राज्यपाल होंगी।

42. फागू चौहान ने **बिहार** के 29वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली।

नोट: फागू चौहान को पटना के राजभवन में पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अमरेश्वर प्रताप शाही ने पद की शपथ दिलाई। फागू चौहान घोसी से उत्तर प्रदेश की 17वीं विधान सभा के पूर्व सदस्य हैं, यह सीट उन्होंने रिकॉर्ड छह बार जीती थी।

43. भाजपा के वरिष्ठ नेता **लालजी टंडन** ने **मध्य प्रदेश के राज्यपाल** के रूप में शपथ ली।

नोट: उन्हें उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश रविशंकर झा ने शपथ दिलाई। श्री टंडन ने आनंदीबेन पटेल की जगह ली, जिन्हें उत्तर प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया था।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. जल शक्ति मंत्री **गजेंद्र सिंह शेखावत** ने **जल संचयन एवं संरक्षण के उपायों** बढ़ाने के लिए **देश भर** में **'जल शक्ति अभियान'** शुरू किया।

नोट: यह योजना का **उद्देश्य परिसंपत्ति निर्माण** और संचार अभियानों के माध्यम से जल संरक्षण और सिंचाई कार्य को बढ़ावा देकर एक जन आंदोलन उत्पन्न करना है। अतिरिक्त एवं संयुक्त सचिवों सहित **250 से अधिक अधिकारियों** को देश में जल-संकट वाले जिलों का प्रभारी नियुक्त किया गया है ताकि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की योजना बनाई जा सके। उन्हें जल शक्ति अभियान के समन्वय के लिए 255 जल-संकट वाले जिलों का केंद्रीय प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

2. **'ए प्राइम मिनिस्टर टू रिमेम्बर: मेमोरीज़ ऑफ ए मिलिट्री चीफ'** शीर्षक वाली पुस्तक के लेखक **एडमिरल सुशील कुमार** है।

नोट: यह पुस्तक **दिवंगत प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी** के भारत के सशस्त्र बलों पर बड़े प्रभाव से संबंधित है। पूर्व नौसेना प्रमुख **सुशील कुमार** ने कारगिल युद्ध, **IC 814** के अपहरण और ऑपरेशन पराक्रम के

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

चुनौतीपूर्ण समय के दौरान प्रधान मंत्री **अटल बिहारी वाजपेयी** (वर्ष 1998 से 2001 तक) के साथ काम किया।

3. **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग** (UGC) ने **भारत में अनुसंधान संस्कृति को** प्रोत्साहन देने के लिए **'स्कीम फॉर ट्रांस-डिसिप्लिनेरी रिसर्च फॉर इंडियाज़ डेवलपिंग इकोनॉमी'** (STRIDE) को मंजूरी दी।
नोट: यह योजना कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में अनुसंधान संस्कृति और नवाचार को मजबूत करेगी। यह उन अनुसंधान कार्यों को सहायता प्रदान करेगा जो सामाज के अनुरूप, स्थानीय स्तर पर आवश्यक, राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण और वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण हैं। UGC द्वारा **संपूर्ण योजना की देखरेख** के लिए प्रोफेसर भूषण पटवर्धन की अध्यक्षता में एक सलाहकार समिति का गठन किया गया है। **STRIDE अनुसंधान क्षमता विकास** के साथ-साथ मूल, प्रायौगिक और परिवर्तनकारी कार्य अनुसंधान का समर्थन करेगा जो समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करने के साथ राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में योगदान दे सकता है।
4. केंद्रीय मंत्री **स्मृति ईरानी** ने नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में **विस्पर्स ऑफ टाइम** पुस्तक का विमोचन किया।
नोट: यह पुस्तक विस्पर्स ऑफ टाइम **डॉ. कृष्णा सक्सेना** (91-वर्षीय) द्वारा लिखि गई है। **'विस्पर्स ऑफ टाइम'** उनके जीवन के नौ दशकों के अनुभवों, अहसासों और पर्यवेक्षणों को तथ्यों पर आधारित कथा पुस्तक में शामिल करने का प्रयास है। डॉ. सक्सेना वर्ष 1955 में **अंग्रेजी साहित्य** में **पीएचडी की डिग्री** हासिल करने वाली उत्तर प्रदेश की पहली महिला अभ्यर्थी हैं।
5. केंद्र सरकार ने वर्ष 2019-20 के लिए तुअर दाल पर आयात सीमा को दो लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर **4 लाख मीट्रिक टन** करने का फैसला किया।
नोट: केंद्र सरकार ने **मूल्य स्थिरीकरण कोष** के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए दालों के **सुरक्षित भंडार** में उपलब्ध **दो लाख मीट्रिक टन तुअर दाल** भी प्रदान करने का फैसला किया है। केंद्र सरकार ने तुअर और अन्य दालों की घरेलू उपलब्धता में सुधार लाने और मूल्य स्थिरता को सुविधाजनक बनाने के लिए **जुलाई, 2016** में मोजांबिक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।
6. भारतीय रेलवे ने प्रमुख यात्री ट्रेनों की 7,000 से अधिक बोगियों में **मार्च, 2021** तक CCTV कैमरे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
नोट: रेल मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में यह बात कही। प्रीमियम, मेल, एक्सप्रेस और उपनगरीय ट्रेनों की बोगियों में CCTV कैमरे पहले ही लगाए जा चुके हैं। प्रमुख यात्री ट्रेनों की 1,300 बोगियों में भी कैमरे लगाए गए हैं।
7. **केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति** ने वर्ष 2019-20 की **खरीफ** फसलों के **न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) में वृद्धि** को मंजूरी दी।
नोट: धान के **न्यूनतम समर्थन मूल्य** (MSP) में **65 रुपये प्रति क्विंटल** की वृद्धि, **ज्वार में 120 रुपये** और रागी के मूल्य में **253 रुपये प्रति क्विंटल** की वृद्धि की गई है। **कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर** के अनुसार, इस कदम से किसानों के लिए सुनिश्चित पारिश्रमिक कीमतों के माध्यम से निवेश और उत्पादन में वृद्धि होगी। तुअर का MSP 125 रुपये, मूंग का 75 रुपये और उड़द दाल का 100 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है।
8. रिलायंस जियो ने नया डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम **डिजिटल उड़ान** शुरू किया।
नोट: 'डिजिटल उड़ान' का उद्देश्य ऐसे **इंटरनेट उपयोगकर्ताओं** को डिजिटल साक्षरता प्रदान करना है जो इंटरनेट पारिस्थितिकी तंत्र और ऐप का पहली बार उपयोग कर रहे हैं। **जियो डिजिटल उड़ान कार्यक्रम** को 13 राज्यों में 200 स्थानों पर फेसबुक के साथ साझेदारी में शुरू किया जा रहा है। डिजिटल उड़ान पहल के एक भाग के रूप में, **जियो जियोफोन** के फीचर, विभिन्न एप्लीकेशनों और **जियोफोन में फेसबुक उपयोग** करने सहित इंटरनेट सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान करने

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

के लिए हर शनिवार को उपयोगकर्ताओं के साथ जुड़कर उनकी सहायता करेगा।

9. **भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण** (UIDAI) ने अपना विशिष्ट **'आधार सेवा केंद्र'** (ASK) **नई दिल्ली और विजयवाड़ा में** स्थापित किया।

नोट: यह मंगलवार और **सार्वजनिक अवकाश** को छोड़कर सप्ताह में छह दिन खुला रहेगा। ये आधार केंद्र नागरिकों को नए आधार कार्ड के लिए आवेदन करने या मौजूदा आधार कार्ड को अपडेट करने की सुविधा प्रदान करेंगे। UIDAI की वर्ष 2019 के अंत तक ऐसे 114 केंद्र स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना है। हालांकि वर्तमान में बैंकों और डाकघरों द्वारा हजारों आधार केंद्र चलाए जा रहे हैं लेकिन आधार सेवा केंद्र (ASK) UIDAI द्वारा संचालित पहला विशेष केंद्र है।

10. भारत का पहला डिजाइन डेवलपमेंट सेंटर **'फैशनोवा' सूरत, गुजरात में** शुरू किया गया।

नोट: फैशनोवा की शुरूआत शहर को फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में बढ़ावा देगी। इस स्टूडियो का मुख्य उद्देश्य उन सभी को एक मजबूत मंच प्रदान करना है, जिनका परिधान व्यवसाय की ओर रुझान है। यह बड़े पैमाने पर सहकार्य स्थानों से लेकर तकनीशियन, संज्ञानात्मक कार्यशालाओं के लिए विशेषज्ञ सलाह और उद्योग तक पहुंच सहित सभी व्यवसायिक जरूरतों को पूरा करता है।

11. भारत **अंतर्राष्ट्रीय सूरजमुखी बीज एवं तेल सम्मेलन** (ISSOC) 2019 का तीसरा संस्करण **मुंबई में** आयोजित करेगा।

नोट: इस समारोह का आयोजन सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (SEA) द्वारा किया जाएगा। पिछले दो संस्करण चीन और यूक्रेन में आयोजित किए गए थे। सूरजमुखी के बीज को एक **अच्छे सजावटी बीज** (टेबल-सीड) और पाकशाला संबंधी बीज के रूप में देखा जाता है, जिसका उपयोग केक और पेस्ट्री सहित विभिन्न प्रकार के भोजन तैयार करने में होता है।

12. पहला **भारत अंतर्राष्ट्रीय सहकारी व्यापार मेला** (IICTF) **नई दिल्ली में** आयोजित किया जाएगा।

नोट: यह किसानों, कारीगरों और सहकारी समितियों के अन्य सदस्यों को सीधे वैश्विक व्यापार क्षेत्र में ले जाने की एक अनूठी पहल है जो 11 से 13 अक्टूबर, 2019 तक नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में आयोजित की जाएगी।

13. ई-वाहनों के लिए भारत का पहला राजमार्ग गलियारा **मार्च 2020 में** शुरू होने की उम्मीद है।

नोट: इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों के साथ भारत का **पहला राजमार्ग गलियारा** वर्ष 2020 तक दिल्ली-जयपुर और दिल्ली-आगरा राजमार्गों पर शुरू होने की उम्मीद है। यमुना एक्सप्रेसवे (दिल्ली और आगरा के बीच) और राष्ट्रीय राजमार्ग 48 (दिल्ली और जयपुर के बीच) पर गलियारे की कुल लंबाई 500 किमी होगी। परियोजना में लगे एक अधिकारी ने कहा, कि ई-गलियारा केंद्र द्वारा समर्थित एक निजी संस्था एडवांस सर्विस फॉर सोशल एंड एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म (ASSAR) के ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस प्रोग्राम (EODB) के अंतर्गत पहला प्रस्तावित गलियारा है।

14. रेल मंत्री **पीयूष गोयल** के अनुसार, केंद्र सरकार रेलवे में **2030** तक 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश पर विचार कर रही है।

नोट: पिछले 65 वर्षों में देश में रेल अवसंरचना में **मात्र 30 प्रतिशत** की वृद्धि हुई है, जबकि माल एवं यात्री आवागमन में 1500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। श्री गोयल ने घोषणा की कि मुंबई से गोवा के बीच मंगलुरु तक के कोंकण रेल मार्ग का 11,000 करोड़ रुपये की लागत से विद्युतीकरण किया जाएगा।रेलवे के विद्युतीकरण से प्राकृतिक कोंकण रेलवे मार्ग पर गति में सुधार होगा और प्रदूषण में कमी आएगी।

15. यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल सूची में 38वें भारतीय स्थल के रूप में प्रवेश करने वाला राजस्थान का **वाल्ड सिटी ऑफ जयपुर है।**

नोट: बाकू (अजरबैजान) में जारी यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति के 43वें सत्र के बाद यह घोषणा की गई। समिति ने वाल्ड सिटी जयपुर को विश्व धरोहर

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

सूची में शामिल करने के लिए नामांकन की जांच की।इसके साथ, भारत में अब **38 विश्व धरोहर स्थल** (30 सांस्कृतिक संपत्तियां, 7 प्राकृतिक संपत्तियां और एक मिश्रित स्थल) हैं।

16. **'वर्ल्ड स्किल्स इंडियाज इंटरनेशनल क्लाउड कंप्यूटिंग चैलेंज 2019'** का आयोजन करने के लिए **राष्ट्रीय कौशल विकास निगम** के साथ **NASSCOM ने** साझेदारी किया।

नोट: इस प्रतियोगिता में भारत सहित दस देश न्यूजीलैंड, बेल्जियम, जापान, चीन, दक्षिण कोरिया, रूस, ओमान और आयरलैंड भाग ले रहे हैं। **"वर्ल्ड स्किल्स इंडिया"** वर्ष 2011 में शुरू की गई एक NSDC पहल है, जो उद्योगों और शिक्षकों के साथ युवाओं को एक प्लेटफॉर्म प्रदान करती है। नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (NASSCOM) भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (IT) और बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (BPO) उद्योग का एक व्यापार संघ है।

17. **सीमा सुरक्षा बल (BSF)** ने पंजाब और जम्मू में पाकिस्तानी सीमा पर 'घुसपैठ-रोधी ग्रिड' को सशक्त बनाने के लिए **सुदर्शन** अभ्यास शुरू किया।

नोट: अभ्यास में BSF के वरिष्ठ फील्ड अधिकारियों, हजारों सैनिकों और मशीनरी को इन सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। इसमें 1,000 किमी से अधिक लंबी (जम्मू में 485 किलोमीटर और पंजाब में 553 किलोमीटर) पूरी भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा शामिल होगी। इन क्षेत्रों में बड़े और छोटे सभी क्षेत्रीय वाहनों का एक बेड़ा तैनात किया गया है क्योंकि फील्ड कमांडर इन क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं।

18. केंद्र सरकार ने ESI अधिनियम को पूरे देश में **वर्ष 2022** तक विस्तारित करने का निर्णय लिया।

नोट: श्रम एवं रोजगार मंत्री **संतोष कुमार गंगवार** ने कहा कि कुल 722 जिलों में से, ESI योजना को 541 जिलों तक विस्तारित किया गया है। ESIC 2.0 कार्यक्रम के तहत, ESI योजना को हाल ही में कार्यान्वित क्षेत्रों में विस्तारित किया गया था। मंत्री ने सदन को सूचित किया कि इस कार्यवाही से देश भर में लगभग 3 करोड़ 60 लाख कर्मचारियों को लाभ मिलने की संभावना है।

19. भारत ने **ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल** के **'वर्टिकल डीप डाइव'** संस्करण का सफल परीक्षण किया जो **पारंपरिक युद्ध की** गतिशीलता को परिवर्तित कर देगा।

नोट: विश्व की सबसे **तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल** का उन्नत संस्करण 500 किमी तक की विस्तारित मारक क्षमता के साथ भी तैयार है। ब्रह्मोस मिसाइल, जो ध्वनि की चाल की लगभग तीन गुना चाल 'मैक 2.8' पर चलती है, **Su-30 लड़ाकू विमानों** में लगाया जाने वाला सबसे भारी हथियार है। ब्रह्मोस एक मध्यम दूरी की रैमजेट सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है जिसे पनडुब्बी, जहाज, विमान या जमीन से लॉन्च किया जा सकता है। यह रूसी संघ के NPO मशिनोस्ट्रोयेनिया और भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के बीच एक संयुक्त उद्यम है, जिन्होंने साथ मिलकर ब्रह्मोस एयरोस्पेस का निर्माण किया है।

20. भारतीय वायुसेना के लिए दो नए हैवी-लिफ्ट चिनूक हेलीकॉप्टर **गुजरात में** पहुंचे।

नोट: अमेरिकी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग ने गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर भारतीय वायु सेना के लिए भारी वजन लेकर उड़ने में सक्षम **दो नए चिनूक हेलीकॉप्टर** के पहुंचने की घोषणा की। भारतीय वायु सेना ने 15 चिनूक हेलीकॉप्टरों का ऑर्डर दिया था और पहले चार हेलीकॉप्टर फरवरी में पहुंच गए थे। बोइंग इंडिया के अनुसार, उन्नत बहु-मिशन सक्षम हेलीकॉप्टर सशस्त्र बलों को बेजोड़ सामरिक एयरलिफ्ट क्षकता प्रदान करेगा। CH-47 चिनूक एक उन्नत बहु-मिशनीय हेलीकॉप्टर है और इसमें अधिक ऊंचाई तक भारी विस्फोटक सामग्री पहुंचाने की अद्वितीय क्षमता है।

21. उप-राष्ट्रपति **एम. वेंकैया नायडू** ने **लैंड रजिस्ट्रेशन, ग्लोबल प्रैक्टिसेस एंड लेसन्स फॉर इंडिया** पुस्तक का विमोचन किया।

नोट: पुस्तक के **लेखक बी.के. अग्रवाल** (हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव) हैं। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में उप-

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

राष्ट्रपति ने भूमि के कार्यों, स्थानांतरण और पंजीकरण मुकदमा नि:शुल्क बनाने के लिए एक व्यापक मॉडल का आह्वान किया।

22. अनधिकृत बोतल बंद पेयजल की बिक्री को रोकने के लिए एक अखिल भारतीय अभियान **"ऑपरेशन थर्स्ट" RPF (रेलवे सुरक्षा बल)** ने शुरू किया।

नोट: "ऑपरेशन थर्स्ट" का उद्देश्य रेलवे परिसर में अनधिकृत PDW (पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर) के खतरे को रोकना है। इस ऑपरेशन में भारतीय रेलवे के लगभग सभी प्रमुख स्टेशनों को शामिल किया गया था। इस मुद्दे पर संबंधित PCSC द्वारा निरंतर कार्यवाही के बाद विशेष अभियान चलाया जाएगा।

23. केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री **श्री डी. सदानंद गौड़ा** ने उर्वरक सब्सिडी के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के दूसरे चरण (DBT 2.0) का शुभारंभ किया।

नोट: उर्वरक में DBT व्यवस्था (DBT 1.0) का उद्देश्य खुदरा विक्रेता द्वारा लाभार्थियों को की गई वास्तविक बिक्री के आधार पर उर्वरक कंपनियों को विभिन्न श्रेणी के उर्वरकों पर 100% सब्सिडी जारी करना है। दूसरे चरण (DBT 2.0) के तहत, तीन नई पहल शुरू की गई हैं:

- **DBT डैशबोर्ड:** राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर उर्वरक आपूर्ति, उपलब्धता और आवश्यकता का विवरण।
- **PoS 3.0 सॉफ्टवेयर:** बहुभाषी सुविधा DBT सॉफ्टवेयर में पंजीकरण, लॉगिन और बिक्री गतिविधि के लिए आधार वर्चुअल आईडी विकल्प प्रदान करेगी।
- **डेस्कटॉप PoS संस्करण:** लैपटॉप और कंप्यूटर सिस्टम वाले खुदरा विक्रेता उर्वरक बिक्री के लिए हाई स्पीड ब्रॉडबैंड सेवा का उपयोग कर सकते हैं।

24. केंद्रीय मंत्री **श्री नरेंद्र सिंह तोमर** ने **UNWFP के** साथ 50 वर्ष की साझेदारी पूरे होने पर **कॉफी टेबल बुक का विमोचन** किया।

नोट: श्री नरेंद्र सिंह तोमर (केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री) ने नई दिल्ली में **'50 ईयर्स ऑफ पार्टनरशिप फॉर चेंज'** नामक एक **कॉफी टेबल बुक का विमोचन** किया। भारत में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा को दर्शाने के लिए मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (UNWFP) के बीच साझेदारी के पांच दशकों (50 वर्ष) के उपलक्ष्य में पुस्तक का विमोचन किया गया है।

25. सेना प्रमुख **जनरल बिपिन रावत** ने कारगिल शहीदों और युद्ध के सेवानिवृत्त सैनिकों को सम्मान, सलामी और श्रद्धांजलि देने के लिए एक **कारगिल श्रद्धांजलि गीत** जारी किया।

नोट: इस गीत को प्रख्यात हिंदी गीतकार समीर अंजान ने लिखा है और शतरु कबीर ने गाया है। यह गीत 26 जुलाई को मनाए जाने वाले कारगिल विजय दिवस की 20वीं वर्षगांठ के समारोह के एक भाग के रूप में जारी किया गया था।

26. DRDO ने **पोखरण रेंज** पर कवच-भेदी नाग मिसाइलों का सफल परीक्षण किया।

27. उप-राष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू द्वारा विमोचित पुस्तक का नाम -- **विवेकदीपनी।**

नोट: यह वह पुस्तक (10 भाषाओं में) है जिसमें आदि शंकराचार्य और स्वामी विवेकानंद जैसे आध्यात्मिक गुरुओं के तथ्य और सिद्धांत दिए गए हैं। मूल पुस्तक श्री आदि शंकराचार्य द्वारा प्रश्नोत्तर रत्नमालिका में लिखी गई है। विभिन्न 10 भाषाओं में अनुवाद वेदांत भारती द्वारा किया गया है।

28. राजमार्गों सहित बड़ी परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण हेतु केंद्र सरकार द्वारा प्रवर्तित राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष (NIIF) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर **भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने** हस्ताक्षर किए।

नोट: समझौता ज्ञापन SPV के निर्माण में सहयोग से संबंधित है, ताकि भविष्य में NHAI द्वारा निष्पादित की जाने वाली बड़ी सड़क परियोजनाओं (विशेष रूप से हरित

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

क्षेत्र परियोजना) के लिए निधि प्रबंधन किया जा सके। NHAI भारत में सड़क परियोजनाओं में निवेश करने के इच्छुक अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों और निधि प्रतिष्ठानों को आकर्षित करने के लिए वित्तपोषण के वैकल्पिक स्रोत तलाश रहा है। राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष (NIIF) देश में अवसंरचना क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा स्थापित कोष है।

29. संसद (लोकसभा और राज्यसभा) ने **पाकिस्तान** में निर्मित या निर्यात होने वाले सभी सामानों पर 200% शुल्क लगाने का एक वैधानिक प्रस्ताव पारित किया।

नोट: संसद ने इस संबंध में सीमा शुल्क अधिनियम की पहली अनुसूची में संशोधन को मंजूरी दी। भारत ने 16 फरवरी, 2019 से पाकिस्तान से निर्यात होने वाले सभी सामानों पर बुनियादी सीमा शुल्क 200% कर दिया था।

30. **संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम** (UNDP) और **ऑक्सफोर्ड पॉवर्टी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनिशिएटिव** द्वारा जारी **MPI 2019** के अनुसार, भारत ने वर्ष 2006 और 2016 के बीच **271 मिलियन** लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है।

नोट: जबकि बांग्लादेश में वर्ष 2004 और 2014 के बीच यह संख्या कम होकर 19 मिलियन तक पहुंच गई।101 देशों में (31 निम्न आय, 68 मध्यम आय और 2 उच्च आय), लगभग 1.3 बिलियन लोग 'बहुआयामी रूप से निर्धन' हैं, जिनमें खराब स्वास्थ्य, खराब गुणवत्ता के काम और हिंसा के खतरे शामिल हैं। रिपोर्ट ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि गरीबी की पारंपरिक अवधारणा पुरानी है, यह चिन्हित देश या यहां तक कि घरों को अमीर और गरीब के रूप में पहले से कहीं अधिक स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करती है।

31. केंद्र सरकार ने **पवन हंस में** सामरिक विनिवेश के लिए नए बोली दस्तावेज जारी किए।

नोट: प्रारंभिक सूचना ज्ञापन (PIM) के अनुसार, केंद्र सरकार ने **प्रबंधन नियंत्रण** के हस्तांतरण के साथ-साथ सामरिक विनिवेश के माध्यम से निवेशकों को पवन हंस लिमिटेड (PHL) में **51% की अपनी संपूर्ण हिस्सेदारी** का विनिवेश करने का फैसला किया है। PIM दस्तावेज में कहा गया है कि कंसोर्टियम के मामले में कंसोर्टियम के सभी सदस्यों की संयुक्त कुल संपत्ति 350 करोड़ रुपये की होनी चाहिए।

32. स्व-शासन की भावना को आगे बढ़ाने और कंपनी सचिवों के अभ्यास को मजबूत करने के लिए एक **अद्वितीय दस्तावेज पहचान संख्या** (UDIN) के रूप में पहल **भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (ICSI) ने** शुरू की।

नोट: UDIN सत्यापन और प्रमाणन सेवाओं की सूची बनाए रखने में सुविधा प्रदान करेगा। यह पहल हितधारकों और नियामकों को अभ्यास में कंपनी सचिवों द्वारा हस्ताक्षर किए गए या प्रमाणित दस्तावेजों के वास्तविक सत्यापन में भी सक्षम करेगी।

33. 'वार ओवर वर्ड्स: सेंसरशिप इन इंडिया, 1930-1960' पुस्तक की लेखक **देविका सेठी है।**

नोट: यह पुस्तक तीन महत्वपूर्ण दशकों - गांधीवाद विरोधी उपनिवेशवादी आंदोलन, द्वितीय विश्व युद्ध, विभाजन और स्वतंत्र भारत के प्रारंभिक वर्षों के दौरान भारत में प्रकाशनों की सेंसरशिप के इतिहास को बहाल करती है, उनके विषय में बताती है और जानकारी प्राप्त करती है। देविका सेठी हिमाचल प्रदेश के IIT-मंडी में आधुनिक भारतीय इतिहास पढ़ाती हैं। पुस्तक को कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा प्रकाशित किया गया है।

34. केंद्र सरकार ने **भारत** से 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मोबाइल निर्यात व्यापार का ख़ाका तैयार करने के लिए एक टास्क फोर्स बनाएगी।

नोट: इस टास्क फोर्स की अध्यक्षता नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी - **अमिताभ कांत** करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सचिवों को भारत सहित अन्य एशियाई देशों की कमजोरियों को दूर करने वाली नीति तैयार करने का सुझाव दिया है। **राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स नीति 2019** ने वर्ष 2025 तक **400 बिलियन अमेरिकी डॉलर** के निर्माण का लक्ष्य रखा है।

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

35. एशिया का पहला **सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेन मेडिसिन** एंड हाई-एल्टीट्यूड रेस्क्यू **रुद्रप्रयाग, उत्तराखंड में** स्थापित किया जाएगा।

नोट: यह संस्थान सैन्य बलों के साथ-साथ अर्ध-सैन्य बलों के कर्मियों को पर्वतीय औषधि में प्रशिक्षित करेगा। पर्वतीय संस्थान राज्य में स्वास्थ्य देखभाल, उन्नत शिक्षा और बचाव प्रशिक्षण में विशेषज्ञ होंगे।

36. प्रवास और गतिशीलता पर 5वीं भारत-यूरोपीय संघ उच्च स्तरीय वार्ता **नई दिल्ली में** आयोजित की गई।

नोट: विदेश मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि चर्चा अत्यधिक अनुकूल और रचनात्मक भावना से पूरी हुई है। इस चर्चा में भारत-यूरोपीय संघ के गलियारे के साथ प्रवास और गतिशीलता के संदर्भ में पारस्परिक हित के मुद्दों की एक लंबी कतार शामिल है। इसमें दोनों पक्षों ने जोर दिया कि प्रवासन और गतिशीलता भारत और यूरोपीय संघ के बीच रणनीतिक साझेदारी के महत्वपूर्ण आयाम हैं और इस क्षेत्र में और अधिक मजबूत सहयोग की पूर्ण क्षमता को साकार करने के उद्देश्य से आगे की पहल और कदमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया है।

37. भारत और अमेरिकी व्यापार वार्ताकार द्विपक्षीय और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए **नई दिल्ली में** वार्ता करेंगे।

नोट: अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व दक्षिण और मध्य एशिया के सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (USTR) क्रिस्टोफरविल्सन कर रहे हैं। भारतीय पक्ष का नेतृत्व वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा किया जा रहा है। यह जापान में जी-20 शिखर सम्मेलन के अवसर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बैठक के बाद व्यापार के मुद्दों पर पहली बैठक होगी। USTR का प्रतिनिधिमंडल वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से भी मुलाकात करेगा।

38. भारत- आसियान ट्रोइका व्यापार मंत्रीस्तरीय बैठक **नई दिल्ली में** आयोजित की गई।

नोट: भारत RCEP को अपनी एक्ट ईस्ट नीति के तार्किक विस्तार के रूप में देखता है और इसमें पूरे क्षेत्र के लिए आर्थिक विकास और स्थायित्व के लिए काफी संभावनाएँ हैं। क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP) दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (ASEAN) के दस सदस्य देशों (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम) और छह हिन्द-प्रशांत देशों के बीच प्रस्तावित एक मुक्त व्यापार समझौता (FTA) है।

39. **कौशल भारत मिशन** की चौथी वर्षगांठ **नई दिल्ली में** मनाई गई।

नोट: राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन जिसे कौशल भारत मिशन के नाम से भी जाना जाता है, को आज ही के दिन वर्ष 2015 में शुरू किया गया था। मिशन के तहत वार्षिक रूप से लगभग **एक करोड़** युवाओं को **कौशल प्रशिक्षण** दिया जा रहा है। यह **मिशन भारत सरकार** के विभिन्न मंत्रालयों और अन्य **प्रमुख हितधारकों** द्वारा सामान्य मानकों, नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन और **कौशल भारत पोर्टल** के माध्यम से आंकड़ों के समेकन से छोटे-छोटे कौशल प्रयासों के अभिसरण, समन्वयन और सामंजस्य की परिकल्पना भी करता है।

40. आतंकवाद से मुकाबला करने पर **भारत-उजबेकिस्तान संयुक्त कार्यदल** की 8वीं बैठक **नई दिल्ली में** आयोजित की गई।

नोट: कार्यदल ने सूचना के आदान-प्रदान, आपसी क्षमता विकास और **सर्वोत्तम अभ्यास** के साझाकरण के माध्यम से आतंकवादवाद के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। संयुक्त राष्ट्र, शंघाई सहयोग संगठन की क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना और **EAG सहित बहुपक्षीय फोरमों में सहयोग** पर भी चर्चा की गई। संयुक्त कार्यबल ने सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकवादी समूहों द्वारा विश्व भर में और अपने संबंधित क्षेत्रों में उत्पन्न किए गए खतरों की समीक्षा की।

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

41. केंद्र सरकार ने प्रसव कक्ष और मातृत्व ऑपरेशन थिएटर की गुणवत्ता देखभाल में सुधार हेतु प्रसव कक्ष गुणवत्ता सुधार पहल शुरू की -- **'LaQshya'.**
नोट: यह अंत:प्रसव और तत्काल प्रसवोत्तर अवधि पर केंद्रित एक बहुआयामी दृष्टिकोण है। यह पहल मुख्य रूप से रक्तस्राव, प्रतिधारित प्लेसेंटा, प्रीटर्म, प्रीक्लेम्पसिया और एक्लम्पसिया, अवरुद्ध प्रसव, प्यूर्पेरल सेप्सिस, नवजात श्वासरोध, और नवजात सेप्सिस के कारण निरोध्य मातृ और नवजात मृत्यु दर को कम करने पर केंद्रित है।

42. **रोगवाहक नियंत्रण उपायों** में तेजी लाने के लिए **तीन दिवसीय जन जागरूकता अभियान दिल्ली में** चलाया गया।
नोट: अभियान का उद्देश्य मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी रोगवाहक-जनित बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण के उपायों पर समुदाय को जागरूक करना और संघटित करना है।

43. **भारत** ने **इटली** के साथ निवेशकों और **कंपनियों को सुविधा प्रदान** करने के लिए एक **फास्ट ट्रैक व्यवस्था** स्थापित करने का निर्णय लिया।
नोट: नई दिल्ली में आयोजित इस बैठक में लोरेंजो एंजेलोनी (भारत में इटली के राजदूत) और रमेश अभिषेक (सचिव, DIPP) ने भाग लिया। इटली में **फास्ट-ट्रैक प्रणाली** का उद्देश्य भारतीय कंपनियों और निवेशकों के सामने आने वाली समस्याओं की पहचान करना और उनका समाधान करना है।

44. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग विधेयक, 2019** को मंजूरी दी।
नोट: विधेयक में **भारतीय चिकित्सा परिषद** की जगह एक राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग स्थापित करने और भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम 1956 को निरस्त करने का प्रावधान है। विधेयक की विशेषताओं में सार्वजनिक अंतिम वर्ष MBBS परीक्षा को **नेशनल एग्जिट टेस्ट** (NEXT) के रूप में जाना जाएगा, जो परास्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु और विदेशी चिकित्सा स्नातकों के **स्क्रीनिंग टेस्ट के रूप में अनुज्ञा** (लाइसेंस) परीक्षा के रूप में काम करेगा। यह विधेयक बताता है कि राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा जो NEET, कॉमन काउंसलिंग, NEXT है, वह देश में समान मानकों के लिए AIIMS जैसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों (INI) पर भी लागू होगी।

45. आयुष्मान भारत योजना के तहत चालू वर्ष के अंत तक **20 हजार** कल्याण केंद्र पूरे किए जाएंगे।

46. **भारतीय फिल्म डिवीजन** मुंबई में **KSHITIJ** डॉक्यूमेंट्री फिल्म क्लब शुरू करेगा।
नोट: अजय और विजय बेदी की प्रशंसित डॉक्यूमेंट्री फिल्म "सीक्रेट लाइफ ऑफ फ्रॉग्स" को उद्घाटन समारोह दिखाया जाएगा। हर महीने के दूसरे और चौथे शुक्रवार को जनता को शाम 5:30 बजे फिल्म दिखाई जाएगी। स्क्रीनिंग फिल्म डिवीजन कॉम्प्लेक्स में आयोजित की जाएगी।

47. **भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव** (IFFI) का स्वर्ण जयंती संस्करण **पणजी, गोवा में** आयोजित किया जाएगा।
नोट: लगभग **70 देशों की व्यावसायिक प्रदर्शनी** में नवीनतम प्रौद्योगिकी, फिल्म निर्माण एवं वितरण और फिल्मों से संबंधित अन्य पहलुओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इस संस्करण में **रूस IFFI भागीदार देश** होगा। श्री प्रकाश जावड़ेकर के अनुसार, ऑस्कर अकादमी के अध्यक्ष जॉन बेली और अन्य प्रतिष्ठित चलचित्रकारों और निर्माताओं को इस समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है।

48. मानव संसाधन विकास (HRD) मंत्री **रमेश पोखरियाल निशंक** ने नई दिल्ली में **दीक्षारम्भ** UGC गाइड जारी की।
नोट: मानव संसाधन विकास मंत्री **श्री निशंक** के अनुसार, यह गाइड नए छात्रों को नए वातावरण में साथी छात्रों और संकाय सदस्यों से जुड़ने में मदद करेगी। 'दीक्षारम्भ' नए छात्रों को नए वातावरण में समायोजित होने और आनंद की अनुभूति करने में मदद करने, छात्रों में संस्थान के सदाचार और संस्कृति

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

अंतर्निविष्ट करने में मदद करने के लिए स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम गाइड है। दीक्षारम्भ को प्रोत्साहित करने के लिए, **UGC शीघ्र ही देश** के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षकों के लिए जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा।

49. सूचना एवं प्रसारण (I & B) मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने **10वें जागरण फिल्म महोत्सव** का उद्घाटन **नई दिल्ली में** किया।

नोट: उन्होंने लोगों के जीवन पर सिनेमा के महत्व और प्रभाव पर प्रकाश डाला और कहा कि यह एक ऐसा माध्यम है जो लोगों को जोड़ता है। उन्होंने भारत में सिनेमा के ऐतिहासिक विकास और भारत की सौम्य शक्ति के एक परिवाहक के रूप में भारतीय सिनेमा के बढ़ते प्रभाव का स्मरण किया।

50. केंद्र सरकार ने **अमेरिका** के लिए अपने **टैरिफ-रेट कोटा** (TRQ) के तहत **1,239 टन कच्ची चीनी के निर्यात** की मंजूरी दी।

नोट: TRQ निर्यात की उस मात्रा पर कोटा है जो अपेक्षाकृत कम शुल्क पर अमेरिका में प्रवेश होती है। कोटा पूरा होने के बाद, अतिरिक्त आयात पर अधिक शुल्क लागू होता है। **विदेश व्यापार महानिदेशालय** ने सार्वजनिक सूचना में कहा कि 30 सितंबर, 2019 तक TRQ के अंतर्गत अमेरिका को 1,239 टन कच्ची चीनी की अतिरिक्त मात्रा निर्यात की जाएगी।

51. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने **वर्ष 2025** तक टीबी मुक्त भारत की दिशा में अपने प्रयासों को मजबूत करने के लिए आयुष, रक्षा और रेलवे मंत्रालयों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

नोट: समझौता ज्ञापन पर **स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे** और **आयुष राज्य मंत्री श्रीपद नाइक** की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। देश में हर वर्ष लगभग 28 लाख लोग इस बीमारी का शिकार होते हैं और हर वर्ष चार लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। तपेदिक (टीबी) एक गंभीर संक्रामक रोग है जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है। तपेदिक कारक बैक्टीरिया एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक खांसी और छींक से हवा में निकलीं छोटी बूंदों के माध्यम से फैलता है।

52. भारत का ऐतिहासिक चंद्र मिशन 'चंद्रयान -2' **श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश से** लॉन्च किया गया।

नोट: चंद्रयान -2 को भारी प्रक्षेपण रॉकेट जियोसिंक्रोनस लॉन्च व्हीकल GSLV-MkIII-M1 (उपनाम बाहुबली) पर भेजा गया। मिशन की कुल लागत 978 करोड़ रुपये है। चंद्रयान -2 जो अपने साथ 13 वैज्ञानिक उपग्रहों (लगभग 3.8 टन वजन) को ले गया है, चंद्रमा के दक्षिणी भाग का पता लगाया। चंद्रयान -2 भारत को चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिग कराने वाला चौथा देश बना देगा, यह उपलब्धि केवल अमेरिका, यू.एस.एस.आर और चीन की अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा हासिल की गई है। इसके तीन मॉड्यूल - ऑर्बिटर, लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) होंगे।

53. कारगिल युद्ध की 20वीं वर्षगांठ पर एक नई पुस्तक **'कारगिल: द अनटोल्ड स्टोरीज फ्रॉम द वार'** का विमोचन **नई दिल्ली में** किया गया।

नोट: इस पुस्तक की लेखिका रचना **बिष्ट रावत** हैं। यह पुस्तक युद्ध के उत्तरजीवियों और शहीदों के परिवारों के साथ रावत के साक्षात्कार पर आधारित है, जो पाठकों को जोखिम भरे हिमालय के पहाड़ों पर ले जाती है।

54. अंतर्राष्ट्रीय पुलिस एक्सपो 2019 (5वां संस्करण) का आयोजन **नई दिल्ली में** किया गया।

नोट: अंतर्राष्ट्रीय पुलिस एक्सपो 2019 का विषय 'शांति और सुरक्षा को मजबूत करने की चुनौतियां' (Challenges to strengthen peace and security) है। वर्ष 2019 के समारोह में 25 से अधिक देशों की निर्माता और प्रौद्योगिकी कंपनियों ने भाग लिया।

55. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री **पीयूष गोयल** ने **ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (GII) नई दिल्ली में** लॉन्च किया।

नोट: इस वर्ष का विषय Creating Healthy Lives - The Future of Medical Innovation है, जिसका उद्देश्य चिकित्सा नवाचार की भूमिका का पता लगाना है क्योंकि यह स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को आकार देता

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

है। भारत ने ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में चार वर्ष में 24 स्थानों की छलांग लगाई है और वर्ष 2015 में 81वें स्थान से वर्ष 2018 में 57वां स्थान हासिल किया है।

56. सर्वोच्च न्यायालय (SC) की न्यायपीठ ने असम में अंतिम **राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर** (NRC) के प्रकाशन की समय सीमा 31 जुलाई से **31 अगस्त तक** बढ़ा दी है।

नोट: शीर्ष अदालत ने 20 फीसदी डेटा की पुन: जांच करने की याचिका खारिज कर दी। केंद्र और असम सरकार ने NRC में व्यक्तियों के गलत तरीके से शामिल होने और बाहर जाने का पता लगाने के लिए डेटा के पुनः जांच की अनुमति मांगी थी।

57. यू.के. के छात्रों को अपनी पढ़ाई के दौरान **भारत भेजने हेतु भारतीय भागीदारों** के साथ सहयोग के लिए यू.के. के विश्वविद्यालयों की सहायता के लिए कौन सी नई भारत-यूके द्विपक्षीय प्रायोगिक योजना शुरू की गई _____**UKEIRI.**

नोट: यूनिवर्सिटी यूके इंटरनेशनल (UUKI) और ब्रिटिश काउंसिल इंडिया की यह पहल **'UKEIRI मोबिलिटी प्रोग्राम: स्टडी इन इंडिया'** है। इसका उद्देश्य मार्च 2021 तक ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों में 200 स्नातक छात्रों के लिए अवसर उत्पन्न करना है।

58. केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2018-19 के लिए व्यक्तियों के आयकर रिटर्न भरने की समय सीमा 31 जुलाई से बढ़ाकर **31 अगस्त** कर दी।

नोट: वित्त मंत्रालय की आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, यह निर्णय ऐसी सूचना मिलने के बाद लिया गया कि कुछ करदाताओं को विभिन्न कारणों से अपने आयकर रिटर्न दाखिल करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें कर निर्धारण वर्ष 2019-20 के लिए फॉर्म 16 जारी करने की तिथि बढ़ाने सहित कई कारण शामिल हैं।

59. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने **159वें इनकम टैक्स** डे को **आयकर दिवस के** रूप में मनाया।

नोट: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में आयकर दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया। इस समारोह में विभागीय प्रकाशन, ई-पत्रिका, आउटरीच कार्यक्रमों की प्रचार किट जारी की जाएगी। देश भर में विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा आयकर दिवस से पहले के सप्ताह को विभिन्न आयकर गतिविधियों के निवारण के लिए मनाया गया।

60. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में **'चंद्र शेखर- द लास्ट आइकॉन ऑफ आइडियोलॉजिकल पॉलिटिक्स'** पुस्तक का विमोचन किया।

नोट: पुस्तक का लेखन राज्य सभा के उप-सभापति श्री हरिवंश और श्री रवि दत्त बाजपेयी ने किया है। पुस्तक विमोचन समारोह संसद पुस्तकालय भवन के बालयोगी सभागार में आयोजित किया गया था।

61. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय खनिक स्वास्थ्य संस्थान के साथ **ICMR-NIOH** के विलय को मंजूरी दी।

नोट: यह जनता के धन के कुशल प्रबंधन के अलावा व्यावसायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उन्नत विशेषज्ञता के मामले में दोनों संस्थानों की मदद करेगा। मंत्रिमंडल ने फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड (FACT) की 481.79 एकड़ भूमि केरल सरकार को बेचने और FACT द्वारा बिक्री से प्राप्त आय के उपयोग की भी मंजूरी दी।

62. इसरो की वाणिज्यिक शाखा जिसने पिछले तीन वर्षों में कुल 6,289 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया-- **एंट्रिक्स कॉर्पोरेशन।**

नोट:पिछले तीन वर्षों में इसरो की वाणिज्यिक शाखा **'एंट्रिक्स कॉर्पोरेशन'** द्वारा कुल **239 उपग्रहों का प्रक्षेपण** किया गया, जिससे 6,289 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। सरकार ने **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन** (ISRO) केंद्रों और अंतरिक्ष विभाग की घटक इकाइयों के अनुसंधान एवं विकास कार्यों का व्यावसायिक उपयोग करने के लिए अंतरिक्ष विभाग (DOS) के प्रशासनिक नियंत्रण में **न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL)** की स्थापना पहले ही की है। NSIL की स्थापना भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रमों की बढ़ती मांगों को पूरा करने और उभरते

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

वैश्विक अंतरिक्ष बाजार का व्यावसायिक उपयोग करने के लिए की गई थी।

63. नौसेना प्रमुख **एडमिरल करमबीर सिंह** ने चेन्नई के मीनाम्बक्कम में **नौसेना एयर एन्क्लेव** में भारतीय नौसेना की किस पांचवीं डोर्नियर स्क्वाड्रन को शामिल किया -- **भारतीय नौसेना एयर स्क्वाड्रन 313**.

नोट: पांचवीं डॉर्नियर स्क्वाड्रन भारत को हिंद महासागर क्षेत्र में चीनी की बढ़ती गतिविधियों पर नजर रखने में मदद करेगी। INAS 313 के शामिल होने के साथ, तमिलनाडु राज्य में किसी भी अन्य तटीय राज्य से अधिक तीन नौसेना एयर बेस (इससे पूर्व, अरक्कोनमंद में INS रजाली, रामनद में INS परंडू) होंगे। स्क्वाड्रन चेन्नई हवाई अड्डे से स्वदेशी हिंदुस्तान एयरोनॉटिकल द्वारा निर्मित समुद्री निगरानी संस्करण वाले मल्टी-रोल डोर्नियर 228 शॉर्ट रेंज समुद्री टोही विमान का संचालन करेगी।

64. द्विवार्षिक **डिफेंस एक्सपो** 2020 का 11वां संस्करण **लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में** आयोजित किया जाएगा।

नोट: चार दिवसीय प्रदर्शनी भारतीय रक्षा उद्योग को अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने और अपनी निर्यात क्षमता को प्रोत्साहित करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। डिफेंस एक्सपो इंडिया- 2020 का मुख्य विषय 'भारत - एक उभरता रक्षा विनिर्माण केंद्र' (India - the Emerging Defence Manufacturing Hub) होगा। डिफेंस एक्सपो रक्षा उद्योग OEM, प्रदर्शकों और निजी उद्योग के लिए अपने नवीनतम उत्पादों और क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक अनूठा मंच प्रदान करेगा।

65. पश्चिमी रेलवे (WR) ने **महालक्ष्मी में** स्थित भारतीय रेलवे की पहली **प्रिंटिंग प्रेस हेरिटेज गैलरी** को जनता के लिए खोल दिया।

नोट: इसके साथ, WR महालक्ष्मी जनरल स्टोर्स डिपो (GSD) वर्ष 1948 के बाद से WR प्रिंटिंग प्रेस में उपयोग की गईं प्रिंटिंग और उससे संबंधित मशीनों की एक हेरिटेज गैलरी खोलने वाला भारतीय रेलवे में पहला डिपो बन गया, ये मशीनें अभी भी चालू हालत में हैं। यह प्रेस वर्ष 1912 में ग्रेटर इंडियन पेनिनसुलार रेलवे (GIP) बॉम्बे के तहत अस्तित्व में आया, क्योंकि रेलवे को परिचालन के लिए स्टेशनरी और टिकट की आवश्यकता थी।

66. भारत और चीन इस वर्ष मेघालय में कौन सा एक प्रमुख सैन्य अभ्यास करेंगे --- **हैंड-इन-हैंड।**

नोट: यह अभ्यास **दिसंबर 2019** में मेघालय के उमरोई में होगा। यह आतंकवाद विरोधी मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों पर आधारित होगा।

67. अमेरिकी और दक्षिण कोरियाई सेना के बीच वार्षिक सैन्य अभ्यास जो अगस्त महीने में**19 -2 डोंग मेंग (गठबंधन)** में किया जाएगा।

नोट: यह घोषणा दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे-इन की शांति योजना के सचिव चोई जोंग-कुन द्वारा की गई थी। इससे पहले, संयुक्त राज्य अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने एक बड़े अभ्यास को निलंबित कर दिया था और जून 2018 में सिंगापुर शिखर सम्मेलन के बाद एक दूसरा अभ्यास भी रद्द कर दिया था। उत्तर कोरिया ने धमकी दी है कि यदि अमेरिका दक्षिण कोरिया के साथ सैन्य अभ्यास जारी रखता है तो वह अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता रद्द कर देगा।

68. लेफ्टिनेंट जनरल रणबीर सिंह ने 'फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स - सागा ऑफ वेलोर, फोर्टिट्यूड एंड सैक्रिफाइस' शीर्षक वाली कॉफी टेबल बुक का विमोचन **लेह, जम्मू-कश्मीर में** किया।

नोट: यह पुस्तक फायर एंड फ्यूरी वारियर्स के साहस और वीरता को प्रदर्शित करती है और भारतीय सेना की समृद्ध विरासत और सदाचार को दर्शाती है।

69. संस्कृति मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कलाकारों को **वरिष्ठ/कनिष्ठ फेलोशिप पुरस्कार' योजना** घटक में विशेष साहित्य के उप-विषय में दो भाषाओं **नेपाली और संथाली** को शामिल करने की घोषणा की।

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

नोट: संस्कृति मंत्री ने कल **नई दिल्ली में मीडिया** से बातचीत के दौरान यह घोषणा की। फेलोशिप अनुसंधान उन्मुख परियोजनाओं के लिए प्रदान की जाती हैं।

70. **लैंडिंग क्राफ्ट यूटिलिटी** (LCU) MK IV श्रेणी का छठा जहाज **IN LCU L56 को** भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।

नोट: पूर्वी नौसेना कमान के वाइस एडमिरल **अतुल कुमार जैन** ने विशाखापत्तनम के **नौसेना डॉकयार्ड** में आयोजित एक समारोह में जहाज को शामिल किया। जहाज को **अंडमान और निकोबार समूह** के द्वीपों के किनारे बहुउपयोगी गतिविधियों जैसे समुद्र तटीय संचालन, खोज एवं बचाव मिशन, आपदा राहत कार्य, तटीय गश्त और निगरानी अभियानों के लिए तैनात किया जाएगा। **LCU 56** एक उभयचर जहाज है जिसकी प्राथमिक भूमिका मुख्य युद्धक टैंकों, बख्तरबंद वाहनों, सैनिकों और उपकरणों को जहाज से किनारे तक पहुंचाना और तैनाती करना है।

71. **रेल मंत्रालय** ने अपनी नई अखिल भारतीय रेलवे समय सारिणी जारी की -- **'ट्रेन एट ए ग्लांस' (Trains At A Glance)।**

नोट: इसके अलावा, सभी 17 रेलवे जोन ने अपनी रेलवे जोन समय सारिणी भी जारी की है। नई समय सारणी 'ट्रेन एट ए ग्लांस' भारतीय रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट 'www.indianrailways.gov.in' पर उपलब्ध है। उत्तर रेलवे जोन ने नई दिल्ली-चंडीगढ़-नई दिल्ली और नई दिल्ली-लखनऊ-नई दिल्ली मार्ग पर दो नई तेजस एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू की हैं।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. राजस्थान के मुख्यमंत्री **'अशोक गहलोत'** ने **छाबड़ा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर स्टेशन** की 5वीं और 6वीं इकाई का उद्घाटन **बरन जिला में** किया।

नोट: छाबड़ा में, 4 इकाइयां पहले से ही 250 मेगावाट बिजली का उत्पादन कर रही हैं। इन दो नई इकाइयों में से प्रत्येक **660 मेगावाट बिजली उत्पादन** की क्षमता रखती हैं और अब इस थर्मल पावर स्टेशन की कुल क्षमता 2,320 मेगावाट तक पहुंच गई है। यह सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर टेक्नोलॉजी पर आधारित राज्य की पहली परियोजना है और इस परियोजना की अनुमानित लागत 9,550 करोड़ रुपये है।

2. **तमिलनाडु** सरकार ने राज्य वन विभाग की सिफारिश के आधार पर **तमिल येओमेन** (Cirrochroathais) को **राज्य तितली** घोषित किया।

नोट: इसके साथ, **तमिलनाडु अपनी राज्य तितली** की घोषणा करने वाला देश का **पांचवा राज्य** बन गया। महाराष्ट्र ने सबसे पहले **ब्लू मोर्मन** (पैपिलियोपॉलीम्नेस्टर) को अपनी **राज्य तितली** घोषित किया था, इसके बाद **उत्तराखंड** (कॉमन पिकॉक), कर्नाटक (दक्षिणी बर्ड विंग्स) और केरल (मालाबार बैंडेड पिकॉक) हैं। इन तितलियों को तमिल मारवन के नाम से भी जाना जाता है, जिसका अर्थ 'योद्धा' होता है।

3. हरियाणा सरकार ने निजी या सरकारी अस्पतालों में उपचार के लिए **'लोकतंत्र सेनानियों'** या उनकी पत्नी को 5 लाख रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता की घोषणा की है।

नोट: अब, उनके पहचान पत्र पर "आपातकालीन पीड़ित" शब्द को "लोकतंत्र सेनानी" में बदला जाएगा। आपातकाल के दौरान, सत्याग्रह आंदोलन में जेल जाने वाले लोकतंत्र सेनानियों को प्रति माह 10 हजार रुपये पेंशन, और स्वतंत्रता सेनानी तथा उनके एक सहायक को हरियाणा परिवहन की बसों में बस यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी। आपातकाल में 'सत्याग्रह' आंदोलन के दौरान जेल गए लोकतंत्र सेनानियों को राज्य सरकार द्वारा पहले ही 10,000 रुपये की मासिक पेंशन और हरियाणा परिवहन की बसों में नि:शुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जाती है।

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

4. संसद ने **जम्मू और कश्मीर में** छह महीने की अवधि के लिए **राष्ट्रपति शासन विस्तार** के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दी।
नोट: जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2019 को भी राज्यसभा द्वारा पारित करने के बाद संसद से मंजूरी मिली। इस संशोधन से 435 गांवों की कुल 3.50 लाख आबादी लाभान्वित होगी। भारत में, राष्ट्रपति शासन एक राज्य में राज्य सरकार का निलंबन और केंद्र सरकार का प्रत्यक्ष रूप से शासन होता है।
5. केंद्र सरकार ने भारतीय कृषि के परिवर्तन और **किसानों की आय की** वृद्धि के लिए कई राज्यों के **मुख्यमंत्रियों की एक उच्च स्तरीय समिति** का गठन किया।
नोट: महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री **'देवेंद्र फड़नवीस' समिति के संयोजक** होंगे। जबकि कर्नाटक, हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्रियों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। केंद्रीय कृषि, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री भी समिति के सदस्य होंगे। इसके अलावा, नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। यह कृषि क्षेत्र के सुधारों को अपनाने और समयबद्ध कार्यान्वयन के साधनों का सुझाव देगी।
6. **छत्तीसगढ़ सरकार** ने निजी क्षेत्रों में काम करने वाले औद्योगिक कामगारों की सेवानिवृत्ति की आयु को मौजूदा **58 वर्ष** से बढ़ाकर 60 वर्ष करने का फैसला किया।
नोट: विभिन्न उपक्रमों, कारखानों, उद्योगों और वाणिज्यिक संस्थानों में काम करने वाले कर्मचारी और मजदूर अब 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होंगे। **सभी हितधारकों** से प्राप्त सुझावों का निपटान करने के बाद **15 दिनों के अंदर अंतिम** अधिसूचना जारी की जाएगी।
7. वार्षिक जगन्नाथ रथ यात्रा **पुरी, ओडिशा में** शुरू हुई।
नोट: पुरी के जगन्नाथ मंदिर में लाखों लोग भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की तीन विशालकाय लकड़ी के रथों पर सवारी के साक्षी बनते हैं, जो गुंदीचा मंदिर की यात्रा के लिए भक्तों द्वारा खींचे जाते हैं। यह यात्रा भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहनों के अपनी मौसी के घर 'गुंदीचा मंदिर' जाने के साथ शुरू होती है, और इसके बाद उनकी वापसी पर सुनबेसा और अधार पाना जैसे अनुष्ठान होते हैं। गुजरात में, भगवान जगन्नाथ की 142वीं वार्षिक रथ यात्रा आज सुबह अहमदाबाद में शुरू हुई।
8. गंगा नदी के किनारे स्थित सभी 25 जिलों में **गंगा समितियों** का गठन करने का फैसला करने वाला राज्य सरकार -- **उत्तर प्रदेश।**
नोट: यह कदम **पवित्र नदी** के बड़े पैमाने पर होने वाले **स्वच्छता कार्यक्रम** का भाग है। आने वाले दिनों में, प्रमुख पवित्र नदियों के तट पर एक विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। राज्य में **1185 करोड़ रुपये** के स्वच्छ गंगा मिशन से जुड़ी कुल 85 परियोजनाएं चल रही हैं, जिनमें से 15 अब तक पूरी हो चुकी हैं।
9. उत्तर प्रदेश सरकार ने एक टोल-फ्री मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शुरू की --**1076।**
नोट: यह राज्य के नागरिकों को अपनी शिकायतें दर्ज कराने, शिकायतों पर समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराने में सक्षम बनाएगी। यदि एक महीने में किसी विभाग की 100 से अधिक शिकायतें आती हैं, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। हेल्पलाइन के लिए 500 सीट वाला कॉल सेंटर स्थापित किया गया है और इसमें दैनिक आधार पर 80,000 अंतर्गामी और 55,000 निर्गामी कॉल संचालित करने की क्षमता है। जब शिकायतकर्ता हेल्पलाइन पर कॉल करता है, तो उसे यह सूचित करते हुए एक SMS मिलेगा कि शिकायत संबंधित विभाग को भेज दी गई है।
11. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री **रतन लाल कटारिया** के अनुसार, देश में **10.38 करोड़ से अधिक** वरिष्ठ नागरिक हैं।
नोट: उत्तर प्रदेश में **1 करोड़ 54 लाख** से अधिक और इसके बाद महाराष्ट्र में **1 करोड़ 11 लाख** नागरिक हैं।
12. **असम** सरकार तीन सौ से अधिक पर्यटक स्थलों का विकास करेगी।

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

नोट: असम सरकार ने राज्य में 316 पर्यटक स्थल विकसित करने के लिए एक कदम उठाया है। भास्कर फूकन (असम पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक) के अनुसार, एक्सोम दर्शन के तहत इन स्थलों को विकसित करने के लिए 150 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। राज्य भर के महत्वपूर्ण स्थानों पर शौचालय, अपशिष्ट प्रबंधन, पीने का पानी और वेटिंग शेड का निर्माण या विकास किया जाना है।

13. **हैदराबाद** शहर में स्थित ऐतिहासिक **गोलकोंडा किले** में वार्षिक **बोनालु उत्सव** की शुरुआत हुई।

नोट: बोनालु तेलंगाना का एक वार्षिक पर्व है जो दो शहरों हैदराबाद, सिकंदराबाद और तेलंगाना के अन्य हिस्सों में मनाया जाता है। इसका आयोजन हर वर्ष राज्य में मानसून के पहले महीने के दौरान भव्य रूप से किया जाता है। सिकंदराबाद में प्रसिद्ध श्री उज्जैनी महाकाली बोनालु समारोह 21 और 22 जुलाई को आयोजित किया जाएगा।

14. केंद्र सरकार कहां पर तीन खेल उत्कृष्टता केंद्र (मार्शल आर्ट्स, भारोत्तोलन और मुक्केबाजी के लिए) स्थापित करने जा रही है -- **ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश)।**

नोट: इन केंद्रों में आवासीय सुविधा के साथ 300 खिलाड़ियों की क्षमता होगी। केंद्र सरकार अगले तीन वर्षों में राज्य भर में एस्ट्रो टर्फ फुटबॉल पिचों के साथ 12 से 15 फुटबॉल स्टेडियमों की स्थापना करेगी। श्री रिजिजू ने आगे घोषणा की कि इस वर्ष पूर्वोत्तर युवा महोत्सव की मेजबानी अरुणाचल प्रदेश करेगा।

15. मध्य प्रदेश राज्य सहकारी बीज महासंघ **बीज** का उत्पादन करेगा।

नोट: मध्य प्रदेश में, किसानों को प्रमाणित एवं उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का वितरण और विपणन किया जाएगा। अगली रबी की फसल से बीज उत्पादन की योजना बनाई गई है।

16. दिल्ली पुलिस ने इस वर्ष **ऑपरेशन मिलाप** के तहत 333 बच्चों को उनके परिवारों से मिलाया।

नोट: इस वर्ष **ऑपरेशन मिलाप** के तहत, दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने 333 बच्चों को उनके माता-पिता से अलग होने के बाद उन्हें उनके परिवारों से मिलाया। इस प्रॉजेक्ट के तहत, दिल्ली पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (AHTU) जानकारी जुटाती है, अवैध तस्करी या अपहरण किए गए व्यक्तियों को बचाती है और अपहरणकर्ता को गिरफ्तार करती है। 'ऑपरेशन मिलाप' क्राइम ब्रांच की 'एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट' (AHTU) द्वारा चलाया जाता है।

17. दिल्ली सरकार ने **राजघाट थर्मल पावर प्लांट** को आधिकारिक तौर पर बंद करके इसे **सोलर पार्क** में परिवर्तित करने की घोषणा की।

नोट:

- इस 45 एकड़ के संयंत्र स्थल पर **5,000 किलोवाट** सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जाएगा।
- **राजघाट थर्मल पावर प्लांट** (कोयला आधारित संयंत्र), जिसकी वर्तमान यूनिट वर्ष 1989 में चालू की गई थी, वर्ष 2014 से बंद पड़ी हैं।

18. हेग स्थित अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में प्रतिष्ठित दो महीनों की इंटर्नशिप के लिए **ईशा कांत को** चुना गया।

नोट: इस प्रतिष्ठित इंटर्नशिप के लिए दुनियाभर से केवल दो विधि विद्यार्थीही चयनित हुए हैं। अभी ईशा कांत क्वीनमैरी यूनिवर्सिटी, लंदन में विधि स्नातक की पढ़ाई कर रही हैं। ICJ (संयुक्त राष्ट्र का मुख्य न्यायिक अंग) विधिछात्रों और अपने विधि करियर की शुरूआत करने वाले युवा पेशेवरों को अपने यहाँ एक से तीन माह की इंटर्नशिप करने का मौका देता है। प्रशिक्षुओं (इंटर्न) को रजिस्ट्री अधिकारियों की निगरानी में न्यायालय के विशेष कार्यों को करने के साथ ही अपने ज्ञान और अनुभव का इस्तेमाल करने का मौका मिलता है।

19. भारत में **जल संरक्षण** सुनिश्चित करने वाला पहला राज्य **मेघालय है।**

नोट: मेघालय के **मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा** की अध्यक्षता में एक बैठक में राज्य मंत्रिमंडल द्वारा मसौदा नीति को मंजूरी प्रदान की गई। नीति का

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के लिए जल संसाधनों को एक आम जल निकाय के रूप में मान्यता देना, पीने, घरेलू उपयोग हेतु सुरक्षित एवं स्वच्छ जल उपलब्ध करना और सफाई व्यवस्था एवं आजीविका विकास प्रदान करना है।

20. विकास बहल की फिल्म **'सुपर 30'** को **बिहार में कर मुक्त** किया गया।

नोट: राज्य के उप-मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने घोषणा की कि बिहार में फिल्म पर कोई मनोरंजन कर नहीं लगाया जाएगा। 'सुपर 30' पटना के गणितज्ञ और शिक्षक आनंद कुमार के जीवन पर आधारित है। शिक्षक, सुविधा से वंचित छात्रों को IIT प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराने के लिए सुपर 30 नामक एक कोचिंग चलाता है।

21. कर्तव्य की राह में शहीद होने वाले **जवानों के परिजनों को मिलने वाले मुआवजा** में वृद्धि करने वाली **महाराष्ट्र** सरकार है।

नोट: मुख्यमंत्री **देवेंद्र फर्नांडिस** की अध्यक्षता वाले **महाराष्ट्र राज्य मंत्रिमंडल** ने राज्य से जाने वाले सुरक्षा कर्मियों, जो कर्तव्य की राह में अपने जीवन का बलिदान दे देते हैं, के परिवारों के लिए मुआवजे की धनराशि को 25 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये करने का फैसला किया है। मंत्रिमंडल की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि लड़ाई में घायल हुए कर्मियों को उनकी चोट की गंभीरता के आधार पर, 20 लाख से 60 लाख रुपये तक का मुआवजा मिलेगा। राज्य मंत्रिमंडल ने सर्व शिक्षा अभियान से जुड़े विशेष शिक्षकों के भत्ते को 1500 रुपये बढ़ाकर 21,500 रुपये करने का भी फैसला किया।

22. प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **अरुणाचल प्रदेश में** बनी **दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना** के लिए 1,600 करोड़ रुपये मंजूर किए।

नोट: इस परियोजना की परिकल्पना **जल-विद्युत परियोजना** के रूप में की गई है जिसका प्रमुख उद्देश्य बाढ़ संतुलन है। यह **278 मीटर की ऊंचाई** के साथ भारत में निर्मित की जाने वाली अब तक की सबसे बड़ी जल-विद्युत परियोजना है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **2,042 करोड़ रुपये** की लागत से **गुवाहाटी को नए बोंगईगांव** से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण रेलवे लाइन के दोहरीकरण को भी मंजूरी दी।

23. **नेशनल स्टॉक एक्सचेंज** (NSE) ने **हरियाणा** में **MSME क्षेत्र के विकास को बढ़ावा** देने में सहायता हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

नोट: समझौता ज्ञापन के अनुसार, NSE अपने SME एक्सचेंज प्लेटफॉर्म, 'NSE इमर्ज' पर सूचीकरण के माध्यम से राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME) के लिए वित्तपोषण के अवसरों को बढ़ाने में हरियाणा सरकार की सहायता करेगा। हरियाणा सरकार वित्तीय सहायता के माध्यम से 'NSE इमर्ज' में MSME के सूचीकरण को सरल बनाएगी।

24. राज्य के पॉलिटेक्निक कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों के अंग्रेजी बोलने के कौशल को बेहतर बनाने के लिए **पश्चिम बंगाल** सरकार ने **ब्रिटिश काउंसिल के साथ एक समझौता ज्ञापन** पर हस्ताक्षर किए।

नोट: इस कदम का उद्देश्य नौकरी तलाशने वाले छात्रों की अंग्रेजी बोलने की क्षमता में सुधार करना है। तकनीकी शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार, हाल ही में छात्रों की नौकरी की तत्परता का आकलन करने के लिए एक जांच की गई और अंग्रेजी में संचार को एक बड़े अवरोध के रूप में पाया गया। वर्तमान में, राज्य भर में 148 पॉलिटेक्निक कॉलेज हैं।

25. **केरल स्टार्टअप मिशन** (KSUM) **महिला स्टार्टअप शिखर सम्मेलन 1 अगस्त को** आयोजित करेगा।

नोट: शिखर सम्मेलन कोच्चि के इंटीग्रेटेड स्टार्टअप कॉम्प्लेक्स में भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) द्वारा कार्यान्वित भारतीय महिला नेटवर्क के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। शिखर सम्मेलन में सफल महिला मार्गदर्शक, स्टार्टअप निर्माता, नीति निर्माता और महिला उद्यमी भाग लेंगे। इस शिखर सम्मेलन का विषय 'एक समावेशी उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र का

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

विकास करना' (Developing an Inclusive Entrepreneurship Ecosystem') है।

26. **तमिलनाडु सरकार** द्वारा राज्य में दो नए जिलों के गठन की घोषणा के साथ राज्य में जिलों की कुल संख्या **35** हो गई।

नोट: तेनकासी जिले को तिरुनेलवेल्ली से बाहर किया जाएगा। **चेंगलपेट जिले** को कांचीपुरम जिले का विभाजन करके अलग किया जाएगा। चूंकि तिरुनेलवेल्ली और कांचीपुरम जिलों का क्षेत्र विशाल हैं, इसलिए सरकार उनके बेहतर प्रशासन के लिए विभाजित कर रही है। नए जिलों के प्रबंधन के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे।

27. **विश्व आर्थिक मंच** और **तेलंगाना सरकार** ने चौथे औद्योगिक क्रांति नेटवर्क हेतु ड्रोन के माध्यम से आपातकालीन चिकित्सा आपूर्ति जैसे रक्त और टीके पहुंचाना आदि के लिए एक नई योजना शुरू करने की घोषणा की है।

नोट: प्रायोगिक योजना, 'मेडिसिन फ्रॉम द स्काई' राज्य सरकार और हेल्थ नेट ग्लोबल लिमिटेड की साझेदारी में चलेगी। यह स्वास्थ्य सेवा आपूर्ति श्रृंखलाओं में निर्णय लेने की सुविधा प्रदान करेगी, अंतिम स्थान तक वितरण पर ध्यान केंद्रित करेगी और चिकित्सा वितरण प्रणाली को प्रभावित करने वाले पते संबंधी मुद्दों का समाधान करने में मदद करेगी।

28. भारत का पहला **गार्बेज कैफे** नगर निगम **अंबिकापुर (छत्तीसगढ़)** द्वारा शुरू किया गया।

नोट: छत्तीसगढ़ के **अंबिकापुर नगर निगम** ने **छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर शहर** में एक **'गार्बेज कैफे योजना'** (भारत का पहला गार्बेज कैफे) शुरू की है। इस योजना के तहत, गार्बेज कैफे में एक किग्रा प्लास्टिक कचरा लाने वाले व्यक्ति को पूरा भोजन प्रदान किया जाएगा। 500 ग्राम का संग्रह करने वालों को पर्याप्त नाश्ता मिलेगा।

29. संस्कृति मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने ऐतिहासिक इमारत **सफदरजंग मकबरे** के वास्तुशिल्प अलंकरण का उद्घाटन किया।

नोट: स्मारक को प्रकाशमय करने के लिए तकनीकी रूप से उन्नत कुल 213 LED लाइट का उपयोग किया गया है। LED लाइट की खपत पारंपरिक प्रकाश व्यवस्था की तुलना में लगभग 62% कम है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने इससे पहले दिल्ली में लाल किला, हुमायूं का मकबरा और पुराना किला में इसी तरह की पहल की है। इस मकबरे को प्रति दिन शाम 7:00 बजे से रात 11:00 बजे तक प्रकाशित किया जाएगा और सरकार पर इसका मासिक खर्च 8,880 रुपये होगा।

30. **एशियाई विकास बैंक** ने **त्रिपुरा में** बिजली उत्पादन के उन्नतिकरण और वितरण के लिए **1,925 करोड़ रुपये** की परियोजना को मंजूरी दी।

नोट: राज्य सरकार द्वारा ADB से सहायता मांगने के बाद त्रिपुरा राज्य विद्युत निगम लिमिटेड को हाल ही में यह धनराशि मंजूर की गई थी। परियोजना को 699 करोड़ से अधिक की अनुमानित लागत पर 63 मेगावाट की रोखिया परियोजना की क्षमता को 120 मेगावाट करने और लगभग 1225 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर गुमती जलवैद्युत परियोजना के आधुनिकीकरण के लिए मंजूरी दी गई है। रोखिया परियोजना पश्चिम त्रिपुरा जिले में स्थित है जबकि गुमती परियोजना गोमती जिले में है।

31. सर्वाधिक **रूफटॉप सौर पैनल** लगाने वाला राज्य **गुजरात** है।

नोट: यह आंकड़े संसद के उच्च सदन में आर.के. सिंह (नई एवं नवीकरणीय ऊर्जा के केंद्रीय राज्य मंत्री) द्वारा पेश किए गए थे। पूरे भारत की 1,700.54 मेगावाट क्षमता के सामने गुजरात में 261.97 मेगावाट की स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता है। स्थापित रूफटॉप क्षमता के मामले में गुजरात के बाद महाराष्ट्र (198.52 मेगावाट) और तमिलनाडु (151.62 मेगावाट) का स्थान

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

है। केंद्र सरकार का लक्ष्य वर्ष 2022 तक 40,000 मेगावाट की रूफटॉप सौर क्षमता स्थापित करना है।

32. देश में **प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना** के कार्यान्वयन के मामले में शीर्ष राज्य **उत्तर प्रदेश है।**

नोट: राज्य सरकार द्वारा जारी बयान के अनुसार, **31 मार्च 2019 तक** 1.95 करोड़ लोगों को इस योजना के तहत बीमा का लाभ दिया गया है। इस महत्वाकांक्षी केंद्र सरकार की योजना का कार्यान्वयन राज्य में जनवरी 2018 से शुरू हुआ, जिसके तहत 18 से 70 आयु वर्ग के लोगों को **वार्षिक रूप से 12 रुपये** के मामूली प्रीमियम का भुगतान करके 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर मिलता है। केंद्र सरकार की एक अन्य प्रमुख योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के कार्यान्वयन में उत्तर प्रदेश देश दूसरे स्थान पर है।

33. अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री **पेमा खांडू** ने ईटानगर में राज्यव्यापी वृक्षारोपण कार्यक्रम शुरू किया -- **क्लीन-ग्रीन अरुणाचल कैम्पेन 2019.**

नोट: इस अभियान को वन महोत्सव कार्यक्रम के एक भाग के रूप में आयोजित किया जा रहा है और इसमें अगले पांच वर्षों के अंदर 1 करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अरुणाचल प्रदेश के वनों में कार्बन भंडार 148.52 टन प्रति हेक्टेयर है, जो देश में सर्वाधिक है और कार्बन ऋण के मामले में इसकी कीमत 6 यूरो प्रति टन है और जिसका वार्षिक मूल्य 48000 करोड़ रुपये है।

34. 14-अंकों का **परिवार पहचान पत्र** (PPP) मुख्यमंत्री **मनोहर लाल खट्टर** द्वारा आधिकारिक तौर पर जारी किया गया।

नोट: मुख्यमंत्री खट्टर ने एक पोर्टल 'www.meraparivar.haryana.gov.in' लॉन्च किया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2.5 करोड़ से अधिक की आबादी, जो लगभग 54 लाख परिवार है, को इस कार्यक्रम के माध्यम से कवर किया जाएगा। योजना के अनुसार, नागरिकों द्वारा दिए गए दस्तावेजों की स्कैनिंग और अपलोडिंग के लिए 500 से अधिक PPP पंजीकरण केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

35. उत्तराखंड सरकार पहली बार **हिमालयी राज्यों की बैठक मसूरी में** आयोजित कर रही है।

नोट: केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मुख्य अतिथि के रूप में सम्मेलन में भाग ले रही हैं। बैठक का मुख्य विषय सतत विकास होगा। बैठक पर्यावरण संरक्षण, हिमालयी संस्कृति और आर्थिक विकास पर केंद्रित होगी। इसमें हिमालयी राज्यों की समस्याओं को हल करने पर भी ध्यान दिया जाएगा।

36. केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर राज्य **त्रिपुरा** से **7वीं आर्थिक जनगणना** प्रारंभ की।

नोट: इसे अगस्त और सितंबर में अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू किया जाएगा। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा आयोजित जनगणना पांच वर्ष के अंतराल के बाद इस वर्ष आयोजित की जाएगी। सांख्यिकी अधिनियम 2008 के प्रावधानों के तहत प्रत्येक घर और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों पर सर्वेक्षण के माध्यम से जानकारी एकत्र की जाएगी।

37. कर्नाटक राज्य सरकार ने **हजरत टीपू सुल्तान की** जयंती समारोह को रद्द किया।

नोट: कन्नड़ और संस्कृति विभाग ने एक आदेश में कहा है कि राज्य में 2016 से मनाई जा रही हजरत टीपू सुल्तान जयंती को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। टीपू सुल्तान (या मैसूर के शेर) का जन्म 20 नवंबर, 1750 को देवनहल्ली (वर्तमान में बैंगलोर ग्रामीण जिले) में हुआ था। टीपू सुल्तान मैसूर राज्य का शासक और प्रक्षेपास्त्र तोपखाने का अन्वेषक था।

38. ओडिशा के मुख्यमंत्री **नवीन पटनायक** के अनुसार, सचिवालय (राज्य सचिवालय) को अब **लोक सेवा भवन** नाम से जाना जाएगा।

नोट: श्री पटनायक ने विधानसभा में गृह विभाग से संबंधित व्यय को बढ़ाते हुए यह घोषणा की। ओडिशा सचिवालय भवन का उद्घाटन 12 नवंबर, 1959 को

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री गोविंद बल्लभ पंत ने किया था।

39. उधमपुर जिला प्रशासन (जम्मू और कश्मीर) ने **जीने दो** हेल्पलाइन शुरू की।

नोट: इसका उद्देश्य केंद्रीय प्रायोजित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत लिंगानुपात में सुधार करना और प्री-कॉन्सेप्सन एंड प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेकनीक्स या PCPNDT अधिनियम के डिफॉल्टरों से निपटना है। जनता को प्रसव पूर्व जांच के दौरान लिंग जांच से संबंधित शिकायत दर्ज कराने के लिए एक मोबाइल नंबर '9469793363' समर्पित किया गया।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. वर्ष 2026 में टाइटन की समृद्ध जैविक दुनिया की खोज के लिए एक अंतरिक्ष यान लॉन्च करने की घोषणा **अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी** नासा **ने** की।

नोट: टाइटन और पृथ्वी दोनों पर सामान्य रूप से होने वाली पूर्व-जैविक रासायनिक अभिक्रियाओं की खोज में, वर्ष 2034 में 'ड्रैगनफ्लाई' नामक एक रोटरक्राफ्ट शनि के उपग्रह पर भेजा जाएगा। यह इस बात के संकेत प्रदान कर सकता है कि पृथ्वी पर जीवन कैसे आरंभ हुआ।

2. भारत ने **स्ट्रम अटका एंटी टैंक मिसाइल** की खरीद के लिए रूस के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: समझौते पर आकस्मिक परिच्छेद के तहत हस्ताक्षरित किए गए हैं, जिसके फलस्वरूप अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के 3 महीने के अंदर मिसाइल पहुंचाई जाएगी। यह समझौता लगभग 200 करोड़ रुपये का है। यह समझौता **Mi-35 अटैक हेलिकॉप्टरों** को दुश्मन के टैंक और अन्य बख्तरबंद वाहनों को मार गिराने की अतिरिक्त क्षमता प्रदान करेगा।

3. अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा गठबंधन की 50 कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधि अबू धाबी में आयोजित होने वाले **'ISALEX19'**

संयुक्त सुरक्षा अभ्यास में भाग लिए।

नोट: संयुक्त सुरक्षा अभ्यास विभिन्न टीमों की तत्परता का परीक्षण करेगा और सदस्य देशों के बीच संयुक्त रूप से विकसित उपकरणों, रणनीतियों और प्रणालियों का मूल्यांकन करेगा। प्रतिभागियों में सामरिक टीमों, त्वरित हस्तक्षेप यूनिटों, संचार, नागरिक सुरक्षा, और विस्फोटक आयुध नियंत्रण टीमों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा गठबंधन (वर्ष 2017 में शुरू किया गया) अबू धाबी में संगठित, अंतर्राष्ट्रीय और चरमपंथी अपराध का सामना करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय कार्यबल है।

4. अमेरिका ने **बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी** (BLA) को एक आतंकवादी संगठन घोषित किया, यह **बलूचिस्तान** प्रांत में पाकिस्तानी शासन से लड़ने वाला संगठन है।

नोट: BLA एक सशस्त्र अलगाववादी समूह है जो मुख्य रूप से पाकिस्तान के बलूचिस्तान क्षेत्र में सुरक्षा बलों और नागरिकों को निशाना बनाता है। अमेरिकी विभाग ने अमेरिका में किसी के लिए भी BLA आतंकवादियों की सहायता करने को अपराध की संज्ञा दी है और उनकी अमेरिकी संपत्ति जब्त करने को कहा है। अमेरिका ने बेरूत स्थित आतंकवादी समूह की खुफिया इकाई के प्रमुख हुसैन अली हज़ीमा की हिजबुल्लाह को भी प्रतिबंधित किया है।

5. भारत ने वर्ष 2019 में **संयुक्त राष्ट्र फिलिस्तीन शरणार्थी एजेंसी** में 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान देने का वचन दिया।

नोट: भारतीय सरकार हर वर्ष **भारतीय प्राविधिक एवं आर्थिक सहयोग कार्यक्रम** के अंतर्गत 150 फिलिस्तीनी पेशेवरों की सहायता कर रही है। फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए नियर ईस्ट में संयुक्त राष्ट्र राहत एवं निर्माण कार्य एजेंसी (UNRWA) (दिसंबर, 1949 में बनाया गया)

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

एक राहत एवं **मानव विकास एजेंसी** है जो **5 मिलियन** से अधिक पंजीकृत फिलिस्तीनी शरणार्थियों की सहायता करती है। UNRWA एकमात्र ऐसी संयुक्त राष्ट्र एजेंसी है जो एक विशिष्ट क्षेत्र या संघर्षरत शरणार्थियों की मदद करने के लिए समर्पित है और UNHCR से पृथक है।

6. भारतीय रुपया अब **दुबई हवाई अड्डे** पर स्थित सभी खुदरा दुकानों पर एक स्वीकृत मुद्रा होगी।
नोट: दुबई एयरपोर्ट के स्टोर 100, 200, 500 और 2000 सहित विभिन्न मूल्यवर्ग के नोट स्वीकार करेंगे। इस कदम से भारतीय रुपये दुबई के हवाई अड्डों पर स्वीकार की जाने वाली 16वीं अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा हो गई है।

7. **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष** (IMF) ने नकदी-तंगी की मार झेल रहे पाकिस्तान को **6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण** प्रदान किया।
नोट: अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के कार्यकारी बोर्ड ने नकदी-तंगी की मार झेल रहे पाकिस्तान को तीन वर्ष की अवधि के लिए **6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण** प्रदान किया है। ऋण की धनराशि से पाकिस्तान की आर्थिक योजना को सहायता मिलेगी जिसका उद्देश्य देश की नाजुक अर्थव्यवस्था में दीर्घकालिक विकास को वापस लाना और जीवन स्तर में सुधार करना है। 6 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता में 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तत्काल अदायगी शामिल है, जिससे पाकिस्तान को भुगतान संतुलन के संकट से निपटने में मदद मिलेगी। जबकि, शेष धनराशि योजना अवधि में चरणबद्ध तरीके से प्रदान की जाएगी।

8. गूगल, अमेजन और फेसबुक जैसी दिग्गज इंटरनेट कंपनियों पर एक लघु नवीन कर (pioneering tax) को **फ्रांस ने** मंजूरी दी।
नोट: फ्रांस की सरकार को उम्मीद है कि अन्य देश इस प्रस्ताव का अनुसरण करेंगे। इस विधेयक में 750 मिलियन यूरो से अधिक के वैश्विक राजस्व की दशा में डिजिटल कंपनियों के फ्रांसीसी राजस्व पर 3 प्रतिशत कर लगाने का अनुमान है। वर्तमान में, दिग्गज कंपनियां फ्रांस जैसे उन देशों में कोई कर नहीं देती हैं, जहां उनकी अधिक बिक्री होती है। नेशनल असेंबली द्वारा मंजूर किया गया विधेयक अगले सप्ताह सीनेट भेजा जाएगा, जहां इसे अंतिम मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

9. इटली की उत्तर-पूर्वी **कोनेग्लियानो और वाल्डोब्बियाडेन पहाड़ियों** (विश्व प्रसिद्ध स्पार्कलिंग वाइन प्रोसेक्को का मूल स्थान) को **यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में** शामिल किया गया।
नोट: यह क्षेत्र इटली का 55वां विश्व धरोहर स्थल बन गया। इस परिदृश्य की विशेषता क्रमागत ढलवां पहाड़ियां, सिओनी - संकीर्ण घास की मेड़ों पर अंगूर की बेलों के छोटे क्षेत्र - वन, छोटे गांव और खेत हैं। एक **विश्व धरोहर स्थल** एक ऐसी स्थल सीमा या क्षेत्र है जिसे संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक या किसी अन्य प्रकार के महत्व के रूप में चुना जाता है, और इसे अंतर्राष्ट्रीय संधियों द्वारा कानूनी रूप से संरक्षित किया जाता है। ऐसे क्षेत्रों को मानवता के सामूहिक हितों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।

10. नवीनतम **हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2019** के अनुसार शीर्ष देश **जापान और सिंगापुर है।**
नोट: भारत को 58 के मोबिलिटी स्कोर के साथ इस सूचकांक में **86वें स्थान** पर रखा गया है। अफगानिस्तान को एक बार फिर सूचकांक द्वारा दुनिया में **न्यूनतम शक्तिशाली पासपोर्ट** का स्थान दिया गया है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स (HPI) में, कितने अन्य क्षेत्रों में 'बिना वीजा के' पहुंचा जा सकता है, इसके अनुसार पासपोर्ट को रैंक प्रदान की जाती है। इस सूचकांक में **199 पासपोर्ट** और **227 यात्रा गंतव्य स्थल** शामिल हैं जिनमें लघु राष्ट्र और क्षेत्र शामिल हैं।

11. **विश्व स्वास्थ्य संगठन** (WHO) के दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र में खसरे की बीमारी को जड़ से खत्म करने वाला **पांचवा देश श्रीलंका है।**

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

नोट: इस क्षेत्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाले अन्य देश **भूटान,** मालदीव, DPR कोरिया और तिमोर-लेस्ते हैं। WHO या तो अकेले, या खसरा-रूबेला (MR) या खसरा-कण्ठमाला-रूबेला (MMR) के संयोजन में खसरे के टीके की दो खुराक के साथ सभी बच्चों के लिए टीकाकरण की सिफारिश करता है। WHO के अनुसार, दुनिया भर में खसरे से संबंधित एक-तिहाई मौतें भारत में होती हैं।

12. दूसरी **भारत-रूस सामरिक आर्थिक वार्ता नई दिल्ली में** शुरू हुई।

नोट: यह **राजीव कुमार** (नीति आयोग के उपाध्यक्ष) और **तिमूर मकशिमोव** (रूस के आर्थिक विकास के उप मंत्री) की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। पहली वार्ता नवंबर, **2018 में सेंट पीटर्सबर्ग** में आयोजित की गई थी। बैठक में विकासशील परिवहन अवसंरचना और प्रौद्योगिकी, कृषि और कृषि-प्रसंस्करण क्षेत्र और लघु एवं मध्यम व्यापार सहायता सहित छह मुख्य सहकारिता क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

13. **श्री लंका में** स्थित ऐतिहासिक **कटारगामा मंदिर** में आयोजित वार्षिक महोत्सव में सभी धर्मों के भक्तों ने भाग लिया।

नोट: यह महोत्सव अगले सप्ताह पूर्णिमा की रात को 'वाटर कटिंग' प्रथा के साथ समाप्त होगा। दो सप्ताह तक चलने वाले इस महोत्सव में शामिल होने के लिए हजारों भक्त सैकड़ों किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हैं। इस स्थान का उल्लेख स्कंद पुराण में मिलता है और यह भगवान कार्तिक के सदियों पुराने हिंदू मंदिर के लिए लोकप्रिय है, जिसे स्थानीय रूप से कटारगामा देवियो के रूप में जाना जाता है। कटारगामा (अनेक धर्मों वाला शहर) में मंदिर परिसर के अंदर एक मस्जिद और पास में एक बौद्ध मंदिर है, जिसे श्रीलंका में बौद्ध तीर्थयात्रा के 16 मुख्य स्थानों में से एक माना जाता है।

14. दक्षिण कोरियाई दिग्गज तकनीकी कंपनी **सैमसंग ने** भारत में वित्तीय उत्पादों के लिए Paisabazaar.com के साथ साझेदारी की घोषणा की।

नोट: अब, Paisabazaar.com सैमसंग पे के उपयोगकर्ताओं को उनकी वित्तीय आवश्यकताओं के लिए वन-स्टॉप सॉल्यूशन प्रदान करेगा। उपयोगकर्ता मंच से क्रेडिट कार्ड और व्यक्तिगत ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं।

15. **इंटरनेशनल आर्मी स्काउट मास्टर्स** प्रतियोगिता का पांचवां संस्करण **जैसलमेर सैन्य स्टेशन में** आयोजित किया जा रहा है।

नोट: प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय सैन्य खेलों का एक भाग है और इसमें पांच चरणों की प्रतियोगिताएं शामिल हैं, जो 6 अगस्त, 2019 से 14 अगस्त, 2019 तक राजस्थान के जैसलमेर में 9 दिनों की अवधि में आयोजित की जाएंगी। यह पहली बार है जब भारत को इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी करने और इसमें भाग लेने का अवसर मिला है। भारत सहित भाग लेने वाले आठ देशों की टीमें एक कठिन अभ्यास से गुजरेंगी। अन्य सात देश अर्मेनिया, बेलारूस, चीन, कजाकिस्तान, रूस, उज्बेकिस्तान और जिम्बाब्वे हैं।

16. 14वीं कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ (COP) की मेजबानी **भारत** करेगा ।

नोट: वैश्विक सम्मेलन का आयोजन ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड में किया जाएगा। सम्मेलन में 197 देशों के भाग लेने की उम्मीद है। COP का 14वां सत्र तीन महत्वपूर्ण मुद्दों - मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखे पर विशेष जोर देगा।

17. भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने **लंदन में** आयोजित मीडिया आजादी पर वैश्विक सम्मेलन में भाग लिया।

नोट: यूनाइटेड किंगडम के विदेश सचिव जेरेमी हंट ने लंदन में मीडिया की आजादी पर आयोजित पहले वैश्विक सम्मेलन में घोषणा की। अपनी तरह के इस पहले सम्मेलन में, प्रसार भारती के अध्यक्ष ए. सूर्य प्रकाश, संसद सदस्य स्वपन दास गुप्ता और प्रेस परिषद के सदस्य कंचन गुप्ता ने भी भाग लिया।

18. विश्व के सबसे बड़े गतिशील धातु गुंबद का अनावरण **यूक्रेन में** किया गया।

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

नोट: यूक्रेन के **चेर्नबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र** में नष्ट हुए संयंत्र को ढकने के लिए दुनिया के सबसे बड़ेगतिशील धातु संरचना का पर्दापण किया गया है।
वलोडिमिरज़ेलेंस्की (यूक्रेन के राष्ट्रपति) ने अपने **यूरोपीय सहयोगियों** के साथ मिलकर औपचारिक रूप से एक नए धातु गुंबद का उद्घाटन किया, जिसे **न्यू सेफ कन्फाइनमेंट** कहा गया है। नया सुरक्षित कॉन्फिनेटनेटचेर्नबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र के रिएक्टर नंबर 4 के अवशेषों को ढकेगा जो 26 अप्रैल, 1986 को विस्फोटित होकर जल गया था।

19. वर्ष 2020 से कम **प्रदूषण फैलाने वाली परिवहन योजनाओं** के निधिकरण के लिए फ्रांस के हवाई अड्डों से उड़ने वाली सभी उड़ानों के हवाई जहाज के टिकट पर **18 यूरो** तक का कर **फ्रांस** लगाएगा।
नोट: अप्रैल, **2018 में स्वीडन** में एक ऐसा ही कर लागू किया गया था, जिसने **हवाई यात्रा के दौरान जलवायु** के प्रभाव को कम करने के लिए प्रत्येक टिकट पर 40 यूरो तक का अतिरिक्त शुल्क लगाया था। इसमें आंतरिक और यूरोप के अंदर की उड़ानों पर इकोनॉमी श्रेणी की टिकटों में 1.5 यूरो का कर लगाया गया, तथा यूरोपीय संघ के बाहर की उड़ानों के लिए व्यवसायिक श्रेणी के यात्रियों पर सबसे अधिक शुल्क लागू होगा। नए कर से प्रति वर्ष लगभग 182 मिलियन यूरो प्राप्त होने की उम्मीद है जो हरित परिवहन अवसंरचना में निवेश किए जाएंगे। यह केवल बाहर जाने वाली उड़ानों (देश के अंदर की उड़ानों पर नहीं) पर ही लागू होगा।

20. वर्ष 2015 के परमाणु समझौते के तहत निर्धारित **यूरेनियम संवर्धन सीमा** का उल्लंघन **ईरान ने** किया और यूरोप को जवाबी कार्यवाही करने के विरुद्ध चेतावनी दी।
नोट: ईरान ने वर्ष 2015 के परमाणु समझौते के तहत निर्धारित 3.67 प्रतिशत यूरेनियम संवर्धन की आधिकारिक सीमा को पार कर लिया है। ईरान ने वर्ष 2015 के परमाणु समझौते (आधिकारिक नाम संयुक्त व्यापक कार्यवाही योजना) के कुछ सिद्धांतों का पालन करना बंद कर दिया था। चीन, फ्रांस, जर्मनी, यूरोपीय संघ, ईरान, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका द्वारा हस्ताक्षर किए गए JCPoA समझौते का उद्देश्य ईरान के नागरिक ऊर्जा कार्यक्रम को सीमित करना था।

21. **रूसी अंतरिक्ष एजेंसी 'रॉस्कॉस्मस** ने आकाश सर्वेक्षण उपग्रह स्पेसक्राफ्ट-रॉन्टगन-गामा को अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक लॉन्च किया -- **'Spektr-RG'.**
नोट: यह ब्रह्मांड की बृहत संरचना का पता लगाने और X-Ray खगोल विज्ञान में एक नई मंजिल को चिह्नित करने के लिए आकाश में X-Ray मैपिंग हेतु रॉस्कॉस्मस और जर्मन अंतरिक्ष एजेंसी (DLR) की एक संयुक्त परियोजना है। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी ने लॉन्च पैड से लॉन्च किया गया प्रोटॉन-एम रॉकेट प्रदर्शित किया, जो 'Spektr-RG' उपग्रह ले जा रहा था। उन्नत सुविधाओं से युक्त यह नया स्पेस टेलीस्कोप 'Spektr-R' की जगह लेगा, जिसे "रूसी हबल" के नाम से जाना जाता है, जिस पर जनवरी 2019 में रॉस्कॉस्मस ने नियंत्रण खो दिया था।

22. **गूगल इंडिया** का कार्यक्रम **'इंटरनेट साथी',** जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को इंटरनेट का उपयोग करने में सशक्त बनाना है, अब दो राज्यों **पंजाब और ओडिशा** में शुरू किया गया।
नोट: इसके साथ, यह कार्यक्रम अब 20 राज्यों के 2.6 लाख गांवों तक पहुंच गया है। वर्ष 2015 में टाटा ट्रस्ट्स के साथ एक प्रायोगिक योजना के रूप में शुरू किया गया, 'इंटरनेट साथी' कार्यक्रम महिलाओं को इंटरनेट का उपयोग करने के बारे में शिक्षित करता है। ये महिलाएं इसके बाद अपने समुदाय और पड़ोसी गांवों में अन्य महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान करती हैं।

23. **चीन** ने **हिंद महासागर में** स्थित द्वीपीय राष्ट्र श्रीलंका के साथ अपने गहन सैन्य सहयोग के नवीनतम संकेतों के आधार पर कूटनीतिक दृष्टि से श्रीलंका को एक **युद्धपोत उपहार** में दिया।
नोट: चीन द्वारा भेंट किया गया **युद्धपोत 'P625'** पिछले सप्ताह कोलंबो पहुंचा। टाइप 053 युद्धपोत को

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी में वर्ष 1994 में टोंगलिंग में शामिल किया गया था। इसके अलावा, चीन की रेल इंजन और कोच निर्माता कंपनी ने घोषणा की है कि वह शीघ्र ही श्रीलंका को नए प्रकार की नौ डीजल गाड़ियों का वितरण करेगा।

24. **विश्व स्वास्थ्य संगठन** (WHO) ने **कांगो में 'इबोला संकट'** को अंतर्राष्ट्रीय विषय का सार्वजनिक **स्वास्थ्य आपातकाल** घोषित किया।

नोट: संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी ने रवांडा की सीमा पर उत्तर पूर्वी कांगो के एक प्रमुख क्षेत्र गोमा में वायरस की पुष्टि होने के कुछ दिनों बाद यह घोषणा की। **टेड्रोस अधानोम गेब्रिएसेस** (WHO के महानिदेशक) के अनुसार, यह समूचे विश्व के लिए महामारी पर ध्यान देने समय है और इससे लड़ने के प्रयासों को अधिक तेज करने का आह्वान किया। इतिहास के दूसरे सबसे घातक इबोला प्रकोप में अगस्त से अब तक 1,600 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, जो युद्ध क्षेत्र के रूप में वर्णित क्षेत्र में बढ़ रहा है।

25. भारतीय स्टार्टअप्स को अपना व्यवसाय विकसित करने के लिए अपनी **गो ग्लोबल पहल** का भारत में विस्तार **यूके सरकार ने** किया।

नोट: यह भारत के स्टार्टअप्स की यूके के डिजिटल क्षेत्र के साथ संपर्क बनाने में भी मदद करेगा और यह भविष्य की आर्थिक साझेदारी का मार्ग प्रशस्त करेगा। गो ग्लोबल कार्यक्रम कंपनियों को नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए यूके की कंपनियों के साथ काम करके स्टार्ट-अप का समर्थन करने वाली एक नवाचार योजना है।

26. राष्ट्रपति **राम नाथ कोविंद** ने तीन पश्चिम अफ्रीकी देशों की एक सप्ताह लंबी यात्रा किये-- **बेनिन, गाम्बिया और गिनी।**

नोट: अफ्रीका के साथ भारत के राजनयिक संबंधों में पिछले पांच वर्षों में एक अद्वितीय परिवर्तन हुआ है। भारत के राष्ट्र प्रमुख का पश्चिम अफ्रीका के तीनों देशों के लिए यह पहला उच्च-स्तरीय दौरा होगा।

27. नेपाल के प्रधान मंत्री **के.पी. शर्मा ओली** ने **'भारत-नेपाल लॉजिस्टिक समिट'** का उद्घाटन **काठमांडू में** किया।

नोट: शिखर सम्मेलन का विषय 'Transforming Logistics Landscape' था। उन्होंने भारत और नेपाल के बीच निर्विघ्न और गुणवत्तापूर्ण लॉजिस्टिक पर विशेष जोर दिया। नेपाल और भारत के बीच व्यापार, निवेश, पर्यटन और लोगों की आवाजाही अधिक मात्रा में होती है, जिसके लिए आसान पारगमन सुविधाओं सहित सुगम और गुणवत्तापूर्ण लॉजिस्टिक बहुत आवश्यक है।

28. **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** दक्षिण अफ्रीकी देश **मोजांबिक** की तीन दिवसीय यात्रा पर गए थे।

नोट: भारत कई क्षेत्रों में नियमित अनुबंध और सहयोग बढ़ाकर मोजांबिक के साथ एक मजबूत द्विपक्षीय संबंध विकसित कर रहा है। श्री सिंह अपनी यात्रा के दौरान मोजांबिक के राष्ट्रपति, रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और आंतरिक मंत्री के साथ वार्ता करेंगे। रक्षा मंत्री की यात्रा के दौरान, भारत मोजाम्बिक को दो इंटरसेप्टर नौकाएं और 44 SUV भी प्रदान करेगा।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. ITBP की उप महानिरीक्षक (DIG) जो उत्तरी अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी **माउंट देनाली** को फतह करने वाली पहली लोक सेवक **अपर्णा कुमार** बनीं।

नोट: वर्तमान में, सुश्री कुमार देहरादून में ITBP उत्तरी सीमा के DIG के रूप में तैनात हैं। वह दक्षिण ध्रुव अभियान को सफलतापूर्वक पूरा करने वाली पहली

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

महिला IPS DIG और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) की अधिकारी बनीं।

2. **IIT कानपुर** द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित भारत के मुख्य राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच -- **पुलेला गोपीचंद।**
नोट: उन्होंने इसरो के **पूर्व अध्यक्ष** और **IIT कानपुर** के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष प्रोफेसर के. राधाकृष्णन से सम्मान प्राप्त किया। पूर्व राष्ट्रपति **ए.पी.जे. अब्दुल कलाम** और पूर्व प्रधानमंत्री **मनमोहन सिंह** सम्मान प्राप्त करने वाले अन्य व्यक्ति हैं।
3. मरणोपरांत **'नारद सम्मान -2019'** से **अच्युतानंद साहू (डीडी न्यूज के कैमरामैन) को** सम्मानित किया गया।
नोट: स्वर्गीय साहू पिछले वर्ष अक्टूबर में कर्तव्य का निर्वाह करते समय छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में हुए नक्सली हमले में शहीद हो गए थे। गोली लगने के बाद भी, अच्युतानंद ने अनुकरणीय साहस दिखाया और पत्रकारिता में नए मानक स्थापित किए। वर्ष **2019 का नारद सम्मान कुल नौ श्रेणियों** में दिया गया।
4. सामाजिक विकास में **कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी** (CSR) निधि के उपयोग के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार हेतु चुनी गई ओडिशा स्थित नवरत्न कंपनी **नेशनल एल्युमीनियम कंपनी (NALCO) है।**
नोट: NALCO ने **BPL परिवारों की लड़कियों** की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए **'बेटी बचाओ बेटी पढाओ'** (वर्ष 2015 से) योजना की तर्ज पर "अलियाली झिया" नामक एक नई योजना शुरू की है। इस योजना के तहत, कंपनी द्वारा अनुगुल और कोरापुट जिले के अनुगुल, दमनजोड़ी और पोटांगी क्षेत्र के **66 गांवों** के **BPL परिवारों** की **416 लड़कियों** को गोद लिया गया है। कंपनी **कक्षा 8 से कक्षा 10** तक शिक्षा और **प्रतिभा संवर्धन** के लिए सभी खर्च वहन कर रही है।
5. ब्रैंडज़ी की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2019 के **100 सबसे मूल्यवान वैश्विक ब्रांडों में शीर्ष स्थान अमेजन ने** हासिल किया।
नोट: अमेजन का ब्रांड मूल्य वर्ष 2019 में 52% की वृद्धि के साथ 315,505 मिलियन अमेरिकी डॉलर (वर्ष 2018 में 207,594 मिलियन अमेरिकी डॉलर) हो गया। दूसरे स्थान पर एप्पल और उसके बाद तीसरे स्थान पर गूगल है। तीन भारतीय कंपनियों (HDFC बैंक -60वें, LIC -68वें और TCS -97वें) ने रैंकिंग में स्थान हासिल किया। दुनिया के सबसे मूल्यवान ब्रांडों की BrandZ रैंकिंग WPP की अन्वेषण शाखा द्वारा संकलित की गई है।
6. भारतीय फिल्म **गली बॉय को** दक्षिण कोरिया में सर्वश्रेष्ठ एशियाई फिल्म के लिए **NETPAC (द नेटवर्क फॉर द प्रमोशन ऑफ एशियन सिनेमा) अवार्ड** से सम्मानित किया गया।
नोट: फिल्म 'गली बॉय' का **निर्देशन जोया अख्तर** ने किया है (14 फरवरी, 2019 को रिलीज हुई)। 'गली बॉय' मुंबई के **स्ट्रीट रैपर्स विवियन फर्नांडिज़ उर्फ डिवाइन** और नावेद शेख (उर्फ नाइजी) के जीवन से प्रेरित है। BIFAN पूर्वी एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के एशियाई सिनेमा पर केंद्रित एक अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (वर्ष 1997 में स्थापित) है। NETPAC (वर्ष 1990 में स्थापित) 29 सदस्य देशों का एक **एशियाई फिल्म सांस्कृतिक संगठन** है जिसमें आलोचक, फिल्म निर्माता, वितरक और प्रदर्शक, महोत्सव, आयोजक और निरीक्षक और फिल्म शिक्षाविशारद शामिल हैं।
7. वर्ष 2019 की **185 मिलियन अमेरिकी डॉलर** से अधिक अनुमानित कमाई के साथ सर्वाधिक वेतनभोगी सेलिब्रिटी के रूप में उभर कर सामने आने वाली गायिका **टेलर स्विफ्ट है।**
नोट: वर्ष 2016 के बाद यह दूसरी बार है जब स्विफ्ट ने सभी हस्तियों को पीछे छोड़ा है, वह सूची में अन्य को दो बार पछाड़ने वाली पहली संगीत कलाकार हैं। स्विफ्ट का 2018 **'रेपुटेशन' टूर 266.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर** से अधिक के संग्रह के साथ अमेरिकी इतिहास में सर्वाधिक कमाई वाला टूर बन गया। सूची में शामिल अन्य हस्तियों में काइली जेनर 170 मिलियन

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

अमेरिकी डॉलर की अनुमानित आय के साथ दूसरे स्थान पर हैं और कान्ये वेस्ट **150 मिलियन अमेरिकी डॉलर** से अधिक कमाई के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

8. निर्देशक **कौशिक गांगुली** के बंगाली फिल्म **नगरकीर्तन को** कोलंबो में आयोजित सार्क महोत्सव के 9वें संस्करण में 'सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म', 'सर्वश्रेष्ठ निर्देशक', 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेता' और 'बेस्ट ओरिजनल स्कोर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
नोट: नगरकीर्तन एक ट्रांसवुमन और एक बांसुरीवादक की प्रेम कहानी है। 'ना बोले वो हराम' (नवोदित निर्देशक नितीश पाटनकर की 20 मिनट की फिल्म) को 'बेस्ट शॉर्ट फिल्म' का पुरस्कार मिला, जबकि प्रवीण मोर्चले की 'वॉकिंग विद द विंड' को निर्देशन और कहानी के लिए स्पेशल जूरी अवार्ड मिला।

9. वार्षिक इंडियन ऑयल स्पोर्ट्स कॉनक्लेव में **स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर** शरत कमल को चुना गया।
नोट: अन्य नामित खिलाड़ी क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा, ग्रैंडमास्टर बी. अधिबान, हॉकी खिलाड़ी सिमरनजीत सिंह और टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा थे। शरत कमल भारत के तमिलनाडु राज्य से एक पेशेवर टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं। हाल ही में उन्हें चौथा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म श्री प्रदान किया गया है। शरत कमल, कमलेश मेहता (आठ बार नेशनल चैंपियन) का रिकॉर्ड तोड़कर नौ बार सीनियर नेशनल चैंपियन बनने वाले पहले भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं।

10. वर्ष 2018 के **संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार** के लिए **44 कलाकारों** का चयन किया गया।
नोट: जाकिर हुसैन (तबला वादक), **सोनल मानसिंह** (नृत्यांगना), **जतिन गोस्वामी** (नृतक और कोरियोग्राफर) और **के. कल्याणसुंदरम पिल्लई** (भरतनाट्यम के प्रतिपादक) को अकादमी रत्न श्रेणी में चुना गया। दीवान सिंह बाजेली और पुरु दधीच को प्रदर्शन कला में समग्र योगदान/छात्रवृत्ति के क्षेत्र में अकादमी पुरस्कार 2018 के लिए चुना गया। **संगीत नाटक अकादमी** (वर्ष 1952 से) संस्कृति मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्था है। अकादेमी फेलो सम्मान में 3,00,000 रुपये का नकद पुरस्कार और अकादमी पुरस्कार में 1,00,000 रुपये के अलावा एक ताम्रपत्र और अंगवस्त्र दिया जाता है।

11. खेल एवं युवा मामलों के मंत्री ने **अर्जुन पुरस्कार** से **रोहन बोपन्ना और स्मृति मंधाना को** सम्मानित किया।
नोट: रोहन बोपन्ना ने एशियाई खेल 2018 में टेनिस में **पुरुषों की युगल श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता** था। **स्मृति मंधाना** वर्ष 2018 की ICC महिला खिलाड़ी थीं। पुरस्कार में **500,000 रुपये** का नकद पुरस्कार, अर्जुन की एक कांस्य प्रतिमा और एक स्क्रॉल दिया जाता है।
अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के चलते देश से बाहर होने के कारण दोनों को पिछले वर्ष (25 सितंबर, 2018) को राष्ट्रपति भवन में आयोजित पुरस्कार समारोह के दौरान अर्जुन पुरस्कार नहीं मिला था। अर्जुन पुरस्कार (1961 में प्रारंभ) खेल मामलों में उत्कृष्ट उपलब्धि को सम्मानित करने के लिए भारत सरकार के युवा एवं खेल मामलों के मंत्रालय द्वारा प्रदान किए जाते हैं।

12. **ला ट्रोब यूनिवर्सिटी** द्वारा **डॉक्टरेट की मानद उपाधि से** शाहरुख खान को सम्मानित किया जाएगा।
नोट: बॉलीवुड के सुपरस्टार **शाहरुख खान** (53-वर्षीय) को **ला ट्रोब यूनिवर्सिटी** द्वारा बुंडूरा स्थित मेलबर्न परिसर में 9 अगस्त को **डॉक्टरेट की मानद उपाधि** से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार **मीर फाउंडेशन** के माध्यम से वंचित बच्चों, महिला सशक्तिकरण की दिशा में उनके योगदान के लिए प्रदान किया जा रहा है। ला ट्रोब यूनिवर्सिटी खान को मानद उपाधि, डॉक्टर ऑफ लेटर्स (मानद) से सम्मानित करने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई यूनिवर्सिटी है।

13. पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन (PATA) गोल्ड अवार्ड, 2019 **फाइन्ड द इनक्रेडेबल यू' अभियान ने** हासिल किया ।
नोट: अभियान डिजिटल और सोशल मीडिया तथा देश के प्रमुख पर्यटन उत्पादों के प्रोत्साहन पर केंद्रित है। अभियान ने **"मार्केटिंग - प्राइमरी गवर्नमेंट डेस्टिनेशन"**

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

श्रेणी के तहत पुरस्कार जीता। 2.0 अभियान के भाग के रूप में, मंत्रालय द्वारा पांच नए टेलीविजन विज्ञापनों तैयार किए गए थे, जिन्हें टेलीविजन और सोशल मीडिया पर वैश्विक स्तर पर प्रसारित किया गया था। अभियानों को अलग ऊंचाई पर ले जाने के लिए, सितंबर 2017 में 'अतुल्य भारत 2.0' (इनक्रेडेबल इंडिया 2.0) अभियान शुरू किया गया था।

14. भारतीय बॉडी बिल्डर **रविंदर कुमार मलिक** ने **मिस्टर साउथ एशिया** का खिताब जीता।
नोट: उन्होंने नेपाल के काठमांडू में आयोजित 12वीं साउथ एशियन बॉडीबिल्डिंग और फिजिक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में ओवरऑल चैंपियन का ताज अपने नाम किया। 80 किलो वर्ग के विजेता मलिक को नौ सीनियर पुरुष भार वर्ग के विजेताओं में सर्वश्रेष्ठ बॉडी बिल्डर चुना गया। नेपाल बॉडीबिल्डिंग और फिटनेस एसोसिएशन के तत्वावधान में दक्षिण एशियाई बॉडीबिल्डिंग और फिजिक स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित चैंपियनशिप में कुल 91 बॉडी बिल्डरों ने भाग लिया था।

15. भारत के बल्लेबाजी **आइकन** और दिग्गज **दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज** जिन्हें **अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के हॉल ऑफ फेम** में शामिल किया गया -- **सचिन तेंदुलकर और एलन डोनाल्ड।**
नोट: दो बार की विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर **कैथरीन फिट्जपैट्रिक** को भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के **हॉल ऑफ फेम** में शामिल किया गया। सचिन तेंदुलकर (नवंबर 2013 में सन्यास) के सभी प्रारूपों में कुल 34,357 रन हैं और वह अपने करियर में 100 अंतर्राष्ट्रीय शतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। एलन डोनाल्ड क्रिकेट के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक है जिन्होंने वर्ष 2003 में सन्यास लेने से पहले क्रिकेट में 330 टेस्ट और 272 एकदिवसीय विकेट लिए थे। **ICC क्रिकेट हॉल ऑफ फेम** क्रिकेट में लंबे और शानदार इतिहास रखने वाले खेल के दिग्गजों की उपलब्धियों को सम्मानित करता है।

16. भारत के **सर्वोच्च न्यायालय** ने खतरनाक दर से **लुप्त होने की कगार** पर पहुंचने वाली किन दो भारतीय पक्षियों की प्रजातियों के संरक्षण के लिए तत्काल प्रभाव से आपातकालीन योजना तैयार करने और लागू करने हेतु एक तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया -- **ग्रेट इंडियन बस्टर्ड और लेसर फ्लोरिकन।**

17. **अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन** में शामिल होने वाला **76वां हस्ताक्षरकर्ता** देश **पलाऊ** है।
नोट: संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) के अनुसार, **संगठन का उद्देश्य वर्ष 2030** तक 1,000 से अधिक गीगावाट सौर ऊर्जा प्रदान करना और **1,000 बिलियन अमेरिकी डॉलर** से अधिक धनराशि सौर ऊर्जा में इस्तेमाल करना है। **अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन** (ISA) 121 सौर संसाधन संपन्न देशों का एक समूह है, जिसका मुख्यालय भारत के गुरुग्राम में है।

18. प्रख्यात गायिका **एस. सौम्या को** संगीत अकादमी के **संगीत कलानिधि पुरस्कार** के लिए चुना गया है।
नोट: उन्हें **12 दिसंबर 2019** से 1 जनवरी, 2020 के बीच आयोजित होने वाले अकादमी के **93वें वार्षिक सम्मेलन** में सम्मानित किया जाएगा। संगीता कला आचार्य पुरस्कार गायिका **सीता नारायणन** और **एम.एस. शीला** को दिया जाएगा। संगीत कलानिधि **मद्रास संगीत अकादमी** द्वारा एक **कर्नाटक संगीतज्ञ** को वार्षिक रूप से प्रदान किया जाता है।

19. मोहन बागान रत्न से **केशव दत्त और प्रसून बनर्जी को** सम्मानित किया गया।
नोट: मोहन बागान तेज गेंदबाज **मोहम्मद शमी** को भी सम्मानित करेगा, जबकि **अशोक चटर्जी** को **लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार** दिया जाएगा। मोहन बागान **सौरव गांगुली,** चूनी गोस्वामी, **डॉ. वेस पेस,** प्रसेनजीत चटर्जी और **देब शंकर हलदर** को **लाइफ मेंबरशिप** भी देगा। देश के सबसे वरिष्ठ जीवित हॉकी ओलंपिक खिलाड़ियों में से **एक, दत्त** (94 वर्षीय) ने 1948 के लंदन खेलों में **राष्ट्रीय जर्सी पहनी**, जहां भारत ने स्वतंत्रता के बाद पहला **स्वर्ण पदक जीता** था, और पूर्व सेंटर **हाफबैक** ने

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

वर्ष 1952 में हेलसिंकी में अपना दूसरा ओलंपिक स्वर्ण जीता था। यह पहली बार है जब **मोहन बागान** की कार्यकारी समिति ने एक गैर-फुटबॉल खिलाड़ी को अपना सर्वोच्च सम्मान प्रदान करने का फैसला किया है।

20. अपने रसगुल्ले पर **भौगोलिक संकेतक रजिस्ट्रार** से बहुप्रतीक्षित स्वामित्व अधिकार **जियोग्राफिकल इंडीकेशन (GI) टैग ओडिशा ने** जीता।

नोट: चेन्नई स्थित **भौगोलिक संकेतक रजिस्ट्रार** ने वस्तु **भौगोलिक संकेतक** (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 के तहत मिष्ठान्न को **'ओडिशा रसगुल्ला'** के रूप में पंजीकृत करते हुए स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी किया। यह प्रमाणपत्र **22 फरवरी, 2028** तक मान्य होगा। **ओडिशा** और **पश्चिम बंगाल** दोनों रसगुल्ले की उत्पत्ति के लिए मुकाबला कर रहे हैं और पश्चिम बंगाल को वर्ष 2017 में **"बांग्ला रसगुल्ला"** के लिए **GI टैग** मिला था।

21. प्रख्यात भारतीय रेत कलाकार **पद्मश्री सुदर्शन पटनायक को** अमेरिका में बोस्टन इंटरनेशनल सैंड आर्ट चैंपियनशिप में **पीपुल्स च्वाइस अवॉर्ड** दिया गया।

नोट: श्री पटनायक बोस्टन में **2019 रिवीर बीच इंटरनेशनल सैंड स्कल्पचिंग फेस्टिवल** में भाग लेने के लिए दुनिया भर से चुने गए 15 शीर्ष रेत कलाकारों में शामिल थे। श्री पटनायक (महोत्सव में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए) ने **'स्टॉप प्लास्टिक पॉल्यूशन, सेव अवर ओशन'** के संदेश के साथ **प्लास्टिक प्रदूषण** पर अपनी रेत कला के लिए पुरस्कार जीता।

खेल समाचार

1. प्रतिष्ठित टेनिस चैंपियनशिप **'विंबलडन 2019'** (133वां संस्करण) **लंदन, यू.के में** हुई।

नोट: प्रमुख ग्रास कोर्ट चैंयिनशिप विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप **'ऑस्ट्रेलियन ओपन'** और **'फ्रेंच ओपन'** के बाद वर्ष का तीसरा ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट है। स्विटजरलैंड के खिलाड़ी रोजर फेडरर लगातार अपना **21वां विंबलडन** खेलेंगे। 2019 विंबलडन चैंपियनशिप एक ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट है जो यूनाइटेड किंगडम के लंदन स्थित विंबलडन में ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस एंड क्रोकेट क्लब में आयोजित हुई।

2. भारतीय पेशेवर मुक्केबाज **वैभव यादव ने** थाईलैंड के पट्टाया में विश्व मुक्केबाजी परिषद (WBC) एशिया के **सिल्वर वेल्टरवेट चैंपियन** बने।

नोट: उन्होंने थाईलैंड के फाहपेच सिंगमानास्साक को हराया। मुक्केबाजी का आयोजन एशियाई मुक्केबाजी परिषद द्वारा किया गया था और यह WBC द्वारा अनुमोदित थी।

3. भारत के **वीर चोटरानी** ने **मकाऊ, चीन में** आयोजित **एशियाई जूनियर चैंपियनशिप** में अंडर -19 स्क्वैश खिताब में स्वर्ण पदक जीता।

नोट: वीर चोटरानी ने यश फडते को हराया। इस जीत के साथ, वीर, रवि दीक्षित और वेला सेंथिलकुमार के बाद एशियाई ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे भारतीय बन गए। अन्य दो फाइनल में, लड़कों की अंडर -17 श्रेणी में नील जोशी और लड़कियों की अंडर -15 श्रेणी में युवना गुप्ता के माध्यम से भारत ने दो रजत पदक हासिल किए। भारत ने एक स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदक के साथ टूर्नामेंट पूरा किया।

4. लगातार दूसरे वर्ष **ऑस्ट्रियाई ग्रैंड प्रिक्स मैक्स वेर्स्टाप्पेन ने** जीती।

नोट: रेस समाप्त होने के तीन घंटे बाद जीत की पुष्टि की गई, रेस समाप्त होने बाद यह जांच की जा रही थी कि वेर्स्टाप्पेन ने लेक्लर्क को गलत तरीके से ट्रैक से बाहर किया था या नहीं। रेड बुल रेसिंग RB15 में मैक्स वेर्स्टाप्पेन की जीत वर्ष 2006 के हंगरी ग्रैंड प्रिक्स में जेन्सन बटन के बाद से होंडा द्वारा संचालित F1 कार की पहली जीत थी। वह वर्ष 2019 में रेस जीतने वाले पहले गैर-मर्सिडीज चालक भी बन गए। वह पूर्व फॉर्मूला वन ड्राइवर 'जॉस वेर्स्टाप्पेन' के पुत्र हैं।

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

5. ओडिशा सरकार **कटक में** स्थित जवाहरलाल इंडोर स्टेडियम में **21वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप** की मेजबानी करेगी।
नोट: इस चैंपियनशिप में दुनिया भर के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भाग लेंगे। खेल सचिव विशाल देव और TTFI के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस.एन. सुल्तान और OSTTA के अध्यक्ष एल.एन. गुप्ता ने **मुख्य मंत्री नवीन पटनायक** की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस टूर्नामेंट में भारत, सिंगापुर, मलेशिया, बांग्लादेश, श्रीलंका, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स, जर्सी, ऑस्ट्रेलिया, साइप्रस, दक्षिण अफ्रीका, नाइजीरिया, पाकिस्तान सहित 14 संघ भाग लेंगे।
6. भारतीय क्रिकेट टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज **अंबाती रायडू** ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया।
नोट: अंबाती रायुडू विश्व कप के लिए भारत की आधिकारिक अतिरिक्त सूची में थे, लेकिन उन्हें दो बार अनदेखा किया गया। रायडू ने भारत के लिए 55 एकदिवसीय मैच खेले, जिसमें उन्होंने 47.05 के औसत से 1694 रन बनाए। हालांकि उन्होंने कोई टेस्ट मैच नहीं खेला। अंबाती थिरुपथी रायुडू दाएं हाथ के मध्य क्रम के बल्लेबाज के रूप में खेले, जिन्होंने समय-समय पर दाएं हाथ से ऑफ ब्रेक गेंदबाजी करके विकेट भी लिए।
7. नीदरलैंड के विंगर खिलाड़ी **अर्जेन रॉबेन** ने जर्मन फुटबॉल क्लब बेयर्न म्यूनिख के साथ 10 वर्ष तक खेलने के बाद फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की।
नोट: उन्होंने नीदरलैंड्स के लिए 96 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले, जिसमें उन्होंने 37 गोल किए। रियल मैड्रिड से वर्ष 2009 में बेयर्न में शामिल हुए रॉबेन ने बवेरियन पावरहाउस क्लब के लिए 309 प्रतियोगी मैच खेले, जिसमें 144 गोल में योगदान दिया और 81 गोल किए।
8. भारतीय धावक **हिमा दास ने** पोलैंड में आयोजित **पॉज्नैन एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स** में महिलाओं की **200 मीटर का स्वर्ण पदक** जीता।
नोट: राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गोलाफेंक खिलाड़ी **तजिंदर पाल सिंह तूर** ने पुरुषों के गोला फेंक में 19.62 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हुए **कांस्य पदक** जीता। हिमा दास 400 मीटर में विश्व जूनियर चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं, उन्होंने 200 मीटर में स्वर्ण जीतने के लिए 23.65 सेकंड का समय लिया।
9. पाकिस्तान के बल्लेबाज **शोएब मलिक ने** एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने की पुष्टि की।
नोट: वह ट्वेंटी-20 प्रारूप खेलना जारी रखेंगे, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि अपने एकदिवसीय करियर को समाप्त करना एक भावनात्मक क्षण था। उन्होंने 287 एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले और नौ शतक के साथ 7,534 रन बनाए। उनका अंतिम मैच 16 जून को मैनचेस्टर में भारत के खिलाफ था, जिसमें उनकी टीम की हार हुई थी।
10. कोपा अमेरिका 2019 का खिताब **ब्राजील ने** जीता।
नोट: ब्राजील ने पेरू को 3-1 से हराकर वर्ष 2007 के बाद अपना पहला **कोपा अमेरिका** खिताब जीता। 2019 कोपा अमेरिका (46वां संस्करण) दक्षिण अमेरिका की फुटबॉल संस्था CONMEBOL द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पुरुष संघ फुटबॉल चैम्पियनशिप थी।
11. भारतीय पहलवान **विनेश फोगाट** (53 किलोग्राम वर्ग) और **दिव्या काकरन** (68 किलोग्राम वर्ग) ने **स्पेन** ग्रैंड प्रिक्स में स्वर्ण पदक जीता।
नोट: फाइनल में नीदरलैंड की प्रतिद्वंद्वी जेसिका ब्लास्का से बेहतर प्रदर्शन करने से पहले विनेश ने पेरू की जस्टिना बेनिट्स और रूस की नीना मिंकेनोवा को आसानी से पराजित किया। अन्य विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता पूजा ढांडा (57 किग्रा), सीमा (50 किग्रा), मंजू कुमारी (59 किग्रा) और किरण (76 किग्रा) ने रजत पदक जीता। टीम चैंपियनशिप में रूस (165 अंक) के बाद 130 अंकों के साथ भारत दूसरे स्थान पर रहा।
12. भारतीय खिलाड़ी **पारुपल्ली कश्यप ने कनाडा ओपन** के पुरुष एकल के खिताबी मुकाबले में **ली शी फेंग** (चीन) से हार गए।
नोट: कश्यप ने कैलगरी में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में ताइवान के वांग त्ज़ु-वेई को हराकर फाइनल में प्रवेश

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

किया था। दूसरे सेमीफाइनल में फेंग ने जापान के कोकी वतनबे को हराया था। 2019 कनाडा ओपन (या, योनेक्स कनाडा ओपन 2019) एक बैडमिंटन टूर्नामेंट है जो कनाडा के मार्किन-मैकफेल सेंटर में (2-7 जुलाई 2019) आयोजित हुआ था। यह टूर्नामेंट बैडमिंटन अल्बर्टा द्वारा आयोजित किया जाता है और BWF तथा बैडमिंटन कनाडा द्वारा स्वीकृति प्राप्त है।

13. नॉर्वे के **शतरंज ग्रैंडमास्टर मैग्नस कार्लसन** ने 8/11 अंक हासिल करते हुए मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव (फ्रांस) को हराकर **क्रोएशिया ग्रैंड चेस टूर** का खिताब जीता।
नोट: विश्व चैंपियन कार्लसन ने लगातार अपना आठवां टूर्नामेंट जीता और 90,000 डॉलर की पुरस्कार राशि अर्जित की। उन्होंने 2943 का स्कोर किया और 2882 अंकों के साथ अपनी उच्चतम रेटिंग हासिल की। भारत के विश्वनाथन आनंद 4.5 अंकों के साथ 11वें स्थान पर रहे।

14. **भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड** (BCCI) ने पूर्व क्रिकेटर **राहुल द्रविड़** को **राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी** (NCA) का प्रमुख नियुक्त किया।
नोट: द्रविड़ अकादमी में मेंटरिंग, कोचिंग, ट्रेनिंग कराएंगे और खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी कर्मचारियों को प्रोत्साहित करेंगे। द्रविड़ NCA की क्रिकेट संबंधी सभी गतिविधियों की देखरेख करेंगे और भारत की अंडर -19 एवं भारत A टीम के मुख्य कोच रहेंगे। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (वर्ष 2000 में स्थापित) युवा क्रिकेटरों को प्रशिक्षित करने के लिए भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (BCCI) का एक क्रिकेट प्रशिक्षण संस्थान है।

15. भारतीय कप्तान **सुनील छेत्री** ने **AIFF पुरुष फुटबॉलर ऑफ द ईयर** 2018-19 पुरस्कार जीता।
नोट: सुनील छेत्री वर्ष 2007, 2011, 2013, 2014 और 2017 में प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार पहले ही जीत चुके हैं। वर्तमान में, छेत्री इंडियन सुपर लीग (ISL) में बेंगलुरु FC की ओर से खेलते हैं।

16. भारत के मिडफील्डर **अब्दुल समद को** AIFF इमर्जिंग मेन्स प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया।

17. शीर्ष भारतीय महिला फ़ुटबॉलर **आशालता देवी ने** महिला फुटबॉलर ऑफ़ द ईयर का पुरस्कार जीता।
नोट: AIFF **प्लेयर ऑफ द ईयर** एक वार्षिक फुटबॉल एसोसिएशन पुरस्कार है जो पिछले वर्ष (2018-19 सत्र) के दौरान भारत के **सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर** को दिया गया। यह वर्ष 1992 से अखिल भारतीय फुटबॉल संघ द्वारा प्रदान किया जाता है।

18. **खेलो इंडिया** योजना के तहत सहायता के लिए कुल **2,437 खेल** प्रतिभाओं की पहचान की गई है।
नोट: इस योजना के तहत, सरकार **आठ वर्ष** की अवधि के लिए प्रतिवर्ष लगभग **पांच लाख रुपये** की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। हमारे देश में खेले जाने वाले सभी खेलों के लिए एक मजबूत ढांचे का निर्माण करने और भारत को महान खेल राष्ट्र के रूप में स्थापित करके भारत में बुनियादी स्तर पर खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करने हेतु खेलो इंडिया कार्यक्रम शुरू किया गया है।

19. भारत की धाविका **दुती चंद ने** इटली के नेपोली में आयोजित वर्ल्ड यूनिवर्सिया प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।
नोट: उसने दौड़ में शुरू से अंत तक आगे रहकर इसे 11.32 सेकेंड में पूरा किया। स्विट्जरलैंड की डेल पोंटे ने रजत जीता, जबकि जर्मनी की लिसा केवी ने कांस्य पदक जीता। स्वर्ण पदक के साथ, **दुती प्रतियोगिता** में प्रतिष्ठित **पीली धातु** जीतने वीली पहली भारतीय महिला ट्रैक और फील्ड एथलीट बन गई हैं।

20. **विश्व युवा कप** की अंडर -12 ग्रुप श्रेणी में रजत पदक **अरिंजीता डे ने** जीता।
नोट: यह टूर्नामेंट क्रोएशिया के उमाग में आयोजित किया गया था और इस प्रतियोगिता में कुल 35 देशों ने भाग लिया था। इस टूर्नामेंट का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ से संबद्ध वर्ल्ड कराटे फेडरेशन द्वारा किया गया था।

21. **2019 फीफा महिला विश्व कप** हासिल करने वाली महिला फुटबॉल टीम -- **अमेरिका।**
नोट: यह अमेरिका का रिकॉर्ड चौथा खिताब (1991, 1999, 2015 और 2019) है। अन्य खिताब विजेताओं में

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

जर्मनी (दो खिताब); और जापान तथा नॉर्वे (एक-एक खिताब) हैं। फीफा महिला विश्व कप एक अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता है जो फुटबॉल की अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन संस्था 'फीफा' के सदस्य देशों की वरिष्ठ महिला राष्ट्रीय टीमों में बीच आयोजित होती है।

22. ब्रिटिश रेसिंग ड्राइवर **लुईस हैमिल्टन जीता** ने अपनी **छठी ब्रिटिश ग्रैंड प्रिक्स** जीती।

नोट: हैमिल्टन के मर्सिडीज टीम के साथी **वाल्टेरी बोटास** जीत के बेहद करीब थे, लेकिन एक **सुरक्षा कार** के बीच में आने से **हैमिल्टन को जीत हासिल** करने में सहायता मिली। **बोटास** को पोल पोजीशन से शुरुआती बढ़त मिली थी और उसने शुरुआती **लैप्स में हैमिल्टन** को कड़ी चुनौती दी। **हैमिल्टन** बाद में किसी तरह रेस में आगे निकलने में कामयाब रहे और वहां से उन्होंने **रेस में नियंत्रण हासिल** कर लिया। 2019 **ब्रिटिश ग्रैंड प्रिक्स यूनाइटेड किंगडम** के सिल्वरस्टोन स्थित सिल्वरस्टोन सर्किट में आयोजित एक फॉर्मूला वन मोटर रेस थी।

23. क्लीन एंड जर्क श्रेणी में नया राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड **प्रदीप सिंह ने** बनाया।

नोट: भारतीय भारोत्तोलकों द्वारा एपिया (सामोआ) में जारी **राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप** में प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए भारत के **प्रदीप सिंह** ने स्वर्ण पदक जीतने की राह में **क्लीन एंड जर्क श्रेणी में एक नया राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड** बनाया। प्रदीप ने क्लीन एंड जर्क प्रतिस्पर्धा में 202 किग्रा वजन उठाकर रिकॉर्ड कायम किया। 148 किग्रा के उनके पिछले सफल प्रयास ने उनका कुल योग 350 किग्रा पहुंचा दिया।

24. भारत की शीर्ष पहलवान **विनेश फोगाट** ने इस्तांबुल में आयोजित **यासर डोगू इंटरनेशनल** में 53 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

नोट: फोगाट ने फाइनल मुकाबले में अपनी रूसी प्रतिद्वंद्वी एकातेरिना पोलेशचुक को 9-5 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। सीमा (50 किग्रा) और मंजू (59 किग्रा) की

- **गोल्डन बूट** (सर्वाधिक गोल): मेगन रेपीनो (6 गोल)
- **गोल्डन बॉल** (समग्र रूप से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी): मेगन रेपीनो (अमेरिका)
- **गोल्डन ग्लव** (सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर): सारी वैन वेनेंडल (नीदरलैंड)

अपने-अपने वर्ग में जीत के बाद भारत के लिए महिलाओं की प्रतियोगिता में यह तीसरा स्वर्ण था।

25. भारतीय मुक्केबाज **विजेंदर सिंह** ने **अमेरिका के नेवार्क में अमेरिकी प्रोफेशनल सर्किट** में अपने पदार्पण के समय माइक स्नाइडर पर एक **तकनीकी नॉकआउट** जीत हासिल की।

नोट: विजेंदर सिंह ने **चार राउंड में मैच जीतकर** सर्किट में अपनी लगातार 11वीं जीत हासिल की। यह विजेंदर की **आठवीं नाकआउट** जीत थी। हॉल ऑफ **फेमर बॉब अरुम की टॉप रैंक प्रमोशन** में शामिल होने के बाद **विजेंदर इस वर्ष दो** और मुकाबलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

26. ओलंपिक रजत पदक विजेता **आमिर खान** ने **WBC अंतर्राष्ट्रीय वेल्टरवेट खिताब** जीता।

नोट: उन्होंने सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित सुपर बॉक्सिंग लीग में अपने मुक्केबाजी मुकाबले के चौथे राउंड में ऑस्ट्रेलिया के बिली डिब को नॉक आउट किया। वह एक ब्रिटिश पेशेवर मुक्केबाज हैं, जो 17 वर्षीय की आयु में वर्ष 2004 के ओलंपिक में लाइटवेट डिवीजन में रजत पदक जीतने वाले ब्रिटेन के सबसे युवा मुक्केबाज भी थे।

27. भारत के **पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज किरण मोरे को** सीनियर **अमेरिकी क्रिकेट टीम का अंतरिम कोच** नियुक्त किया गया।

नोट: वह मुख्य कोच **पुबुदु दस्सानायके** (जुलाई 2019 में इस्तीफा दिया) की जगह लेंगे। अमेरिकी क्रिकेट ने **सुनील जोशी** (भारत के पूर्व स्पिनर) को **स्पिन गेंदबाजी सलाहकार**, और **प्रवीण आमरे** तथा **किरन पॉवेल** को बल्लेबाजी के लिए सलाहकार नियुक्त किया है।

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

28. ओडिशा के **राज्यपाल गणेशी लाल** ने **कटक में** स्थित **जवाहरलाल इंडोर स्टेडियम** में **राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप** के 21वें संस्करण की शुरुआत की।

नोट: इस प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, साइप्रस, इंग्लैंड, मलेशिया, भारत, श्रीलंका, नाइजीरिया, स्कॉटलैंड, दक्षिण अफ्रीका, सिंगापुर और वेल्स के शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे। घाना, गुयाना और पाकिस्तान को 21वें राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप से बाहर कर दिया गया है।

29. भारतीय पुरुष एवं महिला टीमों ने **कटक में** राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप जीती।

नोट: भारत की महिला टीम ने फाइनल में इंग्लैंड को 3-0 से हराकर अपना पहला राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप खिताब जीता। पुरुष टीम को फाइनल में इंग्लैंड के सामने कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम ने इतिहास में पहली बार राष्ट्रमंडल खेल में स्वर्ण पदक जीता।

30. एशियाई खेलों की मिश्रित रिले दौड़ स्पर्धा में भारत का रजत पदक **स्वर्ण पदक** में परिवर्तित किया जाएगा।

नोट: भारत एशियाई खेलों की 4x400 मिश्रित रिले दौड़ का स्वर्ण पदक प्राप्त करने की कगार पर है, क्योंकि बहरीन की केमी एडेकोया, जो स्वर्ण जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं, पर डोप परीक्षण में विफल रहने के लिए चार वर्ष का प्रतिबंध लगाया गया है। पिछले वर्ष जकार्ता में संपन्न हुए एशियाई खेलों में मोहम्मद अनस, हिमा दास, अरोकिया राजीव और एम.आर. पूवम्मा की मिश्रित रिले टीम द्वारा जीता गया रजत पदक स्वर्ण में तब्दील किया जाना तय है। एथलेटिक्स इंटिग्रिटी यूनिट ने कहा कि 24 अगस्त, 2018 से 26 नवंबर, 2018 के बीच एडोकोया के परिणाम अयोग्य घोषित होंगे।

31. भारतीय धाविका **हिमा दास** ने चेक गणराज्य के नोवे मेस्टो में **400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक** जीता।

नोट: यह 2 जुलाई के बाद हिमा का **पांचवां स्वर्ण पदक** था जब उसने यूरोप में अपनी पहली प्रतिस्पर्धी दौड़ पूरी की। हिमा इस महीने की शुरुआत में पोलैंड में पॉज्नैन एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स और कुटनो एथलेटिक्स मीट की 200 मीटर दौड़ में पहले ही स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। उन्होंने 200 मीटर में अपना तीसरा स्वर्ण क्लाडनो एथलेटिक्स मीट में और चौथा स्वर्ण चेक गणराज्य में ताबोर एथलेटिक्स मीट में जीता।

32. जापान की **अकाने यामागुची** ने **जकार्ता में** आयोजित **इंडोनेशिया ओपन BWF टूर सुपर 1000 टूर्नामेंट** जीता।

नोट: उन्होंने भारत की **पी.वी. सिंधु** को 21-15, 21-16 से हराकर खिताब जीता। **पी.वी. सिंधु** इसके बाद **जापान ओपन** (जुलाई में) और थाईलैंड ओपन (अगस्त में) BWF चैंपियनशिप में नजर आएंगी। **2019 इंडोनेशिया ओपन** 2019 BWF वर्ल्ड टूर का 14वां टूर्नामेंट था और यह इंडोनेशिया ओपन चैंपियनशिप का भी हिस्सा था।

33. भारत के अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में एकमात्र गोल से ताजिकिस्तान को हराकर **2019 इंटरकांटिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट** (दूसरा संस्करण) **उत्तर कोरिया ने** जीता।

नोट: प्रतियोगिता में उत्तर कोरिया (विश्व में 122वें स्थान पर), ताजिकिस्तान (120वें), भारत (101वें) और सीरिया (85वें) ने भाग लिया। चैंपियन को 50000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि जबकि उपविजेता को 25000 अमेरिकी डॉलर प्राप्त हुए। 2019 इंटरकांटिनेंटल कप 7 से 19 जुलाई, 2019 के बीच अहमदाबाद के ट्रांस स्टेडिया एरिना में आयोजित हीरो इंटरकांटिनेंटल कप का दूसरा संस्करण था। टूर्नामेंट AIFF द्वारा आयोजित किया गया था।

34. अहमदाबाद में इंटरकांटिनेंटल कप के इतर **अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ** की **गोल्डन बेबी लीग हैंडबुक 2019-20 किरन रिजिजू (खेल मंत्री) ने** लॉन्च की।

नोट: इस लॉन्च ने 'AIFF बेबी लीग' का नाम बदलकर 'AIFF गोल्डन बेबी लीग' कर दिया, जिसमें बालिकाओं और बालकों दोनों के लिए अंडर 6 से अंडर 12 वर्ष की आयु पर जोर दिया जाएगा। यह हैंडबुक गोल्डन बेबी लीग आयोजित करने में हितधारकों की सहायता हेतु एक गाइड है। लीग का उद्देश्य लिंग, धर्म, आर्थिक पृष्ठभूमि या जातीय मूल से परे स्थानीय लोगों को फुटबॉल तक पहुंच प्रदान करना है।

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

35. पूर्व भारतीय एथलीट **पी.टी. उषा को इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन** (IAAF) के **वेटरन पिन अवॉर्ड** के लिए नामित किया गया।
नोट: वह कतर के दोहा में आयोजित होने वाले 52वें IAAF कांग्रेस के उद्घाटन समारोह के दौरान सम्मान प्राप्त करेंगी। उषा का सबसे यादगार प्रदर्शन वर्ष 1984 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में था, जहां वह 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बनीं, लेकिन वह सेकंड के सौवें हिस्से से कांस्य प्राप्त करने से चूक गईं। उन्हें प्राय: **'क्वीन ऑफ इंडियन ट्रैक एंड फील्ड'** कहा जाता है। **इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन** (IAAF) एथलेटिक्स खेल के लिए अंतर्राष्ट्रीय शासी निकाय है।

36. **अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ** (ISSF) ने **ISSF विश्व कप की** मेजबानी करने के भारत के आवेदन को मंजूरी दी।
नोट: विश्व कप का आयोजन नई दिल्ली के तुगलकाबाद स्थित डॉ. कर्णी सिंह रेंज में होगा। (15 से 26 मार्च, 2020 तक) ISSF विश्व कप का पिछला संस्करण जर्मनी के म्यूनिख में आयोजित किया गया था। इस वर्ष फरवरी में, भारत ने एक विश्व कप की मेजबानी की थी, जिसने टोक्यो ओलंपिक के लिए कोटा प्रदान किया।

37. भारत के **सरबजोत सिंह** ने **सुहल, जर्मनी में** आयोजित **ISSF जूनियर विश्व कप** में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता।
नोट: ISSF जूनियर विश्व कप प्रतियोगिता में यह भारत का नौवां स्वर्ण पदक है। अब भारत पदक तालिका में कुल 22 पदकों के साथ नौ स्वर्ण, नौ रजत और चार कांस्य पदक जीतकर शीर्ष पर बना हुआ है। 2019 ISSF जूनियर विश्व कप ISSF जूनियर विश्व कप का वार्षिक संस्करण है, जो अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (ISSF) द्वारा शासित है।

38. पाकिस्तान के पूर्व कप्तान **इंजमाम-उल-हक ने** पाकिस्तान टीम के मुख्य चयनकर्ता का पद छोड़ने का फैसला किया।
नोट: इंजमाम-उल-हक के अनुसार, वह अपने अनुबंध के विस्तार या नवीनीकरण की मांग नहीं करेंगे, जो इस महीने के अंत में समाप्त हो जाएगा। हाल ही में संपन्न हुए ICC क्रिकेट विश्व कप में पाकिस्तान द्वारा नाकआउट के लिए क्वालीफाई करने में असफल होने के बाद इंजमाम की कड़ी आलोचना हुई थी। **पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड** (PCB) पाकिस्तान राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के सभी टूर और मैचों को नियंत्रित और आयोजित करता है।

39. **अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद** (ICC) ने **जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड** को वैश्विक संस्था के संविधान के उल्लंघन के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।
नोट: जिम्बाब्वे बोर्ड के वर्तमान निर्वाचित सदस्यों को सरकारी एजेंसी स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशन कमेटी (SRC) द्वारा निलंबित कर दिया गया था जो ICC के संविधान की प्रासंगिक धाराओं का उल्लंघन था। निलंबन के फलस्वरूप, जिम्बाब्वे क्रिकेट को मिलने वाला ICC फंड रोक दिया जाएगा और जिम्बाब्वे की प्रतिनिधि टीम को किसी भी ICC प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। क्रोएशिया, मोरक्को और जाम्बिया क्रिकेट संघ को भी गैर-अनुपालन के लिए निलंबित किया गया।

40. भारतीय निशानेबाज **अनीश भानवाला ने** जर्मनी के सुहल में आयोजित **ISSF जूनियर विश्व कप** में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया।
नोट: भारत ने अब तक टूर्नामेंट में आठ स्वर्ण, सात रजत और तीन कांस्य पदक जीत चुका है। भारतीय निशानेबाज आदर्श सिंह 17 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहे। 2019 ISSF जूनियर विश्व कप ISSF जूनियर विश्व कप का वार्षिक संस्करण है, जो अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (ISSF) द्वारा शासित किया जाता है।

41. दिल्ली के शतरंज खिलाड़ी **प्रिथू गुप्ता** भारत के 64वें ग्रैंडमास्टर बने।
नोट: गुप्ता ने 15 वर्ष, 4 महीने और 10 दिन की आयु में शानदार उपलब्धि हासिल की। गुप्ता ने पिछले वर्ष जिब्राल्टर मास्टर्स में अपनी पहली ग्रैंडमास्टर कसौटी को पार किया, इसके बाद उसी वर्ष बील मास्टर्स में दूसरी

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

कसौटी पार की। ग्रैंडमास्टर (GM) **विश्व शतरंज संगठन FIDE** द्वारा शतरंज खिलाड़ियों को दिया जाने वाला एक खिताब है।

42. भारत की लंबी दूरी की धाविका **संजीवनी यादव को** डोपिंग रोधी मामले के उल्लंघन हेतु IAAF की एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (AIU) द्वारा **दो वर्ष के लिए निलंबित** किया गया।

नोट: संजीवनी यादव नवंबर 2018 में डोप टेस्ट में असफल हो गई थीं, जब नेशनल इंटर-स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान लिए गए उनके नमूने में प्रोबेनेसिड नामक मास्किंग एजेंट पाया गया था। अंतर्राष्ट्रीय महासंघ की डोपिंग प्रतिरोधी संस्था के अनुसार, एथलीट ने अपना पहला उल्लंघन स्वीकार किया है, जिसके फलस्वरूप 29 जून, 2018 के बाद के सभी परिणामों में उन्हें अयोग्य करार दिया गया। निलंबन की अवधि भी 29 जून, 2018 से शुरू होगी।

43. आयरलैंड के खिलाड़ी **शेन लॉरी ने** ब्रिटिश ओपन गोल्फ जीता।

नोट: शेन लॉरी, पैडरेग हैरिंगटन के बाद एक प्रमुख खिताब जीतने वाले आयरलैंड गणराज्य से दूसरे खिलाड़ी बन गए। वर्ष 2019 ओपन चैंपियनशिप उत्तरी आयरलैंड के काउंटी एंट्रीम में रॉयल पोर्ट्रश गोल्फ क्लब में खेली गई 148वीं ओपन चैंपियनशिप थी।

44. कजाकिस्तान के अस्ताना में आयोजित **प्रेसीडेंट कप** मुक्केबाजी टूर्नामेंट में 63 किग्रा वर्ग में भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता **शिव थापा है।**

नोट: चार बार के एशियाई पदक विजेता **शिव थापा** कजाकिस्तान के अस्ताना में आयोजित **प्रेसीडेंट कप** मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता बने। महिला मुक्केबाज **परवीन** (60 किग्रा) अपने अंतिम मैच में रिम्मा वोलोसेंको से हार गईं और उन्होंने रजत पदक प्राप्त किया।

45. ब्रिटेन के तैराक **एडम पीटी ने** दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की **100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक** में अपना विश्व रिकॉर्ड तोड़ा।

नोट: एडम पीटी (24 वर्षीय) ने 56.88 सेकंड में सेमीफाइनल जीतने के बाद पिछले वर्ष यूरोपीय चैंपियनशिप में बनाए गए रिकॉर्ड (57.10 सेकंड) को तोड़ दिया। अब, एडम पीटी ने इस प्रतिस्पर्धा को इतिहास में किसी अन्य की तुलना में 1.4 सेकंड तेज तैरकर पार किया।

46. **महाराष्ट्र खेल विभाग** ने शीर्ष निशानेबाज **राही सरनोबत को** एक करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि मांगी।

नोट: पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले से आने वाली सरनोबत ने अगले वर्ष के टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के अनुसार, वही खिलाड़ी धनराशि की मांग कर सकते हैं, जो 15 वर्षों से महाराष्ट्र के निवासी हैं और उन्होंने एक जूनियर या सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कम से कम एक पदक जीता हो।

47. कोलकाता में आयोजित छठे बंगाल ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट में क्रमशः पुरुष और महिला खिताब **अभय सिंह और तन्वी खन्ना ने** जीता।

नोट: सिंह ने शीर्ष वरीयता प्राप्त अभिषेक प्रधान को 11-6 11-6 11-4 से हराया, जबकि तन्वी ने तमिलनाडु की अपराजिता बालमुरुकन को 11-7 11-6 5-11 13-11 से हराया। इससे पहले, अंडर -15 श्रेणी में एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जिसमें पांचवीं वरीयता प्राप्त तमिलनाडु की शमीना रियाज़ ने महाराष्ट्र की शीर्ष वरीयता प्राप्त सोनिया बजाज को 9-11 11-7 11-5 7-11 11-8 से हराया।

48. श्रीलंका के शीर्ष तेज गेंदबाज **लसिथ मलिंगा** ने एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया।

नोट: मलिंगा मुरलीधरन और चामिंडा वास के बाद द्वीपीय देश के सर्वाधिक विकेट लेने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। उन्होंने श्रीलंका के लिए 225 एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 335 विकेट लिए हैं। उन्होंने तीन एकदिवसीय हैट्रिक भी ली हैं और वह विश्व कप के दौरान दो बार यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं।

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

49. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के अंतर्गत **इंडियन क्रिकेटर्स एसोसिएशन (ICA)** को औपचारिक तौर पर **भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI)** ने मंजूरी दी।

नोट: भारत के पूर्व क्रिकेटर **कपिल देव**, **अजित अगारकर** और **शांता रंगास्वामी** ICA के निदेशक हैं और वे चुनाव होने तक अपना पद संभालेंगे। ICA फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल क्रिकेटर्स एसोसिएशन (FICA) से संबद्ध नहीं है और यह केवल अन्य देशों में खिलाड़ियों के संघों के विपरीत, केवल पूर्व पुरुष एवं महिला क्रिकेटरों के लिए है।

50. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष ने **एहसान मणि को** ICC की प्रभावशाली वित्त एवं वाणिज्यिक मामलों की समिति का प्रमुख नियुक्त किया गया।

नोट: F & CA समिति ICC को सभी वित्तीय और वाणिज्यिक मामलों के संबंध में इसके उत्तरदायित्वों के निर्वहन में सहायता करती है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) में 104 क्रिकेट खेलने वाले देश हैं, जिसमें 11 पूर्णकालिक सदस्य और शेष सहयोगी सदस्य हैं।

51. भारतीय फुटबॉल टीम फीफा में दो स्थान खिसक कर **103वें** स्थान पर चली गई।

नोट: पिछले महीने जारी किए गए चार्ट में पांच अंकों की गिरावट के साथ भारत के पास 1214 रैंकिंग अंक हैं। भारतीय टीम अब एशियाई देशों में 18वें स्थान पर है। ईरान (23वां) एशियाई देशों में शीर्ष पर है, उसके बाद जापान (33वें), कोरिया (37वें), ऑस्ट्रेलिया (46वें) और कतर (62वें) हैं। चार्ट में बेल्जियम शीर्ष पर है, जिसके बाद ब्राजील, फ्रांस, इंग्लैंड और उरुग्वे हैं।

52. **गोवा** सरकार ने कहा कि वह इस वर्ष नवंबर में **36वें राष्ट्रीय खेलों** की मेजबानी करने में सक्षम नहीं है।

नोट: गोवा सरकार ने **भारतीय ओलंपिक संघ (IOA)** से मई, 2020 में नई तारीखें आवंटित करने का अनुरोध किया है। हाल ही में, IOA ने गोवा सरकार पर पिछले चार वर्षों में खेलों की मेजबानी की समय सीमा से बार-बार चूकने के लिए जुर्माना लगाया था। राष्ट्रीय खेल पहले मार्च-अप्रैल 2019 में होने वाले थे, लेकिन लोकसभा चुनाव के कारण नवंबर के लिए स्थगित कर दिए गए।

53. पाकिस्तानी तेज गेंदबाज **मोहम्मद आमिर** ने अपने टेस्ट करियर को अलविदा कहा।

नोट: आमिर ने जुलाई 2009 में श्रीलंका के खिलाफ गाले में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और उन्होंने 36 टेस्ट मैचों में 30.47 की औसत से 119 विकेट लिए। जुलाई 2019 में, उन्हें यूरो T-20 स्लैम क्रिकेट टूर्नामेंट के शुरुआती संस्करण में डबलिन चीफ की ओर से खेलने के लिए चुना गया था।

54. **भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड** (BCCI) ने आधिकारिक रूप से **बायजू (BYJU'S) को टीम इंडिया का नया प्रायोजक** चुना।

नोट: BYJU'S (बेंगलुरु स्थित ऑनलाइन ट्यूटोरियल कंपनी) ओप्पो के स्थान पर प्रायोजकता ग्रहण करेगी। अब, BYJU'S सितंबर 2019 से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में भारतीय टीम की जर्सी पर देखा जाएगा। ओप्पो ने मार्च 2017 में 1079 करोड़ रुपये की बोली लगाकर भारतीय टीम के प्रायोजकता अधिकार हासिल किए थे।

55. इंडोनेशिया के लाबुआन बाजो में आयोजित **23वें प्रेसीडेंट कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट** में एक-एक स्वर्ण किसने जीता____**मैरी कॉम और सिमरनजीत कौर।**

नोट: ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मैरी कॉम ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की एप्रिल फ्रैंक्स को 5-0 से हराया। सिमरनजीत कौर ने इंडोनेशिया की एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता हसना हुसवातुन को अंतिम मुकाबले में 5-0 से हराया। इसके साथ, भारतीय मुक्केबाजों ने टूर्नामेंट में अपना अभियान नौ पदक के साथ पूरा किया।

56. 65 किलोग्राम वर्ग में भारत की **विश्व चैंपियनशिप** टीम में जगह **बजरंग पुनिया ने** सुनिश्चित की।

नोट: पुनिया का जन्म भारत के हरियाणा राज्य के झज्जर जिले के खुदान गांव में हुआ था।

57. खेल मंत्री किरण रिजिजू ने नई दिल्ली में विशेष ओलंपिक मशाल प्राप्त की -- **फ्लेम ऑफ होप।**

नोट: सिंगापुर से दिल्ली की यात्रा के बाद 'फ्लेम ऑफ होप' नई दिल्ली पहुंची। चैंपियनशिप 3 से 6 अगस्त, 2019 तक चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

आयोजित की जाएगी। 'फ्लेम ऑफ होप' दुनिया भर के समुदायों को एकजुट करने के लिए शौर्य और विविधता के उत्सव का प्रतीक है।

58. रेड बुल के ड्राइवर **मैक्स वेर्स्टाप्पेन ने** जर्मनी के हॉकेनहाइम में वर्षा से प्रभावित **जर्मन ग्रैंड प्रिक्स** जीती।

नोट: चार बार के पूर्व चैंपियन फेरारी ड्राइवर सेबेस्टियन वेटल पीछे से शुरुआत करने के बाद दूसरे स्थान पर रहे। रूस के डैनील केवयत ने टोरो रोसो के लिए तीसरा स्थान हासिल किया और उसके बाद कनाडा के लांस स्ट्रोल रेसिंग प्वाइंट के लिए चौथे स्थान पर रहे। 2019 जर्मन ग्रैंड प्रिक्स एक फॉर्मूला वन मोटर रेस थी जो 28 जुलाई, 2019 को जर्मनी के हॉकेनहाइम रिंग में आयोजित की गई थी।

59. भारतीय टेस्ट टीम के सलामी बल्लेबाज **पृथ्वी शॉ** को भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (BCCI) ने डोपिंग उल्लंघन के आरोप में **15 नवंबर 2019 तक** के लिए निलंबित किया।

नोट: BCCI की एक विज्ञप्ति के अनुसार, शॉ ने अनजाने में एक निषिद्ध पदार्थ का सेवन किया था, जो आमतौर पर खांसी के सिरप में पाया जाता है। शॉ ने इंदौर में 22 फरवरी, 2019 को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच के दौरान BCCI के डोपिंग रोधी परीक्षण कार्यक्रम के एक भाग के रूप में मूत्र का नमूना दिया था। पृथ्वी शॉ टेस्ट शतक बनाने वाले तेंदुलकर के बाद दूसरे सबसे युवा भारतीय और टेस्ट पदार्पण मैच में ऐसा करने वाले सबसे युवा भारतीय हैं।

60. 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' का तीसरा संस्करण **गुवाहाटी में** आयोजित किया जाएगा।

नोट: इसमें 10,000 से अधिक एथलीट और अधिकारी भाग लेंगे। इसका आयोजन भारतीय ओलंपिक संघ, स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और मेजबान राज्य के रूप में असम के साथ किया जाएगा। प्रथम संस्करण नई दिल्ली में आयोजित किया गया था, जबकि पुणे ने इस वर्ष दूसरे संस्करण की मेजबानी की थी।**खेलो इंडिया यूथ गेम्स** (KIYG) भारत में राष्ट्रीय स्तर के बहु-विषयी खेल हैं, जिन्हें दो श्रेणियों- अंडर-17 वर्ष के स्कूली छात्र और अंडर -21 वर्ष के कॉलेज छात्र के लिए आयोजित किए जाते हैं।

61. अमेरिकी धाविका **दलिलाह मुहम्मद** ने अमेरिकी चैंपियनशिप में **400 मीटर बाधा दौड़ का विश्व रिकॉर्ड** तोड़ा।

नोट: उन्होंने यह उपलब्धि हासिल करने के लिए चैंपियनशिप के अंतिम दिन 52.20 सेकंड का समय लिया। ओलंपिक चैंपियन दलिलाह मुहम्मद रूस की यूलिया पिकोन्किना से 0.14 सेकंड तेज थे, जिन्होंने 3 अगस्त, 2003 को पिछला विश्व रिकॉर्ड (52.34 सेकेंड) बनाया था।

62. भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (BCCI) से **चंडीगढ़** संबद्धता प्राप्त की।

नोट: यह बात यूनियन टेरेटरी क्रिकेट एसोसिएशन (UTCA) के अध्यक्ष संजय टंडन ने कही। इससे पहले, BCCI ने चंडीगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन (पंजाब) और चंडीगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन (हरियाणा) का UTCA में विलय करने और चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक एकीकृत संस्था बनाने को कहा था।

63. पहली ICC विश्व टेस्ट चैंपियनशिप **दो वर्ष** के तक खेली जाएगी।

नोट: विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में विश्व की शीर्ष नौ टेस्ट टीमें शामिल होंगी जो 27 श्रृंखलाओं में 71 टेस्ट मैचों में मुकाबला लेंगी। फिर वर्ष 2021 में यूनाइटेड किंगडम में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में दो शीर्ष टीमें आपस में मुकाबला करेंगीं। ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और वेस्ट इंडीज नौ टीमें हैं जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान के लिए संघर्ष करेंगी।

64. सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी जिन्होंने 2019 विंबलडन खिताब **नोवाक जोकोविच ने** जीता।

नोट: नोवाक जोकोविच ने फाइनल मैच में स्विटजरलैंड के टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर को 7-6, 1-6, 7-6, 4-6, 13-12 से हराया। मैच का फैसला पांचवें सेट में हुआ, क्योंकि फेडरर और जोकोविच दोनों ने अब तक खेले गए

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

सबसे लंबे फाइनल में दो-दो सेट जीते थे।यह जोकोविच का 16वां ग्रैंड स्लैम और 5वां विंबलडन खिताब है।सिमोना हालेप (रोमानिया) ने फाइनल मैच में सेरेना विलियम्स को 6-2, 6-2 से हराकर वर्ष 2019 का विंबलडन महिला खिताब जीता।

2019 विंबलडन चैंपियनशिप विजेताओं की सूची:

क्रमांक	श्रेणी	विजेता
1.	पुरुष एकल	नोवाक जोकोविच (सर्बिया)
2.	महिला एकल	सिमोना हालेप (रोमानिया)
3.	पुरुष युगल	जुआन सेबेस्टियन काबेल (कोलंबिया) और रॉबर्ट फराह (कोलंबिया)
4.	महिला युगल	एस.डब्ल्यू. सीह (ताइवान) और बी. स्ट्रीकोवा (चेक गणराज्य)
5.	मिश्रित युगल	आई. डोडिग (क्रोएशिया) और एल. चैन (ताइवान)

65. लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में ICC क्रिकेट विश्व कप 2019 की ट्रॉफी **इंग्लैंड ने** जीता।

नोट: इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को एक बेहद रोमांचक फाइनल में हराया जिसका परिणाम एक नाटकीय सुपर ओवर के माध्यम से तय किया गया। टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 50 ओवरों में आठ विकेट पर 241 रन बनाए। जवाब में, इंग्लैंड की पारी समान रन स्कोर पर समाप्त हो गई, जिससे लॉर्ड्स में खेला गया मैच सुपर ओवर में चला गया। सुपर ओवर में, इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी की और बेन स्टोक्स तथा जोस बटलर की जोड़ी ने 15 रन बनाए, और न्यूजीलैंड ने भी समान स्कोर बनाया, लेकिन एक विकेट के नुकसान पर चौके/छक्कों की गिनती के आधार पर इंग्लैंड को विजेता घोषित किया गया। ICC क्रिकेट विश्व कप (13वां संस्करण) भारत में 9 फरवरी से 26 मार्च, 2023 तक आयोजित किया जाएगा।

ICC विश्व कप 2019 के शीर्ष पुरस्कार

क्रमांक	पुरस्कार	खिलाड़ी/टीम
1.	विजेता	इंग्लैंड (पहली बार)
2.	उप-विजेता	न्यूजीलैंड
3.	गोल्डेन बैट (सर्वाधिक रन)	रोहित शर्मा (भारत), 648 रन
4.	गोल्डेन बॉल (सर्वाधिक विकेट)	मिचेल स्टार्क (ऑस्ट्रेलिया), 27 विकेट
5.	मैन ऑफ द मैच	बेन स्टोक्स (इंग्लैंड)
6.	मैन ऑफ द टूर्नामेंट	केन विलियम्सन (न्यूजीलैंड), 578 रन
7.	मेजबान	इंग्लैंड और वेल्स
8.	सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर	डेविड वार्नर (ऑस्ट्रेलिया), 166 रन (बांग्लादेश के खिलाफ)

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

9.	सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े	शाहीन अफरीदी (पाकिस्तान), 35-6 (बांग्लादेश के खिलाफ)
10.	सर्वाधिक छक्के	इयॉन मॉर्गन (इंग्लैंड), 22 छक्के

----------0----------

उड़ान UPPSC Prelims A 65-Day Course to Clear GS Paper START FREE TRIAL

UPSC & State PCS Exams

IAS, UPPSC, RAS, MPPSC, MPPSC



gradeup

www.gradeup.co